सुप्रभात
रांची, सोमवार
02.09.2024
** नगर संस्करण। पेज :12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भादो, कृष्ण पक्ष, अमवस्या, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 54





टाइपकास्ट होने की फिक्र नहीं : सारा खान




## न्यूज डायरी

### 14 सितंबर तक फ्री में आधार कार्ड करें अपडेट

**नयी दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने फ्री में आधार कार्ड अपडेट करने की आखिरी तारीख 14 सितंबर 2024 तक बढ़ा दी है। यूजर्स इस तारीख तक ऑनलाइन फ्री में आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके बाद आधार में अपडेट कराने के लिए शुल्क देना होगा। हालांकि अभी भी ऑफलाइन आधार कार्ड अपडेट करने के लिए आपको अपडेशन फीस देनी पड़ेगी।

### पलामू में बैंक अधिकारी के घर 20 लाख की चोरी

**पलामू।** मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के रजवाडीह में बैंक अधिकारी वीरेंद्र पांडे के घर से शनिवार रात 10 लाख रुपये नकदी और 10 लाख रुपये के आभूषणों की चोरी हो गई। बताया जाता है कि वारदात के समय घर के मालिक वीरेंद्र पांडे अपने पुत्र राजीव रंजन पांडे के पास छत्तीसगढ़ गए थे।

### लातेहार में हथियार के साथ नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मनिका थाना क्षेत्र के पसंगन गांव में छापामारी कर हथियार के साथ नक्सली उपेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली के पास से पुलिस ने एक राइफल और गोलियां भी बरामद की है। गिरफ्तार नक्सली उपेंद्र यादव मनिका के पसंगन गांव का है। लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पांच से अधिक हिंसक मामले दर्ज हैं।

### 2300 सफाईकर्मियों की आज से हड़ताल

**रांची।** रांची नगर निगम के 2300 सफाईकर्मी सोमवार से अनिश्चितकालील हड़ताल पर रहेंगे। नगर निगम सफाई मजदूर संघ के अध्यक्ष दयानंद यादव ने कहा कि मजदूर और सुपरवाइजर सफाई के काम में कई वर्षों से लगे हैं, लेकिन हमारे भविष्य को लेकर कोई गंभीर नहीं हैं, जिसके चलते हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है।

### पूर्व मंत्री श्याम रजक जदयू में शामिल

**पटना।** बिहार के पूर्व मंत्री श्याम रजक समर्थकों के साथ जदयू में शामिल हो गए। श्री रजक प्रदेश मुख्यालय में आयोजित समारोह में जदयू में शामिल हुए। मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, मंत्री बिजेंद्र यादव और रत्नेश सदा, प्रदेश जदयू अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा मौजूद थे।

सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर नया ध्वज और प्रतीक चिन्ह जारी

# अदालतों में लंबित मामले कम करना बड़ी चुनौती : राष्ट्रपति

**सम्मेलन संपन्न**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि अदालतों में पड़े हुए लंबित मामलों को कम करना, न्यायपालिका के लिए एक बड़ी चुनौती है। नयी दिल्ली में राष्ट्रीय जिला न्यायपालिका सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सभी हितधारकों को एकजुट होकर लंबित मामलों को कम करने का समाधान तलाशना चाहिए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास किए जाने की जरूरत है। श्रीमति मुर्मू ने भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुप्रीम कोर्ट का झंडा और प्रतीक चिन्ह भी जारी किया।



### देशवासियों के लिए बहुत गौरव का क्षण : कानून मंत्री

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का 75 वर्ष का सफर पूरा करना हम सभी के लिए बहुत गौरव का क्षण है। न्याय प्रणाली का एक अच्छा पारिस्थितिकी तंत्र नागरिकों के लिए उपलब्ध होना चाहिए।

### ब्लैक कोर्ट सिंड्रोम का अध्ययन हो

> न्याय की रक्षा करना सभी न्यायधीशों की जिम्मेदारी

राष्ट्रपति ने कहा कि न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है कि वे न्याय की रक्षा करें। अदालतों में आम लोगों का स्ट्रेस लेवल बढ़ जाता है, जिसे उन्होंने ब्लैक कोर्ट सिंड्रोम का नाम दिया और सुझाव दिया कि इसका अध्ययन होना चाहिए। उन्होंने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में वृद्धि पर खुशी जतायी। कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल भी थे।

### लंबित मामलों को कम करने की योजना तैयार : सीजेआइ चंद्रचूड़

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि गठित समिति ने केस प्रबंधन के माध्यम से लंबित मामलों को कम करने के लिए कुशल कार्य योजना तैयार की है। कार्य योजना के तीन चरणों में पूरी होगी। बैकलॉग से निपटने के लिए कुछ अन्य रणनीतियों में मुकदमे-पूर्व विवाद समाधान शामिल है। उन्होंने कहा कि न्यायालय में चिकित्सा सुविधाएं, क्रेच, ई-सेवा केंद्र और तकनीकी परियोजनाएं खोलने का उद्देश्य सुलभ न्याय तक पहुंच बढ़ाना है।

## समाज में भीड़ तंत्र पैदा हो रहा: जस्टिस ओका

- नेता अपराधियों को फांसी दिलाने का पीड़ितों से करते हैं वादा, जबकि फैसला लेना न्यायपालिका का काम

**पुणे।** सुप्रीम कोर्ट जस्टिस अभय ओका ने रविवार को कहा कि समाज में भीड़ तंत्र पैदा हो रहा है। जब कोई हादसा होता है, तो नेता इसका फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। वे उस जगह जाते हैं और आम जनता से वादा करते हैं कि आरोपी को फांसी की सजा दी जायेगी, लेकिन ये तय करना उनका काम नहीं है। ये फैसला लेने की ताकत सिर्फ न्यायपालिका के पास है। जस्टिस ओका बार काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र की तरफ से पुणे में आयोजित कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने न्यायपालिका की स्वतंत्रता बनाए रखने व त्वरित और न्यायपूर्ण फैसले की अहमियत पर बात रखी। उन्होंने कहा कि कई केस में बेल देने के चलते न्यायपालिका की आलोचना होती है। जस्टिस ओका की टिप्पणी ऐसे समय में आयी है, जब कोलकाता रेप-मर्डर और महाराष्ट्र के बदलापुर में दो स्कूली छात्राओं के यौन शोषण के मामले सामने आने के बाद अपराधियों के लिए कड़ी से कड़ी सजा सुनाए जाने की मांग उठ रही है।

बाबूलाल ने सीएम हेमंत को भेजा सुझाव

## आदिवासी महिलाओं व रिटायर्ड जवानों को शराब दुकानों के लाइसेंस में दें प्राथमिकता

**नयी शराब नीति**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में नयी शराब नीति लागू करने को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर सुझाव दिया। उन्होंने पत्र में कहा कि झारखंड की सामाजिक संरचना में हजारों गरीब, दलित और आदिवासी महिलाएं हैं, जो सड़क किनारे हड़िया, दारू बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि राज्य सरकार देसी-विदेशी शराब दुकानों के लाइसेंस देने में आदिवासी महिलाओं और सेवानिवृत्त जवानों को प्राथमिकता दें। उन्होंने पत्र में लिखा है कि सरकार ऐसी नीति तैयार करे जो अदिवासी महिलाओं के हित में हो।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मरांडी ने पत्र में कहा है कि इससे पहले आपके नेतृत्व में दो बार शराब नीति लागू की जा चुकी है लेकिन वह राज्य हित में नहीं थी। दोनों शराब नीतियां राज्य की जनता के शोषण व सरकारी राजस्व के नुकसान का करण बनी। निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर शराब बेचने के कारण जनता से अवैध वसूली की गयी, जिससे सिर्फ शराब माफिया और दलालों को लाभ हुआ।

### बाबूलाल मरांडी आदिवासी महिलाओं से क्यों बेचवाना चाहते हैं शराब: उत्पाद मंत्री

**रांची।** उत्पाद मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि बाबूलाल मरांडी आखिर आदिवासी महिलाओं को शराब का लाइसेंस क्यों दिलवाना चाहते हैं। वर्तमान में सिर्फ सुझाव मांगे गए हैं और नयी शराब नीति पर अभी तक कोई चर्चा भी नहीं हुई है। यह समय सुझाव देने का नहीं, बल्कि सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर काम करने का है दरअसल, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को मख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर नयी शराब नीति के लिए सुझाव दिया है। इसपर राज्य के उत्पाद मंत्री बैजनाथ राम ने बाबूलाल के सुझाव पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

## केसी त्यागी ने जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से दिया इस्तीफा

**पटना।** जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे के बाद राजीव रंजन प्रसाद को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। पार्टी के महासचिव आफाक अहमद खान ने पत्र जारी कर इस बात की जानकारी दी।

बता दें कि जदयू के अनुभवी नेता केसी त्यागी को मई 2023 में राष्ट्रीय प्रवक्ता के साथ ही विशेष सलाहकार नियुक्त किया गया था। केसी त्यागी पिछले कुछ समय में पार्टी की आधिकारिक लाइन से अलग बयान दे रहे थे। इतना ही नहीं जदयू के एक लंबे समय से प्रमुख चेहरा रहे त्यागी ने कई बार पार्टी नेतृत्व या अन्य वरिष्ठ नेताओं से परामर्श किये बिना ही बयान जारी कर दिया था। इससे पार्टी के भीतर असंतोष की स्थिति हो गयी थी। श्री त्यागी के बयानों के कारण एनडीए के भीतर भी मतभेद होने लगा था। माना जा रहा है कि पार्टी के भीतर उत्पन्न विवाद को कम करने के लिए पार्टी ने त्यागी के इस्तीफे को तुरंत स्वीकार भी कर लिया।

# खूंटी में चार करोड़ का शराब घोटाला!

**करोड़ों की हेराफेरी**

- राशि की रिकवरी के लिए एजेंसी को पत्र लिखा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/खूंटी।** खूंटी में चार करोड़ का शराब घोटाला मामला प्रकाश में आया है। यह खुलासा उत्पाद विभाग ने जांच के दौरान किया है। जांच में खुदरा शराब बेचने वाली एजेंसी ने विगत पांच माह में तीन करोड़, 83 लाख, 18 हजार 795 रुपये की गड़बड़ी की है। उत्पाद विभाग ने जांच के बाद एजेंसी और एजेंसी के जिला को-ऑर्डिनेटर को पत्राचार कर गबन की गयी राशि (₹3 करोड़, 83 लाख, 18 हजार 795) जमा करने का निर्देश दिया है। विभाग ने समय पर राशि जमा नहीं कराने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

**तीन महीने के भीतर करोड़ों की हुई हेराफेरी** : उत्पाद अधीक्षक हर महीने शराब बिक्री का हिसाब कर विभाग को रिपोर्ट भेजते हैं। उत्पाद विभाग की जांच में पता चला है कि हाल के तीन महीने के भीतर एजेंसी के को-ऑर्डिनेटर द्वारा करोड़ों रुपये की हेराफेरी की गई है।

वहीं दूसरी ओर एजेंसी के को-ऑर्डिनेटर ने कहा कि उत्पाद विभाग का पत्र मिला है। शराब बिक्री और खपत से संबंधित ऑडिट चल रहा है। सरकार को फाइनल रिपोर्ट जल्द ही सुपुर्द कर दिया जायेगा।

> जांच रिपोर्ट विभाग को भेज दी गयी है। एजेंसी के को-आर्डिनेटर को गबन की गयी राशि जमा करने का निर्देश दिया गया है। अगर समय पर गबन की राशि जमा नहीं की जाती है तो एजेंसी और को-ऑर्डिनेटर के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की जायेगी।
>
> **मीनाक्षी प्रसाद, जिला उत्पाद अधीक्षक**

## भावपूर्ण श्रद्धांजलि



जन्मतिथि : 03-02-1964

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

जनप्रिय समाजसेवी एवं हमारे पूजनीय पिता

**श्री मन मोहन तिवारी**

जी का दिनांक 22-08-2024 को असामयिक निधन हो गया।
उनके व्यक्तित्व की गरिमा और प्रेमपूर्ण जीवन की यादें हमें सदैव प्रेरित करती रहेंगी।
उनके निधन से परिवार और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।
हमारी प्रार्थना है कि उक्त कार्यक्रम में आप उपस्थित होकर दिवगंत की आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें परम शांति प्रदान करें ।

शोक संतप्त
**अनुराग तिवारी, ऋतिक तिवारी एवं समस्त तिवारी परिवार**

ब्रह्मभोज एवं श्रद्धांजलि सभा
तिथि: 03-09-2024 दिन: मगंलवार
स्थान: तिवारी मैंसन, श्री राम पथ, पांकी रोड रेड़मा, डाल्टनगंज, पलामू, झारखंड

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 67500 | रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 86000 | रु./प्रति किलो |




केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा

## असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लायेगी केंद्र सरकार

- केंद्र सरकार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए बना रही व्यापक नीति
- श्रमिकों का पंजीकरण ई-श्रम पोर्टल पर किया जायेगा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को नयी दिल्ली में गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा पर एक समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत सरकार गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों (असंगठित क्षेत्र के श्रमिक) को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि गिग वर्कर वे लोग होते हैं जो अस्थायी या घंटेवार काम करते हैं। प्लेटफॉर्म वर्कर वे गिग वर्कर होते हैं जो ग्राहकों से जुड़ने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या ऐप का इस्तेमाल करते हैं जैसे, जोमैटो या ब्लिंकिट।



इसमें उन्होंने कहा कि हम उन्हें वह सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक व्यापक रणनीति पर काम कर रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए डॉ. मांडविया ने बताया कि श्रमिकों का पंजीकरण ई-श्रम पोर्टल पर किया जायेगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने सामाजिक सुरक्षा संहिता के महत्व को भी रेखांकित किया, जो पहली बार भारत में गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को परिभाषित करती है।

बैठक में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिव तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना : रास्ते में बना घर नहीं हटा, पुल निर्माण का 4.47 करोड़ बर्बाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** महालेखाकार ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यों की ऑडिट में कई गड़बड़ी पकड़ी है। बिना जमीन अधिग्रहण किए ही सड़क-पुल निर्माण की योजना लेने और इस वजह से करोड़ों की राशि बर्बाद होने पर आपत्ति भी जतायी है.। दरअसल, जांच में यह बात सामने आया कि तत्कालीन ग्रामीण विकास सचिव द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम्य सेतू योजना अंतर्गत साहेबगंज के बरहरवा के आंगलोई एवं बड़ा चांदपुर के मध्य गुमानी नदी के आर-पार उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए 4.25 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति मार्च 2012 में दी गयी थी। जिस पर मुख्य अभियंता स्तर पर तकनीकी स्वीकृति भी दी गयी। इसमें 233 मीटर का पहुंच पथ 124 मीटर आंगलोई की ओर एवं 109 मीटर चांदपुर की ओर शामिल था। नवंबर 2012 में टेंडर करके करीब 4.47 करोड़ का एकरारनामा किया गया। काम भी शुरू हुआ भी पुल भी बना दिया गया। लेकिन 233 मीटर पहुंच पथ के निर्माण के विरूद्ध 90 मीटर ही पहुंच पथ बना।

जिसमें 60 मीटर चांदपुर व 30 मीटर आंगलोई की ओर पहुंच पथ बन पाया। पहुंच पथ बनाने के लिए आवश्यक जमीन जो चाहिए था उसके अधिग्रहण के लिए भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी। बाद में डीसी साहेबगंज की ओर इस योजना की जांच करायी गयी।

यह बात सामने आया कि पहुंच पथ के रास्ते एक घर है, जब तक इसे नहीं हटाया जायेगा तब तक आवागमन वहां सुचारू रूप से चालू नहीं किया जा सकता है। बाद में इसे वहीं बनाकर छोड़ दिया गया।

एजी ने अपनी भौतिक सत्यापन में भी यह बात पाया। अब महालेखाकार कार्यालय का कहना है कि जब पूरी जमीन उपलब्ध नहीं थी, इतनी बड़ी पुल व सड़क निर्माण में कराके व्यर्थ किया गया। इसकी जिम्मेवारी भी तय की जानी है। एजी ने इस पर पूरी रिपोर्ट सरकार से भी मांगी है। ऐसे में पुल व एपोर्च रोड के पूरा नहीं होने की वजह से आंगलोई व चांदपुर निवासियों को कोई फायदा नहीं हुआ।

## उद्योगपति के साथ न्यूड फोटो शूट करा कर वसूल लिये थे फिरौती के 50 लाख



**रांची।** मुंबई महाराष्ट्र के उद्योगपति मेहुल शाह का अपहरण कर फिरौती के रूप में 50 लाख वसूल करनेवाले गिरोह में शामिल एक महिला समेत छह आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने उनलोगों के पास से फिरौती में वसूले गये 50 लाख में से 31 लाख 79 हजार पांच सौ रूपया बरामद किया है। पुलिस ने इनलोगों के पास से एक बेलोनो कार, अलग-अलग कंपनी के चार मोबाइल तथा चाइना लिखा एक पिस्टल जब्त किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि उद्योगपति का अपहरण उन्हीं की कंपनी में काम करनेवाली श्वेतापति ने अपने पति सिद्वार्थ जैफ ने बुलाया था। जब उद्योगपति रांची आया तो उसका हनी ट्रैप कर लिया गया। उसके साथ महिला ने न्यूड फोटो शूट करवाया। न्यूड फोटो को इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी देकर परिजनों से 50 लाख की फिरौती मांगी। परिजनों ने अपहरणकर्ताओं को फिरौती की रकम दे दी, इसके बाद मेहुल शाह को छोड़ दिया गया। रांची आने के बाद मेहुल शाह ने एयरपोर्ट थाने में श्वेतापति, सिद्वार्थ जैफ, विलास मोहन मांजेकर, तौकिर शेख, अभिषेक सिंह, बाबू पिल्लै के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी। एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी के नेतृत्व में हटिया डीएसपी पीके मिश्रा को इस कांड का उदभेदन का जिम्मा दिया गया। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा किया गया।

## चुनाव में जीत की संभावना, संगठन के प्रति निष्ठा होगा टिकट वितरण का प्रमुख आधार : गिरीश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** स्क्रीनींग कमिटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़ानकर ने कहा कि चुनाव में जीत की संभावना,संगठन के प्रति निष्ठा एवं दायित्वों का निर्वहन टिकट वितरण का प्रमुख आधार होगा। गिरीश चोड़ानकर रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।

गिरीश चोड़ानकर ने कहा कि दो दिनों के प्रवास के दौरान प्रारंभिक चरण में सभी जिलों के अध्यक्ष,उम्मीदवारों, वरीय नेताओं से मुलाकात हुई। हम यह समझने का प्रयास कर रहे हैं कि नेताओं कार्यकताओं के मन में क्या है, चुनाव में हमे आगे कैसे बढ़ना है, इस पर मंथन जारी है। हमारा प्रयास रहेगा कि अगले दौर में हम दो-तीन जिलों के कार्यकताओं नेताओं के साथ केंद्रित व्यवस्था कर मुलाकात करें और जिलावर विधानसभा की स्थिति की समीक्षा करें ताकि अधिक से अधिक लोगों का दृष्टिकोण सामने आ सके। हमें पूरा विश्वास है कि यहां की स्थिति के अनुसार सरकार पुनः सत्ता में आएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में आवेदन आए हैं। इससे संगठन की मजबूती स्पष्ट दिखती है।

गिरीश चोड़ानकर ने कहा कि कांग्रेस सामाजिक समीकरणों का पक्षधर रही है और आजादी के समय से ही अपनी नीतियों में इसे आधार बनाकर रखा है। उम्मीदवारों का चयन मुश्किल है क्योंकि साफ दिख रहा है कि प्रत्येक क्षेत्र से मजबूत नेताओं कार्यकताओं ने आवेदन दिया है। लोग इस बात को समझ रहे हैं कि राज्य को अगर विकास के पथ पर आगे ले जाना है तो कांग्रेस और महागठबंधन की सरकार को वापस लाना होगा।

संवाददाता सम्मेलन में स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य श्रीमती पूनम पासवान, प्रकाश जोशी, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सोनाल शांति,जयशंकर पाठक,कमल ठाकुर, शमशेर आलम, ऋषिकेश सिंह भी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### चंपई सोरेन सच में झारखंड के टाइगर हैं: शिवराज

**रांची।** केंद्रीय मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की भाजपा में आने पर फिर एकबार प्रतिक्रिया दी। कहा कि चंपाई सोरेन सच में झारखंड के टाइगर हैं। आंदोलन की भप्ती में तप के निकलें, ऐसे नेता इन्होंने झामुमो को खड़ा किया। अलग झारखंड बनने में भी उनकी अहम भूमिका है। जनता में उनका आदर है वो झारखंड को बचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी में आए हैं। शिवराज ने कहा कि जिस ढंग से विदेशी घुसपैठ के कारण झारखंड तबाह और बर्बाद हो रहा है। बेटियों से शादी करके उनके नाम पर जमीने खरीदी जा रही है। वो चिंतित है, जिस ढंग से नोटों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं, भ्रष्टाचार चरम पर है उससे वो चिंतित हैं। जिस ढंग से उन्हें अपमानित किया गया, मुख्यमंत्री होते हुए भी नियुक्तिपत्र नहीं बांटने दिए, कार्यक्रम नहीं करने दिए क्योंकि झामुमो अब पति-पत्नी की पार्टी बन कर रह गई है। उन्होंने झारखंड को बचाने के लिए भाजपा का दामन थामा है। ठगबंधन की सरकार जाना अब तय है, भारतीय जनता पार्टी अब सरकार बनाएगी। चंपाई बहुत बड़े नेता हैं और मेरे मन में उनके लिए आदर और बढ़ गया क्योंकि उनकी कोई शर्त नहीं है।

### जिन अभ्यर्थियों की मृत्यु हुई, उनका पोस्टमार्टम क्यों नहीं कराया गया: अमर बाउरी

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष ने उत्पाद सिपाही बहाली की प्रक्रिया पर सवाल उठाया है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से सवाल किया है कि जिन अभ्यर्थियों की मृत्यु हुई है, उनका पोस्टमार्टम क्यों नहीं कराया गया। नवंबर से फरवरी के बीच के उपयुक्त मौसम को नजर अंदाज करते हुए चुनाव के कुछ दिन पूर्व भादो की प्रचंड गर्मी में यह दौड़ करना क्या सिर्फ सरकार की जिद व नाकामी नहीं है। क्या अभी तक राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजा और सरकारी नौकरी की घोषणा की है। युवाओं की मौत की वजह बताते हुए युवाओं व स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन सेंटरों में शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जा रही है, वहां चिकित्सा सुविधा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। क्या सरकार इस पर अपना स्पष्टीकरण देगी कि आखिर युवाओं की जिंदगी से क्यों खेला जा रहा है। 5 साल के कार्यकाल में अब तक एक बार भी यह नियुक्ति प्रक्रिया नहीं की गई, क्या सरकार की मंशा सिर्फ आखिरी कुछ दिनों में अव्यवस्था व अनियमितताओं के बीच यह मौत की दौड़ करा कर युवाओं के भविष्य से खेलना ही है, मतलब अगर युवा ₹मुर्गी पालन₹ के बजाय नौकरियों के लिए आवेदन दें तो झारखंड में उन्हें अपनी जान की बाजी लगानी होगी !: उत्पाद सिपाही नियुक्ति प्रक्रिया में अब तक 11 मौतें हो चुकी हैं !

### राज्यपाल से मिले कड़िया मुंडा



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रविवार को लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच झारखंड के ताजा हालात पर भी चर्चा हुई।

### आजा का प्रतिनिधिमंडल सुदेश से मिला, ज्ञापन सौंपा



**रांची।** अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ ( आजा ) का एक प्रतिनिधि मंडल रविवार को आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो से मिला। उनसे मिलकर हाल के दिनों में पूरे राज्य में अधिवक्ताओं की हो रही हत्या एवं मारपीट की घटनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए अविलंब अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने की दिशा में कार्रवाई करने का आग्रह किया। संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो ने सुदेश कुमार महतो को बताया कि हाल के दिनों में पूरे राज्य में अधिवक्ताओं की हत्या एवं मारपीट की कई घटनाएं सामने आयी हैं। रांची में अधिवक्ता गोपी कृष्ण की जिस तरह से निर्ममता से हत्या की गयी उससे लगता है कि आज अधिवक्ता कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं ऐसी स्थिति में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की नितांत आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो, संघ के रांची जिला अध्यक्ष अंजित कुमार, रेखा वर्मा, संजीत कुमार, मृत्युंजय प्रसाद समेत कई अधिवक्ता शामिल थे।

### चोरी के सामान का बंटवारा को लेकर दो युवकों में चाकूबाजी, गिरफ्तार

**रांची।** चोरी के मामले में जेल गये दो युवकों के बीच रविवार को चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया गया। दोनों कुछ दिन पहले ही जेल से छूटकर आये हैं। घटना पंडरा ओपी क्षेत्र के हेहल अंचल के पास रविवार की दोपहर में घटी। मधुकम के रहने वाले बिरनी और पल्लू नाम के दो युवक ने एक दूसरे पर चाकू से हमला किया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने घटना के आधे घंटे के अंदर ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## विस्थापितों की अनदेखी करना बंद करे सरकार : पंकज

सैकड़ों ग्रामीणों ने सीआरपीएफ के सामने और सीआईएसएफ के बगल की जमीन पर झंडागड़ी कर विरोध जताया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** नगड़ी प्रखंड अंतर्गत कुटे में रविवार को हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव के नेतृत्व में आस-पास गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने सीआरपीएफ के सामने और सीआईएसएफ के बगल की जमीन पर झंडागड़ी कर सरकार को एक संदेश देने का काम किया। ग्रामीणों ने कहा कि कि आज का विरोध सांकेतिक है,भविष्य में सरकार विस्थापितों की और अनदेखी और अन्याय ना करें अन्यथा इसके परिणाम अच्छे नहीं होंगे जिस प्रकार सरकार के साथ सहमति हुई थी।

सरकार द्वारा पांच गांव कुटे, आनी, मुड़मा, तिरील और लाबेद की 2342 एकड़ जमीन का मुआवजा देने सहित आवास और रोजगार देने का भी वादा की गई थी। इसके बावजूद आज सरकार धीरे-धीरे अपनी सारी योजनाओं को विस्थापितों की जमीन पर स्थापित करते जा रही है और विस्थापितों को मुआवजा एवं रोजगार अभी तक नहीं दी है। 5 वर्षों से विस्थापितों के लिए आवास बनकर तैयार है और धीरे-धीरे जर्जर होता जा रहा है परंतु सरकार विस्थापितों को आवंटित नहीं कर रही है।

विस्थापितों को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने कहा कि अब हमे आपसी मतभेद भुलाकर सभी लोगों को साथ लेकर आंदोलन को तेज करने की जरूरत है। उन्होंने विस्थापितों से कहा कि आगामी 9 सितंबर को विस्थापित रोजगार को लेकर आईआईएम के गेट के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं 22 सितंबर को विस्थापित जिनके नाम पर आवास बना है वैसे सारे आवासों पर ग्रामीण स्वतः प्रवेश करेंगे।

श्री शाहदेव ने कहा कि हम लोगों ने 5 वर्षों तक सरकार का इंतजार किया पर सरकार की मंशा ठीक नहीं लगती है। सरकार या तो हमें आवास आवंटित करें या तो हमारे गांव को स्थाई करने का नोटिफिकेशन जारी करें जिस पर सभी विस्थापित ग्रामीणों ने अपनी सहमति प्रदान की है। कार्यक्रम में सभी ने कहा की समिति जो भी निर्णय लेगी हर निर्णय के साथ हम सभी ग्रामीण एक जुट होकर लड़ाई लड़ने को तैयार है।

बैठक को संबोधित करते हुए समाजसेवी सह विस्थापित नेता कलाम आजाद जी ने कहा की जब तक हम आवाज नहीं उठाएंगे तब तक कुछ नहीं मिलने वाला है इसीलिए हमें एकजुट होकर आगे संघर्ष का रास्ता चुनना होगा और संघर्ष से ही हमें अपने हक और अधिकार की प्राप्ति होगी। बैठक को महावीर मुंडा, मेघनाथ महतो ने भी संबोधित किया।

**बैठक में ये लोग थे शामिल**

बैठक में मुख्य रूप से विनय उरांव, बीजू महतो, अख्तर हुसैन, जयप्रकाश साहू, नरमी गाड़ी, पूनम देवी, दानी तिर्की, प्रतिमा तिर्की, शोमारी मुंडा, जोसेफ तिर्की, धिरंजय शाहदेव, महावीर नायक, रामेश्वर नाथ शाहदेव, दिनेश लाल गुप्ता, रामेश्वर सिंह, अजीत मुंडा, रामेश्वर महतो, विनोद लोहार, मनोज बैठा, तरुण शाहदेव, विजय सिंह, अजीत शाहदेव, रामाश्रय सिंह, नीरज गाड़ी, दिलीप बैठा, राजेश बैठा, प्रतीक सिंह देव, सुशांत शाहदेव, ऋषि सिंह देव अर्जुन महतो, सोनू प्रजापति, शंकर लोहार, जौहर अंसारी, विकास लोहार, पार्वती देवी मनीषा तिर्की, अरुण कुमार सिंह, अमरोज आलम अमित कुमार सिंह सरजू महतो, ललित उरांव, सरबजीत सिंह, हरि बैठा, सोनू मिर्धा, दिनेश बैठा , अमित सिंह,शंकर लोहार, रोहित बैठा विकास गुप्ता सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सुप्रियो के बयान पर भाजपा का पलटवार
## हार के डर से मानसिक संतुलन खो बैठा है झामुमो : आदित्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने रविवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। कहा है कि झामुमो को आगामी विधानसभा चुनाव में हार का डर साफ झलक रहा है। इन्हें राज्य की समस्याओं से ज्यादा पड़ोसी राज्य दिखाई पड़ रहे हैं। टूटते बिखरते झामुमो की पीड़ा का ठीकरा झामुमो के नेता चुनाव आयोग पर फोड़कर मन को शांत करना चाहते हैं। हरियाणा चुनाव की तिथियों में परिवर्तन संवैधानिक प्रक्रिया के तहत हुआ है। हरियाणा में चुनाव की तिथि वहां होने वाले सांस्कृतिक उत्सव के कारण परिवर्तित किए गए हैं। बिश्नोई समाज जिनके गुरु जम्भेश्वर की याद में बड़ा उत्सव मनाया जाता है, उस उत्सव में हरियाणा से बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। इसलिए भाजपा सहित हरियाणा की राष्ट्रीय लोकदल पार्टी ने भी चुनाव आयोग से तिथियों में पुनर्विचार का लिखित अनुरोध किया था।

**अपनी स्मरण शक्ति मजबूत करें सुप्रियो :** सुप्रियो भप्ताचार्य को अपनी स्मरण शक्ति मजबूत करनी चाहिए। पता करना चाहिए कि कहीं कोई साइड इफेक्ट तो नहीं हो रहा। साहू ने याद दिलाया कि चुनाव आयोग की टीम के झारखंड दौरे पर यही झामुमो नेता दशहरा,दीपावली, छठ,जैसे पर्व का उदाहरण देकर निर्धारित समय पर ही झारखंड में चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। उन्हें बताना चाहिए कि झारखंड के लोगों के लिए अगर पर्व, त्योहार महत्वपूर्ण है तो फिर हरियाणा में अगर चुनाव आयोग ने उत्सव के कारण थोड़े परिवर्तन किए तो उन्हें क्यों आपत्ति है? उन्हें पता होना चाहिए कि तिथियों में यदि एक्सटेंशन हुआ है तो सभी दलों को ज्यादा प्रचार का मौका मिलेगा न कि सिर्फ भाजपा को।

### चुनाव कौन प्रभावित करता है, हो चुका है सार्वजनिक

साहू ने कहा कि पैसा और पावर से चुनाव कौन प्रभावित करता है, कौन पैसा बांटता है ये तो झामुमो नेता, विधायक समीर मोहंती के पत्र में सार्वजनिक हो गया था। भले दबाव में उसे वापस लेने का नाटक किया गया हो। सुप्रियो को सलाह देते हुए साहू ने कहा कि राज्य और अपने दल की चिंता करें तो ज्यादा भला होगा।

# राज्य की दिशा और दशा को बदलने के लिए आजसू बुद्धिजीवी मंच की भूमिका अहम : सुदेश

## आजसू बुद्धिजीवी मंच का शपथ ग्रहण सह सम्मान समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य की दिशा और दशा को बदलने के लिए आजसू बुद्धिजीवी मंच की भूमिका अहम है। बुद्धिजीवी मंच के सभी अनुभवी पदाधिकारी को अपने दायित्व का बोध है। बुद्धिजीवी मंच पार्टी की शक्ति का मुख्य केंद्र है। आपके अनुभव से हम राज्य को बेहतर बनाने की दिशा में मिलकर काम करेंगे। सुदेश कुमार महतो रविवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित आजसू बुद्धिजीवी मंच के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण सह सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अपने पद का शपथ ग्रहण किया साथ ही पार्टी अध्यक्ष द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया।

सुदेश कुमार महतो ने ने कहा कि बुद्धिजीवी मंच के सभी पदाधिकारियों का समर्पण और संगठन के प्रति अपना श्रेष्ठ देने का जज्बा हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। आप सभी सरकार के अर्थ और सामर्थ्य को समझते हैं। सरकार के कार्यकाल का मूल्यांकन करने का समय है। पदाधिकारी अलग अलग क्षेत्र से हो सकते हैं लेकिन सब की सामूहिक जिम्मेदारी नए जनादेश के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा राज्यभर में चलाए जा रहे जन जागरण पदयात्रा और राज्य के बेरोजगार युवाओं का बॉयोडाटा संग्रह अभियान के साथ ही 8 सितंबर को होने वाले नवनिर्माण संकल्प सभा और 9 सितंबर से हर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले नवनिर्माण संकल्प पदयात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से आप सभी को अपना योगदान देना है।

आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा ने कहा कि हम अपने विवेक, अनुभव और केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के मजबूत कंधों के साथ झारखंड को विकसित बनाने के अपने संकल्प को पूरा करेंगे। हमारा लक्ष्य सुशिक्षित और सुविकसित झारखंड बनाने के लिए काम करना है। हम सभी को अपनी आखिरी सांस तक आजसू पार्टी के साथ मिलकर झारखंड की बेहतरी के लिए काम करना है।

आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय महासचिव मुकुंद चंद्र मेहता ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी राज्य के विभिन्न गांव में जाएंगे और आजसू पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुँचाने का काम करेंगे। बुद्धिजीवी मंच के सभी पदाधिकारी पूरे समर्पण के साथ काम कर रहे हैं। संगठन के प्रति समर्पण ही हमारी ताकत है। प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण राज्य आज भी विकास के पैमाने से दूर है, यह विषय विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। राज्य स्थापना के 24 साल हो गए लेकिन शहीदों के सपनों का झारखंड नहीं बन पाया है। विकसित और आदर्श झारखंड बनाने का लक्ष्य सिर्फ केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के नेतृत्व में पाया जा सकता है। शपथ ग्रहण समारोह को कई पदाधिकारियों ने संबोधित भी किया। कार्यक्रम का मंच संचालन अंचल किंगर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शहजादा आलम को आजसू बुद्धिजीवी मंच रांची का जिलाध्यक्ष बनाया गया।

### कार्यक्रम में ये लोग थे उपस्थित

इस अवसर पर आजसू बुद्धिजीवी मंच के उपाध्यक्ष प्रो. उमेश चंद्र मेहता, कामेश्वर प्रधान, महेंद्र मोदी, डॉ के पी सिन्हा, शिवशंकर प्रसाद, जितेंद्र सिंह, अंचल किंगर, काशी नाथ महतो, प्रशांत कुमार बलथरिया, मंजुर खान, कौशिक चांद, मनोज साहू, प्रो आनन्द कुशवाहा, डॉ राकेश सिन्हा,डॉ राम प्रसाद, प्रादुमन पाण्डेय इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थें।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

सोमवार 02.09.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 135

epaper.khabarmantra.net




स्पीड न्यूज

### जामताड़ा लोक अदालत में कई मामले निष्पादित

**जामताड़ा।** जामताड़ा स्थाई लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मंथली लोग अदालत का आयोजन किया गया । अदालत में बिजली से संबंधित चार मामले को दोनों पक्ष की सहमति से चार लाख रुपए में समझौता कर सुलह कराया गया। बैंकिंग के सात मामलों का भी समझौता हुआ ।दोनों पक्ष की सहमति से 1,90,000 रुपए की ऋण वसूली हुई। इस अवसर पर स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष पूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रिजवान अहमद ने मीडिया को बताया की स्थाई लोक अदालत जामताड़ा के एक अच्छा प्लेटफार्म है । लोगों की समझना होगा इसमें ना किसी की हार होती जा न किसी की जीत। दोनों की सहमति से बीच का रास्ता हम लोगों निकलते हैं ।फ्री लिटिगेशन के मामले हमारे यहां एक आवेदन देकर अपना फरियाद कर सकते हैं ।यहां पर निशुल्क आवेदन दिया जाता है कोई खर्च कार्यालय में नहीं होता है । अदालत के सदस्य सुरेश कुमार मालवीय ने बताया कि यहां प्री लाइटगेशन का कैस किया जाता है जिसमें की आपको काफी बेनिफिट मिलेगी जैसे स्वास्थ्य संबंधी ,मोटर एक्सीडेंट, शिक्षा, बैंकिंग ,सर सफाई, इत्यादि तथा इस अवसर पर बिजली विभाग के दुलारचंद पाल तथा बैंक के अधिकारी एवं स्थाई लोगों अदालत के स्टाफ मनोज दास एवं श्याम किशोर उपस्थित थे

### मधुबन वाशरी के कर्मी का निधन

**कतरास।** मधुबन कोलवाशरी में कार्यरत मिट्ठू नोनियाँ की 29 अगस्त की रात्रि ड्यूटी से घर लौटने के क्रम में तबीयत खराब हो जाने पर उन्हें तत्काल रीजनल अस्पताल डूमरा ले जाया जहाँ से उन्हें सेंट्रल हॉस्पिटल धनबाद रेफर कर दिया गया जहाँ ईलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई. बताते हैं उक्त कर्मी की मृत्यु उपरांत इस घटना के धनबाद सांसद ढुल्लु महतो ने तत्काल मृतक के आश्रित को नियोजन व मुआवजा के सन्दर्भ में बीसीसीएल के सीएमडी एवं डीपी से फोन पर बात की. इसके पश्चात नियोजन व मुआवजा के इम्प्लीमेंट के लिए सांसद प्रतिनिधि सह वार्ता एटक के केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुधन महतो ने मधुबन कोलवासरी प्रबंधन से वार्ता किया तथा तथा मृतक के आश्रित पुत्र को नियोजन का सहमति पत्र सौंपा। मौके पर तुलसी साव, गोपाल मिश्रा, नकुल महतो, गंगासागर राय, आनंद महतो, अमरेंद्र कुमार, नर्मदेश्वर पांडे, नवल किशोर महतो मौजूद थे।

### भाजपा तोपचांची मंडल की संयुक्त बैठक

**तोपचांची।** भारतीय जनता पार्टी तोपचांची मंडल की युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा एवं एस सी मोर्चा की संयुक्त बैठक तोपचांची में हुई. बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया। भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाने और जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया।

# चुनाव में परिवर्तन को रहें तैयार, जामताड़ा में चरम पर है भ्रष्टाचार

### जन जागरण पदयात्रा में आजसू ने लोगों से किया आह्वान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** रविवार को नारायणपुर प्रखंड के सबनपुर पंचायत के पन्दनी गांव से सातवे दिन जन जागरण पदयात्रा कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, जो मातुवाडीह, मधुबन, सबनपुर, शिमला, आहरडीह में समाप्त हुआ। हर गांव में जन जागरण पदयात्रा कार्यक्रम का ग्राम वासियों ने भव्य स्वागत किया । इस मौके पर जन जागरण पदयात्रा के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर आजसू पार्टी के कार्यों को बताने एवं जन समस्या को सुनने का प्रयास किया। इस मौके पर चूल्हा प्रमुख की बहनों सहित सभी कार्यकताओं के साथ मिलकर अपनी समस्याओं को रखने का प्रयास किया ।कार्यक्रम के प्रारंभ के मौके पर केंद्रीय महासचिव तरुण गुप्ता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की किरण नहीं पहुंच पाई है। सूद के बोझ में दबने के बाद समाज के लोग 24 घंटे कार्य करने के बाद भी अपना कर्ज चुकता नहीं कर पाता और ना ही अपने परिवार के लिए बेहतर सोच पाता है ।बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था नहीं होने के कारण आज



हर गांव में कोई न कोई गंभीर बीमारी से जूझ रहा है ।आने वाले समय में झारखंड में परिवर्तन में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी ,आप एक जुट होकर जामताड़ा विधानसभा में परिवर्तन करने का काम करें ।अगर आप परिवर्तन नहीं करते हैं तो इसी तरह हर गांव विकास से वंचित रह जाएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधि ने सिर्फ यहां जात-पात और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का कार्य किया है। आईए मिलकर यह यात्रा लगातार 26 अगस्त से चल रहा है ,जो जाम तारा विधानसभा के हर गांव और चौपाल और दरवाजे पर जाकर , उनकी समस्याओं को समाधान करने का प्रयास करेगी और उनके चेहरे में खुशी लाने का प्रयास करेगी। इस सरकार ने इस सरकार ने सत्ता में आने से पहले यहां के नौजवानों महिलाओं और किसानों के लिए जो बड़े-बड़े वादे किए थे, आज हर वादा खोखला साबित हुआ है। नौजवानों को कहा था 5 लाख लोगों को नौकरी देंगे अगर नौकरी नहीं दे पाए तो बेरोजगारी भत्ता देंगे। आज यह स्थिति हो गया कि नौजवान नौकरी के लिए भटक रहे हैं और जब मांगने जाता है तो लाठिया से उनका पीटा जाता है।

#### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष निमई चंद्र सेन ,आदिवासी मोर्चा के जिला अध्यक्ष माने बेसरा सीतामनी हसदा, बासुदेव गोस्वामी,दिलीप मुर्मू, रामकिशोर हंसदा, बलदेव महतो सुखदेव भंडारी स्वप्न सेन ब्रजकिशोर मरांडी सलाउद्दीन अंसारी अनवर सौदागर शहादत अंसारी रमेश पंडित, जितेंद्र मंडल, भुवन चंद्रदेव सुभाष यादव रमेश रावत साजिद अंसारी राकेश रवानी पिंटू यादवआदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सरकारी कार्यालयों का चक्कर काटने को विवश हैं लोग

### आपके द्वार से 'दूर' है सरकार

**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** राज्य सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी जरूरतमंदों को सरकारी कार्यालयों का चक्कर काटने पड़ रहे है। अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आम आदमी भुगत रहा है। जिले के आपूर्ति शाखा की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। यहां हर दिन दर्जनों लोग अपने राशनकार्ड से जुड़ी गड़बड़ियों के सुधार के लिए पहुंचते है। लेकिन वहां जबाब मिलता है कि अभी आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम चल रहा है। आपलोग शिविर में क्यों नहीं चले जाते, तुरंत काम हो जायेगा। लेकिन लोगों का कहना है कि शिविर में तो आवेदन लेकर रख लिया जाता है, तुरंत कहां काम होता है। बहुत दिन से दौड़ रहे है, यहीं कर दीजिए। लेकिन वहां के कर्मी कहते है कि अभी दूसरा काम कर रहे है, अपना आवेदन रख दीजिए, बाद में देख लेंगे। बरटांड़ निवासी अजय कुमार ने बताया कि मेरे पत्नी के नाम में गड़बड़ी थी, उसके सुधार के लिए चार महिना पहले ऑनलाईन आवेदन भरा था। लेकिन अभी तक आवेदन पेंडिंग है। आपूर्ति विभाग में जाने पर कहा जाता है कि दिवाल में एक कागज चिपकाया गया है, उसमें बीएसओ का नंबर है, उनसे संपर्क करीये, काम हो जायेगा। अभी हमलोग बीजी है, काम तुरंत नहीं होगा। बीएसओ कभी फोन ही नहीं उठाते है, इसलिए दौड़ रहा हूं।

### आपूर्ति शाखा में टालमटोल करते है कर्मी



#### डीलर नाम काटने को कहता है

एक दूसरे व्यक्ति अखिलेश कुमार ने बताया कि मेरा पीएच कार्ड है, मेरे कार्ड में किसी दूसरे कि पत्नी का नाम चढ़ा हुआ है। उसे सुधारने के लिए तीन महीना पहले ऑनलाईन आवेदन भरा था। लेकिन अभी तक सुधार नहीं हुआ है, जबकि सारे साक्ष्य जमा कर दिया हूं। डीलर हर महीना नाम कटने की बात कहता है। एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि मेरा तो राशन कार्ड ही बंद कर दिया गया है। उसके लिए अब आपूर्ति विभाग में दौड़ लगा रहा हूं। लेकिन अभी तक काम नहीं हुआ है। ऐसे कई और लोग है, जो सरकारी राशन पाने के लिए दफ्तरों का चक्कर काटते है।

### विहिप ने मनाया स्थापना दिवस

**मैथन।** कलियासोल प्रखंड के भुरकुंडा बाड़ी सामुदायिक भवन में रविवार को विश्व हिंदू परिषद ने अपना 60 वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गणेश गोराई ने किया। मौके पर मुख्य वक्ता विहिप के प्रखंड अध्यक्ष प्रीतम मंडल ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का स्थापना धर्म की रक्षा, गो रक्षा, कन्या रक्षा, मठ मंदिरों की रक्षा और हिंदू समाज के रक्षा के लिए किया गया है, जो विहिप करते आ रही है। कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन, राम सेतु, अमरनाथ श्राइन बोर्ड आदि राष्ट्रीय व्यापी आंदोलन कर विहिप ने देश भर के हिन्दुओं में जागरूकता पैदा करने का काम किया है। कार्यक्रम में दीपक मंडल, बजरंग दल के प्रखंड संयोजक नयन मंडल, निताई गोराई, निवास सिंह, संतोष मोदक, काशीनाथ मौजूद थे।

## एक नजर में

### विश्व शांति दिवस पर सीटू ने निकाली रैली




**धनबाद।** विश्व शांति दिवस पर रविवार को सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने जिला परिषद मैदान से रैली निकाली, जो हीरापुर पार्क मार्केट, विवेकानंद चौक होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंची। यहां सभा का आयोजन किया गया। सीटू के जिला अध्यक्ष आनंद महिपाल ने कहा कि आज ही के दिन यानी 1 सितंबर 2024 को जर्मनी के शासक हिटलर ने पोलेण्ड पर हमला किया था, उसके बाद द्वितीय विश्वयुद्ध हुआ था, जिसमें लाखों लोगों की जाने गई थी। इस युद्ध के बाद वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन ने विश्व शांति दिवस मनाने का निर्णय लिया था। सीटू भी इससे संबद्ध है। विश्व शांति के लिए हमलोग हर साल यह दिवस मनाते है। आज भी विश्व में यही चल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार भी हिंदूवादी ताकतो और कॉपोरेट घरानों के साथ मिलकर देश को गुलामी कि ओर धकेल रही है। एक बार फिर इन सम्राज्यवादी ताकतो के विरूद्ध आवाज उठाने की जरूरत है।

### पाथरकुआ मोड़ में मासस मिलन समारोह



**कुमारधुबी।** निरसा विधानसभा के अंतर्गत निरसा दक्षिण केलियासोल प्रखंड अंतर्गत केलियासोल मोड़ के सामने मासस मिलन समारोह का आयोजन आज रविवार को किया गया। समारोह में पूर्व विधायक अरूप चटर्जी मुख्य रूप से उपस्थित थे। राम गोस्वामी और निताई दास की नेतृत्व में विभिन्न दलों को छोड़ मासस के प्रति आस्था जताते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने मासस का दामन थामा। श्री चटर्जी ने मासस में शामिल हुए सभी लोगों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आप लोगो के शामिल होने से मासस मजबूत होगी। आपके हर सुख दुख में मासस कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। मासास में शामिल होने वालों में प्रमुख हैं बापी रोवानी, पिंटू गोराई, उज्जवल गोराई, लालटू गोराई, मनभूल मंडल, लालटू गोराई, दयामई गोराई, प्रेम गोराई, प्रदीप गोराई, दुलाल गोराई, आकाश रोवानी, बॉम्बे गोराई, संजय मंडल, बुधु मंडल, सनातन रोवानी, अजय गोराई, लालू दास, अर्जुन गोराई, संजय रोवानी आदि।

# पलासिया जंगल में अवैध मुहाने को कराया बंद



**खबर मंत्र संवाददाता**

**मैथन।** पंचेत ओपी क्षेत्र के बीसीसीएल एरिया 12 के पलासिया में सीआईएसएफ व पंचेत पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाकर अवैध खनन स्थल मुहानों को डोजरिंग कर बंद करवाया। पुलिस की इस कार्रवाई को लोग खानापूर्ति मान रहे हैं। लोगों का कहना है कि छापेमारी के पूर्व ही धंधेबाजों को इसकी खबर मिल गयी थी और पुलिस के पहुंचने के पहले ही धंधेबाज वहां से भाग गए थे। बताया जाता है कि पलाशिया में एक नहीं बल्कि कई मुहाने है, जहां से प्रतिदिन कोयला चोरों द्वारा कोयला का अवैध खनन कर आसपास के उद्योगों में खफा दिया जाता है। पुलिस द्वारा अवैध खनन मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज नहीं करना भी उनके कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। ज्ञात हो कि पंचेत ओपी क्षेत्र के पलासिया व लुचीबाग में दर्जनों अवैध खदान संचालित है। जंहा क्षेत्र के नामचीन तस्करों द्वारा खनित कोयला को ट्रैकों द्वारा बाहर भेजा जाता है। जिसका संचालन गोप, खान व दुबे नामक व्यक्ति करते हैं। वहीं पुलिस, प्रशासन व बीसीसीएल के अधिकारी सभी कोयला रोकने की बात करते हैं।

### भादो अमावस महोत्सव पर संगीतमय मंगल पाठ

**कतरास।** श्री श्री राणी सती दादी मंदिर में चार दिवसीय 26वां भादो अमावस महोत्सव के मौके पर रविवार को संगीतमय मंगल पाठ का आयोजन किया गया. इस मौके पर कोलकाता से आई स्वाति अग्रवाल एंड पार्टी ने संगीतमय मंगल पाठ कार्यक्रम प्रस्तुत किया. मंगल पाठ में 451 महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा एवं सोलह श्रृंगार के साथ दादी का मंगल पाठ किया. कार्यक्रम में मुख्य यजमान प्रदीप खेतान, रेखा खेतान, प्रदीप सोनी-रेखा सोनी, सुरेश केडिया-सुनीता केडिया, उमाशंकर अग्रवाल-किरण अग्रवाल, पंकज राजगढ़िया-इच्छा राजगढ़िया, बद्री भुवालका-रिंकी भुवालका, सुरेश पटवारी-प्रेमलता पटवारी, विनोद जलान-सरिता जलान थे। मौके पर समिति के राजेश केडिया, महेंद्र चौधरी, सुरेश शर्मा,प्रमोद अग्रवाल, मणि शर्मा, दीपक संघई, ऋतिक आदि मौजूद थे।

# संस्कार भारती में श्री कृष्ण-राधा बाल रूप सज्जा उत्सव

### उत्सव में 0 से 10 वर्ष के बच्चों ने राधा कृष्ण का रूप धर मन मोहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** संस्कार भारती धनबाद जिला इकाई द्वारा 39 वा श्री कृष्ण-राधा बाल रूप सज्जा का आयोजन राजकमल सरस्वती विद्या मन्दिर में किया गया ।इस वर्ष कार्यक्रम में वर्ग अ में 0 से 5 वर्ष तक के 73 एवम वर्ग ब में 0 से 6 वर्ष तक राधा रूप के 31 बच्चें और वर्ग स में 5 वर्ष से ऊपर 10 वर्ष तक की आयु के 47 बच्चों ने भागीदारी ली ।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवम ध्येय गीत से हुआ। कुषाण सेन गुप्ता एवम करुणामय मुखर्जी के द्वारा साधयति संस्कार भारती का गायन शुरू किया ।संस्कार भारती के नगर अध्यक्ष डॉ प्रशांत कुमार के द्वारा



स्वागत भाषण एवम संस्कार भारती परिचय प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत और सम्मान संस्था के सदस्यों द्वारा तुलसी पौधा एवम अंग वस्त्र देकर किया गया। निर्णायक मण्डल के रूप में समाज सेविका पूनम अग्रवाल, सुदीप्त चटर्जी, अंजन आचार्या, इंद्रनील मुखर्जी एवम संजय भारद्वाज उपस्थित थे ।इस्कॉन धनबाद के स्वामी सुंदर गोविंद दास जी ने गीता एवम श्री कृष्ण दर्शन पर अपने विचार रखें। अंत मे कार्यकर्ता परिचय संस्था के उपाध्यक्ष नीरज प्रसाद द्वारा मंच संचालन बरनाली गुप्ता एवम ब्रज भूषण पांडे के द्वारा किया गया।

#### कार्यक्रम को सफल बनाने में थे शामिल

कार्यक्रम को सफल बनाने में मंत्री संजय सेनगुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय झा, उपाध्यक्ष नीरज कुमार प्रसाद , कृष्ण कुमार सहमंत्री धीरज कुमार शर्मा , पुष्कर चंद्र झा, संजय महतो, संजय चंद्रा, जागृति परमार, अर्चना वर्मा, काकोली सेनगुप्ता, आरती साव, सरसी चंद्रा, संचिता बक्शी, पंपा पाल,पिंकी गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवम वंदे मातरम' के सामूहिक गायन के साथ हुआ।

### छात्राओं को मिली सायकिल



**पूर्वी टुंडी ।** प्रखंड केए मैरनवाटांड पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों की भीड़ देखी गई। बीडीओ अमृता सिंह, सीओ देवराज गुप्ता,बीईईओ राजीव रंजन के द्वारा सात छात्रा के बीच निशुल्क साइकिल बांटे गए। मौके पर साइकिल पाकर छात्राएं काफी खुश दिखे। वही कार्यक्रम में लगे विभिन्न कैंप में पंचायत के लोग आवेदन जमा करने को लेकर पहुंचे। अबुआ आवास योजना में 327 आवेदन जमा हुए। सर्वजन पेंशन योजना में 70 आवेदन जमा हुए। वही मौके पर पूरे 456 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर 9 लोगों के बीच जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

### छोटा गुरुद्वारा में लगा रक्तदान शिविर

**धनबाद।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी एवं गुरु सिंह सभा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जोड़ाफाटक रोड स्थित छोटा गुरुद्वारा के सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 20 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार सिंह ने कहा रक्तदान महादान, इससे बड़ा कोई दान नही। हमारे इस प्रयास से मुश्कील घड़ी में किसी की जान बचाई जा सकती है। कांग्रसी नेता रणविजय सिंह ने कहा कि एक - एक यूनिट रक्तदान कीमती है ।इससे जरूरतमंदों की जान बच सकती है। झामुमो नेता मुकेश सिंह ने कहा कि ब्लड किसी फैक्ट्री में नही बनता है। यह हमारे और आपके दान से ही मिलता है। उन्होंने दोनों ही संगठन की पहल की प्रशंसा की।

# झरिया काली मंदिर को लेकर दो गुट भिड़े, एना आउटसोर्सिंग का काम ठप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** काली मंदिर के अस्तित्व को लेकर स्थानीय लोगों ने रविवार को पूर्व पार्षद के नेतृत्व में आरके आउटसोर्सिंग ऐना का एक घंटा कार्य ठप कर दिया। कार्य ठप होने के बाद आउटसोर्सिंग के पक्ष में क्षेत्र के कुछ लोग उतर आए ।इनलोगों ने पार्षद पर अपने स्वार्थ के चलते बेवजह आंदोलन करने का आरोप लगाया तो दोनों पक्षों के बीच हाथा पाई व नोक झोक हो गई ।सूचना पाकर झरिया व बोरगढ़ पुलिस सहित सीआईएसएफ बल के



जवान वहां पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच मचे बवाल के शांत होने पर आउटसोर्सिंग का कार्य शुरू हुआ ।दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ गाली-गलौज और धक्का मुक्की करने का आरोप लगाया है।

#### क्या है मामला

ऐना आउटसोर्सिंग का विस्तारीकरण इंडस्ट्री बस्ती की ओर बढ़ रहा है ।परियोजना का कार्य इंडस्ट्री काली मंदिर से महज 30 फीट की दूरी तक रह गया है। इसी मंदिर के अस्तित्व को बचाने की मांग को लेकर रविवार को इंडस्ट्री व ऐना के लोगों को लेकर पार्षद निरंजन कुमार आउटसोर्सिंग पहुंचे। इन लोगों ने जबरन आउटसोर्सिंग का कार्य रोक दिया ।जिससे गुस्साए इंडस्ट्री के ही स्थानीय लोगों का दूसरा गुट वहां पहुंच काम शुरू करने को कहा ।इसी को लेकर दोनों पक्ष के बीच विवाद हो गया। जो विवाद हाथापाई और नोंकझोंक तक पहुंच गई। निरंजन का आरोप है कि मंदिर के अस्तित्व पर खतरा है ।मंदिर के समीप जमीन में दरारें पड़ रही है ।इसी को लेकर आंदोलन कर रहे थे ।पर कंपनी का काम बंद होने के कारण दूसरे पक्ष के लोग बवाल किया। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों का कहना है कि जमीन में दरार बढ़ने के बाद हमलोगों ने अपने परियोजना का काम ठप कराया था ।हमलोगों के दबाव के बाद ही मंदिर का अस्तित्व बचाने को लेकर प्रबंधक दरारे पड़े स्थल पर भराई करने के साथ बेंचनुमा मार्ग बनाया जा रहा है ।पर पार्षद निरंजन कुमार अपने स्वार्थ के चलते यहां के लोगों को दिगभ्रमित कर यहां गंदी राजनीत कर रहे हैं ।जब मंदिर बचाने के लिए दरारे भरने का कार्य चल रहा है तब आंदोलन करने का कोई औचित्य नहीं है। मामले की सूचना मिली थी ।झरिया थाना के पदाधिकारी को घटनास्थल भेजा गया था ।शिकायत मिलने क बाद कारवाई होगी ।शशीरंजन कुमार, इंस्पेक्टर, झरिया थाना

# धनबाद में आये 9622 आवेदन, 1657 निष्पादित

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

● 1289 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के दस स्थानों पर रविवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अलग अलग शिविरों से कुल 9622 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें 1657 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। फोकस स्कीम के 4915 आवेदनों में 227 तथा बेनिफिशियरी ओरिएंटेड स्कीम के 2389 में 90 आवेदन का निष्पादन किया गया। वहीं 1289 लाभूकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविरों में 51 शिकायतों का निवारण ऑन द स्पॉट किया गया।



### अबुआ आवास के लिए आये सबसे ज्यादा आवेदन

शिविर में अबुआ आवास योजना के लिए सर्वाधिक 3638 आवेदन आया। इसके अलावा अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के 319, सर्वजन पेंशन 417, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 121, जाति 197, आवासीय 124 व आय प्रमाण पत्र के 99 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें अबुआ आवास योजना के 108, जाति प्रमाण पत्र के 63, आवासीय 25 व आय प्रमाण पत्र के 31 आवेदनों को निष्पादित किया गया।

वहीं उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों तथा अंचल अधिकारियों को शेष आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री कर शीघ्र निष्पादन का आदेश दिया। वहीं वृद्धा पेंशन के 243, विधवा पेंशन 19, दिव्यांगजन पेंशन 11, आयुष्मान कार्ड 259, सामुदायिक वन पट्टा के 10 तथा 1847 अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इसमें आयुष्मान कार्ड के 77 तथा 13 अन्य आवेदन निष्पादित किए गए।

### विद्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

पूर्वी टुंडी। प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय लटानी में रविवार को जेपी हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन किया गया। मौके पर पहुंचे लोगों का प्राथमिक उपचार कर दवाई दी गई अधिकांश लोग सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित देखे गए। 160 बीमार व्यक्ति का जांच डॉ अरविंद मिश्रा के द्वारा किया गया। इलाज हेतु पहुंचे बच्चे और बूढ़े लोगों की भीड़ उमड पडी।एवं मौके पर शिविर के द्वारा निशुल्क दवाई दी गई। आयोजन में अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी में खुशी कुमारी, चंपा कुमारी, करमचंद महतो, मुकेश मंडल, राजेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

### राशन कार्ड में संशोधन के लिए आये 612 आवेदन

राजस्व अभीलेखों में संशोधन के 45, जन्म प्रमाण पत्र 11, मृत्यु प्रमाण पत्र में संशोधन 8, आधार कार्ड में संशोधन 111, राशन कार्ड में संशोधन के लिए 612 तथा बिजली सम्बन्धी समस्या के 32 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें राजस्व अभीलेख में सुधार के 11, मृत्यु प्रमाण पत्र एक, आधार कार्ड में संशोधन के 33, राशन कार्ड में संशोधन के 5 तथा बिजली संबंधी समस्या के एक आवेदन को निष्पादित किया गया। शिविरों के दौरान ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जिसमें 17 लैमिनेटेड जाति प्रमाण पत्र, 24 छात्र/छात्राओं के बीच साईकिल क्रय हेतु प्रतीकात्मक चेक तथा 1458 एसएचजी / कलस्टर सदस्यों की बीच आइडेंटी कार्ड का वितरण किया गया।

### राईडर ऑफ धनबाद का झारखंड मोटो फेस्ट

**कतरास।** कतरास के कॉंको रिसोर्ट में रविवार को राईडर ऑफ धनबाद द्वारा झारखंड मोटो फेस्ट का आयोजन किया गया. इसका नेतृत्व जनशक्ति दाल के अध्यक्ष सूरज महतो ने किया. इस मौके पर बिहार, बंगाल एवं उड़ीसा के 2000 बाइकर्स की टीम ने भाग लिया.कार्यक्रम के स्पांसर द डिटेलिंग माफिया, टाटा मोटर्स, खेमका यामाहा कतरास, गुरुकृपा धनबाद एवं इलेक्ट्रिक वन धनबाद थे। मौके पर सूरज महतो ने उपस्थित युवाओं को रोड सेफ्टी एवं नशा मुक्त भारत के बारे में जानकारी से अवगत कराया। मौके पर आयोजनकर्ता राइडर्स ऑफ धनबाद ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगो को रोड सेफ्टी, हेलमेट अवेरनेस के बारे में बताना है।

स्पीड न्यूज

### अस्पताल से फरार कैदी की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन



**जामताड़ा।** जिला सदर अस्पताल में कैदियों की सुरक्षा को लेकर फिर सवाल उठ रहे है। यहां इलाजरत एक कैदी फरार हो गया है। जिसे शनिवार को ही गिरफ्तार किया गया था। जामताड़ा पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति में रविवार को बताया गया है कि विचाराधीन बंदी विशाल सहनी पिता प्रकाश सहनी उर्फ राम प्रकाश सहनी, शमशान रोड, थाना-मिहिजाम, जिला-जामताड़ा को उचित अभिरक्षा में 31 अगस्त को प्रात: 08.55 बजे इलाज के लिए सदर अस्पताल जामताड़ा लाया गया था। 31 अगस्त की संध्या समय करीब 08.30 बजे सदर अस्पताल, से बाथरुम जाने के बहाने हाथ लगे हथकड़ी को सरकाकर निकाल भागने में सफल रहा। इस संबंध में नगर थाना, जामताड़ा में कांड दर्ज कराया गया है। उसकी खोजबीन एवं गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जामताड़ा के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन कर विभिन्न स्थानों पर छापामारी की जा रही है। बहुत जल्द ही फरार विचाराधीन बंदी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। सुरक्षा में प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मियों पर अनुशासनीक कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि कैदी विशाल साहनी पर अपनी गर्भवती भाभी के साथ मारपीट करने और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत का आरोप है।

# टिकट के लिए कांग्रेस में मची होड़

## नीरज ने की केंद्रीय नेताओं से मुलाकात, सौंपा बायोडाटा

**खबर मंत्र संवाददाता**



**धनबाद।** विधान सभा चुनाव में भविष्य आजमाने के लिय कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं में होड़ मची है। दो दर्जन से अधिक नेताओं ने विभिन्न विधान सभा क्षेत्रों के लिए अपनी दावेदारी ठोकी है। नेताओं की धनबाद से लेकर दिल्ली तक दौड़ जारी है। इस सिलसिले में जिला कांग्रेस कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष नवनीत नीरज ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाने को लेकर अपने समर्थकों के साथ आज झारखंड कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गिरीश चोदेंकर, स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य श्री प्रकाश जोशी , एवम स्क्रीनिग कमेटी के सदस्य पूर्व विधायक पूनम पासवान से मुलाकात की और उन्हें अपना बायोडाटा दिया। केंद्रीय नेताओं से अपनी मुलाकात में श्री नीरज ने कहा कि पिछले 36 वर्ष से कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक जीवन में रहते हुए पार्टी के द्वारा दिए गए सभी जिम्मेवारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठापूर्वक करते आ रहा हूं । जिला युवक कांग्रेस का अध्यक्ष भी रह चुका हू इसलिए जन सरोकार मेरा काफी मजबूत है।एसहरी नीरज एन.एस.यू.आई का जिला उपाध्यक्ष, युवा कांग्रेस में महासचिव एवं प्रदेश युवा कांग्रेस कमिटी में प्रदेश सचिव,धनबाद जिला युवा कांग्रेस कमेटी का जिलाध्यक्ष,धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी में महासचिव के पद पर भी रह चुके हैं। उन्होंने केंद्रीय नेताओं को आश्वस्त किया कि इस बार विधान सभा के चुनाव में कांग्रेस की स्थिति अच्छी है। यदि पार्टी मुझे प्रत्याशी बनाती हैं तो जीत सुनिश्चित है।

# अभिषेक डोकानिया बने अध्यक्ष

## द स्मॉल स्केल बी-हाईव हार्ड कोक प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन की हुई 46वीं वार्षिक बैठक

**मैथन।** अभिषेक डोकानिया द स्मॉल स्केल बी-हाईव हार्ड कोक प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष चुन लिये गये हैं। कुमारधुबी क्लब में शनिवार को देर शाम आयोजित एसोसिएशन की 46 वीं वार्षिक बैठक में सर्वसम्मति से डोकानिया को अध्यक्ष बनाया गया। पुरानी कमेटी के संयुक्त सचिव अभिषेक डोकानिया ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अध्यक्ष डोकानिया ने कहा कि कोल इंडिया की कोयला आवंटन नीति हार्ड कोक उद्योग के हित में नहीं है। समय पर उच्च श्रेणी का समुचित कोयला आवंटन नहीं होने से हार्ड कोक उद्योग पर बंदी का खतरा मंडरा रहा है। कोयले के विभिन्न ग्रेडों को एक ही क्लस्टर में समाहित करने से परेशानी हो रही है। नई नीति के तहत एक सौ मिलियन टन कोयला का आवंटन है, जो पर्याप्त नहीं है। विदेशों से कोयला मंगाना पड़ता है। कहा कि पश्चिम बंगाल के डीबूडीह चेकपोस्ट पर कोयला लदे ट्रक को वैध कागजात रहने के बावजूद कई कई दिनों तक रोक दिया जाता है। जिससे उद्योग संचालक काफी परेशान हैं और व्यवसाय पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। नई कमेटी में निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गए।अध्यक्ष--अभिषेक डोकानिया, उपाध्यक्ष- सुमित अग्रवाल, सचिव-अनुराग गढ्याण, संयुक्त सचिव-सतीश अग्रवाल कोषाध्यक्ष- विनोद पोद्दार, एक्सक्यूटिव मेम्बर- प्रतीक शर्मा एवं सौरभ अग्रवाल, सदस्य-वेद निधि शर्मा, मुकेश बंसल, सीताराम गोयल, अरूण कुमार गढ्याण बनाये गये हैं।

एक नजर में

### शिवलीबाड़ी में मकान खाली कराने पहुंचे व्यवहार न्यायलय के नाजीर



**मैथन।** कुमारधुबी क्षेत्र के शिवलीबाड़ी अंसार मोहल्ला में रविवार की सुबह सिविल जज जूनियर डिवीजन दो धनबाद के नाजीर नलिनी कांत मिश्रा कुमारधुबी पुलिस के साथ मकान खाली कराने पहुंचे। न्यायलय द्वारा मकान खाली कराये जाने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी की मौजूदगी में मो आमिर का पुस्तैनी मकान पर कब्जा दिलाया गया। आमिर ने बताया की उनकी पुस्तैनी मकान व जमीन पर मो सुलतान एवं हाजी साबिर द्वारा कब्जा कर लिया गया था। मकान पर कब्जा हटाने को लेकर 1983 में व्यवहार न्यायलय में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसका फैसला 41 सालों बाद आया है। वहीं नाजीर नलनीकान्त मिश्रा ने बताया की सिविल जज जूनियर डिवीजन के निर्देश पर तीन डिसमिल जमीन में से डेढ़ डिसमिल जमीन पर कब्जा दिलाया गया है। बचे डेढ़ डिसमिल जमीन पर हाजी साबिर द्वारा दो मंजिला मकान बना हुआ है। जिसकी कागजात न्यायलय में प्रस्तुत करने को कहां गया है। आदेश आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षकों की कमी से जूझ रहा एसएनएमएमसीएच

**33 में से 25 सीटें खाली, 8 शिक्षक के भरोसे पूरा कॉलेज**



**धनबाद।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एण्ड अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में पीजी की मान्यता पर खतरा मंडराने लगा है। एनएमसी ने एमबीबीएस की सीटे बढ़ाकर 50 से 100 कर दी है। साथ ही पीजी के लिए भी मान्यता दी गई। जिसमें मेडिसिन के 6 और ऑथोर्पेडिक की 3 सीटों कि स्वीकृति शामिल है। इन छात्रों के पढ़ाने वाले शिक्षकों की कमी हो गई है। आठ प्रोफेसर के भरोसे इनका क्लास किसी तरह चल रहा है। यदि यहीं हाल रहा तो साल दो साल में एनएमसी अपना हाथ पीछे खींच सकती है। ऐसे में छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक सकता है। काफी प्रयास के बाद इस कॉलेज को पीजी की मान्यता मिली है। जानकारों का मानना है कि प्रमोशन की प्रकिया रुकी हुई है। सरकार द्वारा छिटपुट प्रमोशन दिया गया है। पूरे राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में प्रमोशन नहीं होने के कारण उसके नीचे के पद खाली नहीं हो रहे हैं। प्रमोशन होने के बाद वह पद रिक्त होंगे और फिर उन सभी खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं कॉलेज के प्राचार्य डॉ ज्योति रंजन भी इस बात को स्वीकार करते है कि हमारे यहां प्रोफेसर की काफी कमी है। मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर के कुल 33 पोस्ट है, जिसमें महज 8 प्रोफेसर ही कार्यरत हैं बाकी 25 पद रिक्त पड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोफेसर नहीं रहने के कारण पठन पाठन में परेशानी आ रही है। लेकिन किसी तरह इसे मैनेज किया जा रहा है।

# जामताड़ा में पुलिस ने विदेशी शराब फेक्ट्री का किया भंडाफोड़

## 18 लाख की विदेशी शराब बरामद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** जामताड़ा पुलिस ने नकली विदेशी शराब फैक्ट्री का उदभेदन किया है। पुलिस ने 18 लाख रुपए को विभिन्न ब्रांडो कि नकली विदेशी शराब के साथ 5 लाख रुपए मूल्य का कच्चा स्पिरिट बरामद किया है। छापेमारी के दौरान जंगल और अँधेरे का लाभ उठाकर तस्कर भागने में सफल रहे। एसडीपीओ ने बताया कि 1 सितम्बर को पुलिस अधीक्षक जामताड़ा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि अंतराजीय शराब तस्कर मनोज मंडल पिता स्व धीरेन मंडल पता फागुडीह थाना जिला जामताड़ा द्वारा ग्राम मुचाईडीह में अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर विभिन्न ब्रांडो का अवैध रूप से नकली विदेशी शराब का निर्माण कर झारखण्ड एवं अन्य राज्यों में बिक्री किया जा रहा है।सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जामताड़ा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया जिसमे थाना प्रभारी, जामताड़ा राजेश मंडल, अविनाश कुमार, अलखनाथ चौबे, धनञ्जय कुमार सिंह एवं सशत्र बल के जवानो को शामिल किया गया।छापामारी दल ने त्वरीत कारवाई करते हुए छापामारी के क्रम में ग्राम मुचाईडीह के एक अर्धनिर्मित मकान जो जंगल के किनारे अवस्थित है, से भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब एवं शराब निर्माण करने वाली वस्तुओ तथा अन्य पदार्थों को बरामद किया गया।

### बाघमारा में भादो मावस महोत्सव की तैयारी

**कतरास।** बाघमारा स्थित श्री श्री रानी सती मंदिर में 49 वां भादो मावस महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जायेगा. इस मौके पर सोमवार 02 सितंबर को श्रद्धालु महिला भक्तजनों द्वारा प्रात : 10 बजे से मंगल पाठ का आयोजन किया जायेगा. इसके अलावा संध्या पूजन तथा रात्रि में आसनसोल की प्रसिद्ध पाठ वाचिका शिल्पा अग्रवाल द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा. जबकि 03 सितंबर दिन मंगलवार को मंगला आरती, दादी जी की पूजा ज्योत एवं सवामणी भोग व छप्पन भोग तथा दिन 3 बजे से वाराणसी के प्रसिद्ध भजन गायक इंदु पाण्डेय व अमित पाण्डेय की मंडली के द्वारा जागरण तथा पूणार्हुति के उपरांत प्रसाद वितरण का आयोजन किया जायेगा. इस मौके पर मंदिर में भव्य सजावट की गई है. यह जानकारी मंदिर में आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजन समिति ने दी. प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से सांवर लाल शर्मा, दिनेश हेलीवाल, रानी पोद्दार, आभा हेलीवाल, संजय हेलीवाल, महेश सर्राफ, संजय पटवारी, अजय हेलीवाल, सज्जन पटवारी, श्याम हेलीवाल, विनायक अग्रवाल, रमेश हेलीवाल उपस्थित थे।

# डिगवाडीह डीएवी मॉडल स्कूल के दो बच्चों को मिला एम्स व रिम्स में स्थान

**खबर मंत्र संवाददाता**



**जोड़ापोखर।** डिगवाडीह डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई के आलोक रंजन को एम्स,देवघर तथा श्रेया कुमारी को रिम्स, राँची में स्थान मिला। यह सूचना मिलते ही स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई एवं स्कूल की प्राचार्या श्रीमती महुआ सिंह ने दोनों बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ये दोनों बच्चे उनके स्कूल के होनहार एवं मेधावी छात्र हैं। आलोक रंजन 2022-2023 में बायो का छात्र रहा जो 95% से उत्तीर्ण हुआ तथा द्वितीय स्कूल टॉपर भी था। इसने नीट 2024 में 695/ 720 स्कोर लाया एवं जिले में तीसरे स्थान पर रहा,वहीं ऑल इंडिया रैंक 3012 था। वहीं दूसरी ओर श्रेया कुमारी 2023 24 में बायो की छात्रा रही, 97.2% से 12वीं सीबीएसई की परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल में प्रथम स्थान,जिला में द्वितीय स्थान तथा राज्य में छठे स्थान पर रही। नीट 2024 में इसका स्कोर 680 / 720 रहा। ये दोनों मेधावी छात्रों ने न केवल अपने माता पिता का मान बढ़ाया बल्कि स्कूल का परचम भी लहरा दिया है, जिससे आने वाले बच्चों को नई प्रेरणा मिलेगी। प्राचार्या महोदया ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनको बधाई दी साथ ही गौरवान्वित कर देने वाली सूचना से शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच खुशी की लहर है।

### सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन कैंप में 34 महिलाओं ने लगाया टीका

**धनबाद।** मारवाड़ी युवा मंच की ओर से रविवार को सरायढेला स्थित कल्याणी डायग्नोस्टिक में सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन कैंप लगाया गया। जिसमें इस बीमारी से पीड़ित 34 महिलाओं को टीका लगाया गया। रोग विशेषज्ञ डॉ. रीना बर्नवाल ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दी और वैक्सीनेशन से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए। डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालकों ने बताया की जानकारी के अभाव में हर साल देश में हजारों महिलाओं को अपनी जान गंवानी पड़ती है। लेकिन समय रहते सटीक जांच करा कर इस बीमारी से बचा जा सकता है। मौके पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अप्सरा अग्रवाल, और डॉ. राजलक्ष्मी तुबिद, मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, अजय तायल, सरायढेला शाखा के अध्यक्ष प्रवीण केजरीवाल, सचिव पंकज गोयल आदि उपस्थित थे।

# भाजपा में घमासान : भितरघातियों के घुसपैठ के खिलाफ शुद्धिकरण हवन

**खबर मंत्र संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद भाजपा महानगर में घमासान रुकने का नाम नहीं ले रहा ह। प्रदेश भाजपा द्वारा नई कमिटी गठित किए जाने के बाद उठा असंतोष का बवंडर दिल्ली तक पहुंचने को है। इधर पार्टी के प्रमुख कार्यकताओं ने नव -गठित जिला कमिटी में भितरघातियों के घुसपैठ का आरोप लगाते हुए ₹शुद्धि -करण' हवन किया। हवन यज्ञ में जुटे कार्यकताओं ने कहा कि जिला अध्यक्ष स्वयं लोकसभा चुनाव में पूरी तरह निष्क्रिय और संदिग्ध बने रहे। हद तो तब हो गई जब जिला कमिटी में तमाम भितरघातियों को जिला में पदाधिकारी बना दिया। दागियों को भी पैसा लेकर पद दे दिया हवन करते हुए भाजपा प्रदेश कार्य समिति के पूर्व सदस्य ने कहा कि जिन लोगों ने विगत लोकसभा चुनाव में पूरे मनोयोग से कार्य किया उन्हें ही किनारे करके जिला अध्यक्ष ने अपने संगठन - द्रोही चेहरे को उजागर किया है। इससे ईमानदार कार्यकर्ताओं का मनोबल जबरदस्त तरीके से नीचे गिरा है। पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव ने कहा कि जिला अध्यक्ष की और उनकी पूरी कमिटी का हकीकत जानना चाहते हैं तो लोकसभा चुनाव के प्रभारी, लोकसभा चुनाव के संयोजक, लोकसभा के पार्टी के प्रत्याशी, विधानसभा स्तर के प्रभारी व संयोजक और कार्यक्रम -प्रभारी सहित जिले के सभी प्रदेश कार्य समिति सदस्यों से जानी जा सकती है। श्री यादव ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से मांग की कि इस नीर क्षीर प्रक्रिया से वे जांच करवा लें तब वे स्वयं आश्चर्यजनक यथार्थ से अवगत से हो पायेंगें। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेश सिंह चन्द्रवंशी ने कहा जिला अध्यक्ष स्वयं दागदार हैं और अपने जैसे लोगों को जिला कमिटी में जगह देकर संगठन में नाकारात्मकता और निराशा का भाव भर दिया है ऐसे में हवन द्वारा ही शुद्धि -करण हो सकता है। पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार मंडल ने कहा कि संगठन की गरिमा और मयार्दा को अक्षुण्ण बना रहे इस निमित्त दागियों, भितरघातियों और अवसरवादियों से पार्टी को बचाना पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि अब₹ जिला अध्यक्ष हटाओ - पार्टी बचाओ अभियान को और अधिक व्यापक बनाया जायेगा तभी रिमोट से पार्टी चलाने वाले स्वार्थी और कपटी नेता का असली चेहरा सामने आऐगा।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला पदाधिकारी नितीन भट्ट, संजय झा, चन्द्र शेखर मुन्ना, राज कुमार सिंह नन्हकी, अनिल शर्मा, सुखेश कुमार,पूर्व मंडल अध्यक्ष में सर्वश्री अशोक सिंहा, प्रीतपाल सिंह आजमानी, अरूण साव, संतोष कुमार, अभिषेक पाण्डेय, लल्लू तिवारी संतोष साव, मनोज यादव बेबी, आला पाल, विशाल श्रीवास्तव, देवचन्द्र ठाकुर, बिरेंद्र वर्मा, कृष्णा मोदी, जयंत चौधरी, रंजन गुप्ता, गोविंद पाठक, मनोज भवानी, राजेश श्रीवास्तव , बिनोद सिन्हा, जितेन्द्र झा, अजय तिवारी, कैलाश गुप्ता,सुनील साव, रामजी मिश्रा, शशिकांत निराला, मनोज साव सहित बड़ी संख्या में भाजपाई शामिल हुए।

### भाजयुमो ने किया विरोध प्रदर्शन




**गोविंदपुर।** भाजयुमो धनबाद जिला ग्रामीण की ओर से आज यहां सरकार का पुतला दहन किया गया। नए नेताओं ने खा कि सरकार द्वारा हड़बड़ी में निकाली गई उत्पाद सिपाही की बहाली के कारण राज्य के युवाओं की हो रहा स्वास्थ्य क्षति और मौत एवं इलाजरत अभ्यार्थियों को अस्पतालो में अच्छी इलाज ना प्रदान करने को लेकर युवा विरोधी सरकार है। मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीष साव के नेतृत्व मे गोविंदपुर स्थित हरदेव राम स्मिर्ति भवन से गोविंदपुर बाजार तक मशाल जुलूस निकाला गया और पुतला दहन किया गया । जिसमे भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ,युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष साव ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह , तारा देवी ,बलदेव महतो ,रतिरंजन गिरी ,दिनेश मंडल ,तलेश्वर साव ,बम्पी चक्रबोर्टी ,जग्गू साव, गोविन्द राय ,रंजीत सिंह ,गोपाल भारती ,बृहस्पति पासवान, समीर साव ,रेखा विश्वकर्मा ,अमादीप सिंह, कृति रुज ,विजय रुज, अभिमन्यु कुमार ,रमेश पांडे ,धीरज मिश्रा ,अजय साहनी ,इंद्रजीत मंडल ,बमबम साव ,संतराम सिंह ,सीमांत मंडल ,पिंकू कुमार ,सीबू मंडल, अश्विनी मंडल, गोपाल पाल ,मदन महतो, रवि महतो, अभिषेक कुमार, रवि कुमार ,सोमेन कुमार सिंह ,सुभाष मुर्मू ,सचिन कुमार मौजूद थे।

## भाजपा एसटी कार्यकताओं ने किया जिलाध्यक्ष, महामंत्री मंडल अध्यक्ष का विरोध

**जामा।** जामा प्रखंड अंतर्गत बारापलासी हाईस्कूल मैदान में रविवार को भाजपा के एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरीश मरांडी के अध्यक्षता में जामा मंडल में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राजेन्द्र मुर्मू ने कहा कि जिलाध्यक्ष गौरवकांत, जिला महामंत्री मनोज पांडे एवं पूर्व जिलाध्यक्ष निवास मंडल के द्वारा विगत लोकसभा चुनाव में पार्टी विरोधी कार्य में काम किये थे और अगामी विधानसभा चुनाव में इस सब पर कार्यकताओं को भरोसा नहीं है कि इनलोगों द्वारा संगठन के हित में काम किया जाएगा।बैठक में नारेबाजी करते हुए अभिलंब दुमका जिलाध्यक्ष, महामंत्री एवं मंडल अध्यक्ष हटाने की मांग की गई। बैठक में राजीव कुमार मुर्मू, पुलिस हेम्ब्रम, हेमलाल मुर्मू,निर्मल मुर्मू, सुनील टुडू, शेवाधन बास्की, राजेश बास्की, प्रेमशल टुडू, रामलाल हांसदा, रूसीलाल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अभाविप ने सरकार का फूंका पुतला

### उत्पाद विभाग के दौड़ में मृत अभ्यर्थियों के परिवार को सरकारी नौकरी देने का मांग

खबर मन्त्र संवाददाता


पुतला दहन करते अभाविप कार्यकर्ता

**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने रविवार को राज्य सरकार का पुतला दहन किया। पुतला दहन का कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज मंत्री अभिषेक पाल ने किया। इस अवसर पर कॉलेज अध्यक्ष अमन कुमार साह ने कहा कि उत्पाद सिपाही की दौड़ में अभी तक 11 अभ्यार्थियों की मृत्यु हो चुकी है। यह सरकार की विफलता एवं खराब सिस्टम के कारण मुख्यमंत्री राज्य के युवाओं को गर्त में भेजने का आरोप लगाया हैं। यदि उत्पाद सिपाही की चयन में कुछ अभ्यार्थियों का परीक्षा एवं कुछ अभ्यार्थियों का दौड़ कराया जाए तो जितनी भीड़ देखने को मिल रही है। शायद इस प्रकिया के माध्यम से ऐसी घटनाओं में कमी हो सके। अभाविप ने जहां जहां दौड़ हो रही है। वहां उचित व्यवस्था करने का मांग किया। उक्त स्थान पर मेडिकल, पानी, एंबुलेंस, मेडिकल कैंप की व्यवस्था किया जाये। जिससे दौड़ रहे अभ्यार्थियों को किसी प्रकार की समस्या नहीं हो। साथ ही दौड़ में दिवंगत अभ्यार्थियों के परिवार को सरकार द्वारा आर्थिक सहयोग एवं सरकारी नौकरी देने का मांग अभाविप ने किया है। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज सोरेन, लाखीराम मंडल, जिला संगठन मंत्री धनंजय साह, उपेन्द्र दास, चंद्रदेव, विवेक, अमित ठाकुर, गायत्री कुमारी, चंदन यादव, अभिषेक, डॉ बीरेन गोरायं, डॉ जितेंद्र झा, प्रेम यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## झामुमों विधायक बसंत सोरेन के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**दुमका।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक बसंत सोरेन के जन्मदिन के अवसर पर झामुमो नगर कमेटी ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में विधायक बसंत सोरेन भी मौजूद रहे। इस अवसर पर 25 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री सोरेन ने कहा कि रक्तदान महादान है। ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। जिससे लोगों में जागरूकता फैले। रक्तदान शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर प्रभारी रवि यादव ने किया। इस मौके पर जिला सचिव शिव कुमार बास्की, शिवेंदु चक्रवर्ती, दिनेश मुर्मू, आनंद गुटगुटिया, पराक्रम शर्मा, आदित्य श्रीवास्तव आदि दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छात्रों को किया गया सम्मानित

**जामा।** आइडियल कंपटीशन सेंटर खुटाबांध दुमका के तत्वावधान पर निदेशक शिव नारायण दर्वे के द्वारा जामा प्रखंड अंतर्गत सिमरा पंचायत में रविवार को 'प्रतिभा सम्मान समारोह सह करियर काउंसलिंग' का आयोजन किया गया। यह आयोजन वर्ष 2024 में सफल हुए इंटर और मैट्रिक के विद्यार्थियों के बीच किया गया। आइडियल कंपीटीशन सेंटर के द्वारा लगातार दूसरा वर्ष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिवाकर महतो, विशिष्ट अतिथि बाल कल्याण समिति के सचिव डॉ अमरेंद्र यादव ,उप प्रमुख जामा पूनम देवी ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि दिवाकर महतो ने सम्मान समारोह में सफल विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन की अमूल्य रत्न है, शिक्षा से ही या देश और मानव में विकास हो सकता है।

# कथारा स्टॉफ रिक्रिएशन क्लब परिसर में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की अहम बैठक

### मोर्चा की विस्तारिकरण तथा अन्य मुद्दों पर गहन मंथन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/कथारा।** रविवार को लगभग 11 बजे के आसपास कथारा स्थित स्टाफ रिक्रिएशन क्लब परिसर में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा बेरमो अनुमंडल की एक अहम बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के बेरमो अनुमंडल अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी व संचालन शंकर पासवान द्वारा किया गया जबकि इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मोर्चा के प्रदेश संयोजक मो महबूब आलम खास तौर पर उपस्थित थे। घंटो चली इस बैठक में मोर्चा के बेरमो अनुमंडल अध्यक्ष श्री अंसारी ने कहा कि मोर्चा की विस्तारिकरण करना काफी जरूरी है चूंकि मोर्चा का कार्य क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। मौके पर सर्व सम्मति से विभिन्न पदो का चयन कर उन पदो पर योग्य एवं संघर्षशील लोगो को नियुक्त करते हुए मोर्चा के अनुमंडल अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि जिन लोगों को जो भी जवाबदेही मिली है सभी अपना अपना कार्य पुरी लगन और मेहनत से करेंगे। जबकि मौके पर मौजूद प्रदेश संयोजक श्री आलम ने कहा कि लगातार जिस तरह लोगो का समर्थन मोर्चा को मिल रहा है जिसे देख यह कहना गलत नहीं होगा कि आने वाले कुछ दिनों मे झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा एक मजबूत और शक्तिशाली संगठन बन कर उभरेगी।दुसरी तरफ बैठक में मौजूद लोगों को जानकारी देते हुए मोर्चा के प्रदेश संयोजक ने बताया कि पिछले दिनों मोर्चा द्वारा विधानसभा में कुछ प्रस्ताव भेजे गए थे उसमे कुछ पर सहमति बनी है बाकी वार्ता जारी है। इस बैठक में उपरोक्त मोर्चा के नेताओ के अलावे मो बेलाल, मो मुख्तार, मो रफीक, मो जलील, मो खुर्शीद, मो युनूस, सेराज अंसारी, कलाम अंसारी, मुस्ताक अहमद, मो खलील, मो समीर उददीन, शाने रजा, रसीद, नौसाद अंसारी, अब्दुल जब्बार,मो रशीद, दिलदार हुसैन,मो अयूब अंसारी के अलावे दर्जनों लोगों उपस्थित थे।

## बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विदाई

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से अगस्त 2024 माह में सेवानिवृत्त होने वाले 10 अधिशाषी व 31 अनाधिशाषि कर्मियों के लिए ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीजीएम आरएम एंड एमएचपी धनंजय कुमार उपस्थित थे। समारोह के आरम्भ में एजीएम मानव संसाधन डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने आगंतुकों का स्वागत किया तथा सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी दी। साथ ही प्रत्येक सेवानिवृत हो रहे कर्मियों का बायोडाटा प्रस्तुत किया। सीजीएम धनंजय कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनकी निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किये। अगस्त 2024 में बीएसएल से कुल अधिशासी तथा 31 अनाधिशासी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन एचआर की एजीएम डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने किया।

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस हेल्पलाइन नंबर जारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** नव पदस्थापित पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के निर्देश पर महिलाओ के प्रति सुरक्षा को लेकर पुलिस हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्पोट्टा ने बताया कि महिलाओ के प्रति हो रहे अपराध चालक द्वारा किसी प्रकार की अभद्रता एवं शराब सेवन कर वाहन चलाने पर अवश्य शिकायत करें। टोटो ओटो के द्वारा जागरूकता और प्रसार -प्रसार किया जा रहा हैं। इस मौके पर गोड्डा एसडीपीओ जेपीएन चौधरी, प्रशिक्षु डीएसपी गौरव कुमार, नगर थाना प्रभारी दिनेश महली , सदर इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक, महिला थाना प्रभारी गुलाब किस्पोट्टा, जिले के सभी सुरक्षा कर्मी उपस्थित थे कंट्रोल व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 9262998682, 0642222200, महिला पीएस, 9431134795 किसी भी आपात स्थिति मे इन नंबरों पर सम्पर्क कर घटना की जानकारी या शिकायत दर्ज करा सकते हैं ये हेल्प लाइन 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।

## सीआरएम 3 के इंडस्ट्रियल कूलिंग वॉटर के फिल्ट्रेशन प्रणाली का शुभारंभ

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के सीआरएम 3 विभाग के वाटर सप्लाई सिस्टम में इंडस्ट्रियल कूलिंग वॉटर के फिल्ट्रेशन प्रणाली का उद्घाटन अधिशासी निदेशक मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद ने किया। इस अवसर पर सीआरएम - 3 के सीजीएम दीपक राय सीजीएम अरूण कुमार जीएम केके सिंह डीजीएम चंद्रशेखर कुमार एजीएम ललित मोहन एवं एके मांझी के साथ विभाग के वरीय अधिशासी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। इंडस्ट्रियल कूलिंग वॉटर के फिल्ट्रेशन प्रणाली के प्रचालन से सीआरएम 3 विभाग के उपकरणों का बेहतर प्रदर्शन होगा। इस अवसर पर ईडी राजन प्रसाद ने सीआरएम 3 में हाउसकीपिंग का जायजा लिया। उन्होंने सीजीएम दीपक राय और उनकी टीम को बधाई भी दी।

### राष्ट्रवादी विचार मंच के बैनर तले संपन्न विचार गोष्ठी में

# केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान, झारखंड सरकार पर बरसे

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाने को लेकर राज्य सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि अगर झारखंड को बचाना है तो इस बार झारखंड में भाजपा और एनडीए की सरकार बनाना होगा तभी इस राज्य को बचाया जा सकता है। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान कल देर शाम बोकारो के सेक्टर 3 सी स्थित पूज्य तपस्वी जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रवादी विचार मंच द्वारा ₹झारखंड किधर....₹ शीर्षक पर आयोजित विचार गोष्ठी को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बातें वह झारखंड का चुनाव प्रभारी होने के नाते नहीं बल्कि देश का एक सच्चा नागरिक होने के नाते बोल रहे हैं। श्री चौहान ने कहा कि विपक्ष जात पात को लेकर हमें बांटने की कोशिश में लगा हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम लोगों ने धारा 370 हटाने का राम मंदिर बनाने का वादा पूरा किया लेकिन झारखंड में झामुमो और कांग्रेस ने पिछले चुनाव में जनता से जो वादे किये थे साढ़े चार साल में उसे अब तक पूरा नहीं किया। 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी का वादा किया था लेकिन नौकरी नहीं मिली। श्री चौहान ने कहा कि अब फिर से चुनाव आ रहा है और जेएमएम जनता से फिर झूठे वादे कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप के पूर्व अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगन्नाथ शाही ने की। संयोजक की भूमिका राजेन्द्र विश्वकर्मा ने निभाई जबकि मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो और विशिष्ट अतिथि के रूप में बोकारो विधायक बिरंची नारायण मौजूद थे। इसके पूर्व समाजसेवी सह उद्योगपति बांके बिहारी सिंह ने शिवराज सिंह चौहान का मंच पर स्वागत किया।

## विस्थापितो का 49वें दिन जीएम कथारा के आश्वाशन पर धरना हुआ समाप्त

**बेरमो।** विस्थापित प्रमाणपत्र सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर गोविंदपुर परियोजना समीप लहरियाटांड़ के विस्थापितों द्वारा 15 जुलाई से लगातार धरना पर बैठे, जिसे कथारा जीएम के आश्वासन पर समाप्त कर दिया गया। इस संबंध में सीसीएल के कथारा जीएम संजय कुमार ने बताया कि विस्थापितों को एक महीने के अंदर विस्थापित प्रमाणपत्र, सड़क, पानी की सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। वहीं ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष चंद्रिका रजक ने कहा कि जीएम के आश्वाशन पर लहरियाटांड़ के ग्रामीण धरना को समाप्त कर रहीं है लेकिन हमलोगो की मांग यदि पूरा नहीं होता है तो हम ग्रामीण एक माह बाद फिर से सूचना देकर चक्का जाम कर धरना देंगे। जमीन अधिग्रहण करने के बाद भी हम लोगो को पुनर्वासित नही किया गया।

# दो दिवसीय प्रांतीय संस्कृति महोत्सव का हुआ समापन

खबर मन्त्र संवाददाता





**बेरमो।** रविवार को स्थानीय विद्यालय अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में दो दिवसीय प्रांतीय संस्कृति महोत्सव का धूमधाम के साथ समापन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या भारती झारखंड के प्रदेश सचिव अजय तिवारी के द्वारा भारत माता, मां शारदे और ॐ के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पर्चन कर किया गया। उनके साथ इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद विभाग प्रमुख विवेक नयन पांडे, हजारीबाग विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिंह, निरीक्षक वीरेन टुडू, रमेश कुमार, स्थानीय विद्यालय के समिति सचिव अमित कुमार सिंह, अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष रामनरेश द्विवेदी, अभिभावक प्रतिनिधि रीमा सिंह, मकोली विद्यालय के अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह, प्रधानाचार्य में अभिलाश गिरी, मंटू गिरी एवं संस्कृति ज्ञान के प्रांत प्रमुख जगत नंदन, सह प्रांत प्रमुख अजय कुमार मंडल मुख्य रूप से उपस्थित थे। अतिथियों का परिचय सह सम्मान विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा के द्वारा कराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश सचिव ने कहा कि, इस प्रकार की प्रतियोगिता से भारत की संस्कृति एवं सभ्यता का विकास होता है। विद्या भारती हमेशा से इस प्रकार के कार्य के लिए तत्पर रहती है।

हम किस प्रकार की युवा पीढ़ी का निर्माण करना चाहते हैं, जो कर्तव्य निष्ठ एवं देशभक्ति से ओत प्रोत हो। अपने देश, अपने संस्कृति के प्रति जिनके मन में सम्मान हो हम ऐसी ही पीढ़ी का निर्माण कर रहें है। ज्ञात हो इस प्रांत स्तरीय संस्कृति महोत्सव में कुल मिलाकर 6 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। जिसमें संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच कथा कथन, त्वरित भाषण, मूर्ति कला, लोक नृत्य, आचार्य पत्र वाचन सामिल थे। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए झारखंड प्रांत के कुल आठ विभागों से लगभग 370 भैया बहन एवं 80 संरक्षक आचार्य बंधु भगिनी ने भाग लिया। इस पूरे कार्यक्रम का क्रियान्वयन संस्कृति ज्ञान के क्षेत्रीय प्रमुख विवेक नयन पाण्डेय जी के द्वारा किया गया।जहां उन्होंने प्रतिभागी भैया बहनों को पुरस्कार देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य विद्या भारती के सानिध्य में भारत की संस्कृति और सभ्यता को पूरे विश्व में सबसे आगे लेकर जाना है। इसका आरंभ भैया बहनों के माध्यम से करने का प्रयास किया जाता है। क्योंकि यही भैया बहन आगे चलकर देश के भविष्य को निश्चित करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इस पूरे कार्यक्रम की प्रमुख के रूप में विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या रंजू झा, और भगवती नोनिया का विशेष योगदान रहा।इनके अथक मेहनत और प्रयास से यह कार्यक्रम सफल रहा। इनके सहयोग में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सुनील चंद्र झा, नवल किशोर सिंह,साधन चंद्र धर,राकेश कुमार सिंह उमाशंकर दिवाकर पांडे, रंजीत कुमार यादव रवि कुमार एवं आचार्य निभा सिंह, श्रेया बरनवाल, मिशा कुमारी, श्वेता कुमारी ,अनिमा कुमारी, पूजा शर्मा तत्पर रहे। विद्यालय के सचिव अमित कुमार सिंह ने कार्यक्रम के अंत में आए हुए अतिथियों को धन्यवाद दिया। और आगे भी अथक मेहनत और परिश्रम के साथ भारत की संस्कृति को आगे बढ़ाने में हमेशा सहयोग करेंगे। इसका आश्वाशन दिया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम के साथ किया गया।

## एक नजर में

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष ने किया कुरको में 63 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत दुगार्पुर पंचायत के कुरको गांव में अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सह पूर्व विधायक योगेन्द्र प्रसाद ने 63 केवीए के ट्रांसफॉर्मर का फीता काटकर और स्विच ऑन कर उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक योगेन्द्र प्रसाद का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने खुशी जताई और आभार व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग व पूर्व विधायक ने एक-एक कर ग्रामीणों की समस्यायों को भी सुना। कई समस्याओं का अधिकारियों से बात कर ऑन द स्पॉट निराकरण कराया। अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मैं हर सुख दुख में आपके साथ खड़ा हूँ। जब भी जरूरत हो मुझे बताएं प्राथमिकता के साथ समस्याओं का समाधान करने का यथासंभव प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि हर सुख दुख में पिछले 19 वर्षों से निरंतर गोमिया विधानसभा की सम्मानित जनता के बीच हूं। आपकी हर छोटी बड़ी समस्या का निदान करना और सहूलियत एवं राहत पहुंचाने में जुटा रहता हूं। यह सब आपके विश्वास की शक्ति से संभव हो पाता है। इस विश्वास को कभी टूटने नहीं दूंगा। मौके पर धिरेन्द्र नाथ महतो सुबल महतो मिथलेश महतो विरेन्द्र महतो सुधीर महतो परमेश्वर महतो शंकर स्वर्णकार मिथलेश तिवारी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## जनता की ट्रैफिक समस्या को लेकर डीएसपी से मिले कुमार अमित

**बोकारो।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित आम लोगों की ट्रैफि क से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर बोकारो ज़िला के ट्रैफि क डीएसपी आशीष मंगली से मिले एवं ज्ञापन दिया। कुमार अमित ने ट्रैफि क डीएसपी से कहा कि चास आइटीआइ मोड़ चास प्रखंड मुख्यालय जोधाडीह मोड़ आदि क्षेत्रों में जहां गाँव के गरीब मजदूर व किसानों की आवाजाही ज्यादा होती है वहां बोकारो ट्रैफि क पुलिस द्वारा ग्रामीणों को वाहन जाँच के आड़ में कदम-कदम पर रोक कर अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों में ट्रैफि क पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है। जिला ट्रैफि क पुलिस को इस विषय का संज्ञान लेकर अविलम्ब रोक लगाना चाहिए जिससे जनता को इस समस्या से निजात मिले। ट्रैफि क पुलिस का काम केवल चालान काटना ही नहीं बल्कि यातायात नियमों को लेकर आम जनता को जागरूक करना भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसे लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। इसके अलावे कुमार अमित ने चास चेक पोस्ट जोधाडिह मोड़ सिटी सेंटर सेक्टर 4 में वाहन पार्किंग व्यवस्था बनाने नया मोड़ चेक पोस्ट जोधाडिह मोड़ आइटीआइ मोड़ महावीर चौक धर्मशाला मोड़ एडीएम बिल्डिंग मजदूर मैदान आदि जैसे बोकारो के भीड़भाड़ वाले इलाकों में ट्रैफि क सिग्नल और पुरे शहर में सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं तालगड़िया मोड़ पर ट्रैफि क पुलिस का पोस्ट बनाने की माँग बोकारो ट्रैफि क पुलिस से की है। ट्रैफि क डीएसपी ने इन माँगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर करण गोराईं लालबाबू रतन महतो रोहित सोरेन श्याम महतो चन्द्रप्रकाश दीपक कुमार विकास यादव आदि भी उपस्थित थे।

## तेनुघाट जेल में बंदियों के लिए आयोजित हुआ स्वास्थ्य जांच शिविर

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट जेल में बंद बंदियों के लिए जांच शिविर लगाया गया। मालूम हो कि जांच शिविर में जिला यक्षमा पदाधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झा, डा शंभू कुमार के द्वारा बंदियों का जांच किया गया। इस बारे में तेनुघाट जेल के जेलर नीरज कुमार ने बताया जेल में वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर हमेशा बंदियों का जांच कराया जाता है, ताकि उन्हें किसी भी तरह की बीमारी पाई गई तो उसका तुरंत इलाज कराया जा सके ।इसी के तहत आज तेनुघाट जेल में बंदियों का एचआईवी, टीवी, यौन संक्रमित रोग, हेपेटाइटिस आदि बीमारियों का जांच किया गया। जिसमें 186 जेल के बंदी और जेल कर्मी का जांच किया गया। जांच के बाद सभी लोग को किसी भी प्रकार की बीमारी नहीं पाई गई, सभी स्वस्थ पाए गए । इस मौके पर लैब टेक्नीशियन परमानंद दास, एसटीएलएस अमीर हुसैन, कोऑर्डिनेटर नंदिनी सिंह, कंपाउंडर संजय कुमार मंडल, विजय कुमार सहित जेल कर्मी भी मौजूद थे।

## चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने को थाना प्रभारी ने की महिलाओं के साथ बैठक

**बेरमो।** चोरी की वारदताओं को रोकने के लिए बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने फुसरो स्थित ब्लॉक कॉलोनी महिलाओं के साथ बैठक की। थाना कहा प्रभारी ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि व चोरी रोकने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरा जरूर लगाए। कहा कि किसी भी तरह का घटना हो तुरंत पुलिस को सूचना दे,पुलिस आपकी सेवा के लिए 24.घंटे तैयार है। थाना प्रभारी ने सभी मुहल्ले मे चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है और पुलिस की टीम दिन- रात को गश्त कर रही है। रात मे बाइक से पुलिस पेट्रोलिंग करेगी ताकि और चोरी की घटनाएं न हो सके। चोरी की घटनाओं की रोकथाम लगाने के लिए स्थानीय लोग भी सतर्क हो गए है। इस अवसर पर पूर्व नप चेयरमैन सह भाजपा नेता कृष्ण कुमार सहित प्रशांत सिंह,पिंकू गुप्ता, सुशीला देवी, गीता देवी, नमिता देवी , पिंकी सिंह, सविता देवी, रेणु देवी, संयुक्ता देवी, आशा देवी, रेणु देवी आदि मौजूद थे। बेरमो थाना क्षेत्र की बात करें तो पिछले कुछ समय से यहां चोरी की घटनाएं हुई।

## साउंड सिस्टम मंदिर कमेटी को भेट किया

**बेरमो/फुसरो।** फुसरो नप क्षेत्र के आंबेडकर कॉलोनी, (भोला नगर) के हनुमान मंदिर में सांसद प्रतिनिधि सह समाजसेवी शिवलाल रवि ने मंदिर कमेटी को निजि मद से साउंड सिस्टम सेट( बाजा) भेंट किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि सह समाजसेवी श्री रवि ने कहा कि हम सभी को भगवान के प्रति आस्था है। साउंड सिस्टम होने से पूजा- अर्चना के दौरान मंत्रोचार के उदघोष क्षेत्र में दुर तक आवाज जायेगी। इससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय होते रहेगा। साथ ही मंदिर में भक्ति भजन बजने से लोग आंनदित होगें। इस पर मंदिर कमेटी के लोगो ने उन्हे आभार जताया. मौके पर मंदिर कमेटी के उमेश कुमार रबि, अशोक रविदास, संतोष कुमार, चंदन कुमार, तुलसी कुमार, विक्रम कुमार, रोहित कुमार, धनेश घांषी, विजय कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## आयोजित बैठक में मो जाकीर हुसैन चुने गये आरजेएम के जिला अध्यक्ष

**बेरमो/कथारा।** रविवार को कथारा मे राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा की बैठक सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता मो जाकीर हुसैन तथा संचालन नौशाद अंसारी द्वारा किया गया जबकि इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के पदाधिकारी मो महबूब आलम मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मोबीन रिजवी द्वारा जारी मनोनय पद का जिक्र करते हुए पार्टी के वरीय नेता श्री आलम ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी पत्रांक संख्या आरजेएम/08/24 के अनुसार खेतको निवासी मो जाकीर हुसैन को राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा का बोकारो जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और यह उम्मीद किया गया है कि श्री हुसैन को जो जिम्मेदारी सौपी गई है उस पर वे खरा उतरेंगे। मौके पर ही उपस्थित लोगों ने श्री जाकीर को फुल मालाओ से लाद मोबारकबाद दी। जबकि पदभार ग्रहण करने के बाद श्री हुसैन ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने उस पर जो विश्वास जताया है उसके लिए वे पार्टी और प्रदेश अध्यक्ष के आभारी हैं। कहा कि वे पुरी इमानदारी और निष्ठा के साथ सौपे गए जिम्मेवारियों को पुरा करने का प्रयास करेंगे।

# दूध में मिलावट

दूध दुनिया में सबसे ज्यादा मिलावटी खाद्य पदार्थ है, लेकिन भारत में यह संकट बड़ा है। वैसे भारत पिछले दो दशक से दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। लेकिन लगातार पशुधन संख्या में गिरावट के बावजूद दूध से जुड़े आंकड़े संदेह भी पैदा करते हैं। दूध में पानी मिलाने की कथाएं तो सदियों पुरानी हैं। लेकिन हाल के दशकों में उन खबरों ने डराया है, जिनमें कहा गया कि आपराधिक मानसिकता के मुनाफाखोर दूध में डिटर्जेंट, यूरिया, ग्लुकोज और फॉर्मेलिन आदि मिला रहे हैं। विडंबना देखिये कि सदियों से कहा जाता रहा है कि दूध बलवर्धक व स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ है। आज के दौर में खाने-पीने की चीजों में तमाम रासायनिक पदार्थों की मिलावट के बाद एक दूध से उम्मीद होती है कि बच्चे दूध पीकर तंदुरुस्त बनें। लेकिन जब वे रासायनिक पदार्थों से बना दूध पीएंगे तो उनका क्या स्वास्थ्य सुधरेगा? कल्पना कीजिए कि किसी मरीज को डॉक्टर स्वस्थ होने के लिये दूध पीने को कहे और वह नकली दूध पीने से और बीमार पड़ जाए। वहीं दूसरी ओर रेलवे स्टेशनों व बस स्टैंडों पर भी लगातार नकली दूध की चाय बिकने की शिकायतें आती रही हैं। कुछ वर्ष पहले उ.प्र. के एक रेलवे स्टेशन में सफेद रंग से बने दूध की चाय बिकने की शिकायत सामने आई थी। लेकिन इसके बावजूद इस मिलावट पर अंकुश लगाने के लिये हितधारकों की तरफ से कोई गंभीर प्रयास होते नजर नहीं आते। यह दुखद ही है कि हर घर में प्रयुक्त होने वाले दूध की गुणवत्ता में भारी गिरावट के बाद भी शासन-प्रशासन की दृष्टि में यह गंभीर मुद्दा नहीं है। न ही राजनीतिक दल ही इस गंभीर मुद्दे को संबोधित करते हैं। जिसकी वजह से मिलावट करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

# महिला सुरक्षा?

देश की राष्ट्रपति को भी महिला सुरक्षा को लेकर भारी चिंता हो रही है। वहीं यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि वर्ष 2012 के निर्भया कांड के बाद देश में कोलकाता कांड में भी उसी तरह की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आयी है। आवश्यकता महसूस की गयी कि ऐसे क्रूर अपराधियों को सख्त से सख्त सजा देने वाले कानून लाये जाएं। कालांतर देश में यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम अस्तित्व में आया। दरअसल, महिलाओं के लिये सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ ही विशाखा दिशा-निर्देशों के विस्तार के रूप में इसे अधिनियमित किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले साल, देश की शीर्ष अदालत ने इस अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में गंभीर खामियों की ओर इशारा किया था। साथ ही इससे जुड़ी अनिश्चितताओं की ओर भी संकेत दिया था। इसके उदाहरण के रूप में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिये केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निर्भया फंड अक्सर नकारात्मक कारणों से सुर्खियों में रहा है। जिसमें आवंटित धन का पर्याप्त रूप में उपयोग न करना या फिर इस आवंटित धन का दुरुपयोग होना शामिल है। करीब एक दशक में देश के विभिन्न राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के लिये महिला सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये आवंटित धनराशि का लगभग छिहत्तर फीसदी धन ही खर्च हो पाया है। निश्चित रूप से महिला सुरक्षा की ऐसी चुनौतियों के बीच कम धन का खर्च होना एक विडंबना ही कही जाएगी। वहीं इस दौरान देश में दर्ज किये गए बलात्कार के मामलों की संख्या में केवल नौ फीसदी की ही गिरावट दर्ज की गई है। निश्चित रूप से महिलाओं की सुरक्षा को लेकर शुरू की जाने वाली किसी भी नई पहल पर इन तमाम गंभीर तथ्यों को ध्यान में रखना बेहद जरूरी है।

# असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को भी मिले पेंशन





- आरके सिन्हा

> यूपीएस प्रतिमाह 10 हजार रुपए की न्यूनतम पेंशन गारंटी पेश देती है। यूपीएस से लाखों सरकारी कर्मियों को रिटायरमेंट के बाद आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। वर्ना जिन लोगों को किसी तरह की पेंशन रिटायरमेंट के बाद नहीं मिलती है, उन्हें बहुत कष्ट और जलालत की ज़िंदगी झेलनी पड़ती है। देश के निजी क्षेत्र से जुड़े लाखों-करोड़ों लोगों को हर माह बड़ी मुश्किल से दो-ढाई हजार रुपए ही पेंशन मिलती है।

**सरकार** ने हाल ही में एकीकृत पेंशन योजना यानी यूनीफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को लागू करने की अंततः घोषणा कर दी। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो देशभर में सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियों के हितों की रक्षा करती है। नई पेंशन योजना 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। इससे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद निश्चित पेंशन मिलेगी। इसकी रकम सेवानिवृत्ति से पहले के 12 महीने के औसत मूल वेतन का 50 फीसदी होगी। 25 वर्ष तक की सेवा पर ही यह रकम मिल सकेगी। 25 वर्ष से कम और 10 साल से ज्यादा की सेवा पर उसके अनुपात में भी पेंशन मिलेगी। किसी भी कर्मचारी के निधन से पहले पेंशन की कुल रकम का 60 फीसदी हिस्सा परिवार को मिलेगा।

दरअसल नई पेंशन योजना लागू होने से सरकारी बाबुओं को बहुत बड़ी दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता मिलेगी। केंद्र सरकार के कर्मचारियों की नई पेंशन योजना (एनपीएस) में सुधार की लंबे समय से मांग की जा रही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने अप्रैल 2023 में टीवी सोमनाथन के नेतृत्व में इस पर एक समिति का गठन भी किया था। जेसीएम (संयुक्त सलाहकार तंत्र) सहित व्यापक परामर्श और चर्चा के बाद समिति ने एकीकृत पेंशन योजना की सिफारिश की थी।

भारत में, वृद्धावस्था में वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पेंशन सबसे महत्वपूर्ण साधन है। यह न केवल कर्मचारियों को काम करने के बाद जीवन स्तर बनाए रखने में मदद करता है, बल्कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बाकी जीवन परिवार और समाज, यहाँ तक कि अपने बच्चों की नजरों में सम्मानपूर्वक बिताने का जरिया देता है। जब कर्मचारी सेवानिवृत्त होते हैं तो उनकी आमदनी का स्रोत अचानक खत्म हो जाता है। पेंशन, भले ही सेवा के दौरान प्राप्त होने वाली आय से आधी हो, एक नियमित आय तो प्रदान करता ही है, जो उन्हें आवश्यक खर्च जैसे भोजन, स्वास्थ्य सेवा और आवास के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराता है। इससे वित्तीय अनिश्चितता के खतरे को बहुत हद तक कम किया जा सकता है।

अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने 2004 में राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) शुरू की थी। उसमें कर्मचारियों और सरकार दोनों ने कर्मचारी के मूल वेतन और महंगाई भत्ते (डीए) का 10% योगदान सेवानिवृत्ति निधि में दान किया। इस फंड को बाजार-जुड़े साधनों के मिश्रण में निवेश किया गया था और रिटर्न में प्राप्त आय से पेंशन राशि का निर्धारण किया। हालाँकि, इस प्रणाली ने बहुत आवश्यक वित्तीय अनुशासन भी लाया और सरकार की बिना फंड वाली पेंशन देनदारियों को कम किया। लेकिन, उसने सेवानिवृत्त लोगों के लिए अनिश्चितता भी पैदा की, क्योंकि पेंशन बाजार के प्रदर्शन पर निर्भर थी। उदाहरण के लिए, बाजार में गिरावट के दौरान सेवानिवृत्त लोगों ने कम रिटर्न देखा, जिससे उनकी वित्तीय सुरक्षा के बारे में चिंताएं बढ़ीं। एक बात जान लें कि नई पेंशन का राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा यदि कोई राज्य सरकार इसे लागू करना चाहती हैं तो।

कांग्रेस का एनपीएस पर रुख सदैव अस्पष्ट रहा और लगातार बदलता भी रहा। शुरू में कांग्रेस ने एनपीएस की सराहना की। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इसे एक बेहतर पेंशन मॉडल बताया। हालांकि, बाद में कांग्रेस ने इसकी कमियां निकालनी शुरू कर दीं, मात्र अपने सियासी स्वार्थों के कारण। पुरानी पेंशन योजना को खत्म करने के लिए केंद्र की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ा था। केंद्र से लेकर राज्यों के भी सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम को वापस लाने की मांग करते ही रहे थे। राजस्थान में जब कांग्रेस की सरकार थी तो उन्होंने पुरानी पेंशन को लागू किया, जो आज तक लागू है। हिमाचल प्रदेश में भी पुरानी पेंशन योजना को लागू किया जा चुका है। अब एकीकृत पेंशन योजना पर मोहर लग गई है।

एकीकृत पेंशन योजना की सबसे बड़ी खूबी यही है कि इसमें पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस और राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) की खासियतों को शामिल किया गया है। ओपीएस की तरह यूपीएस में भी निश्चित पेंशन सुनिश्चित की जा रही है और यही मांग कर्मचारियों की लगातार रही है। यूपीएस प्रतिमाह 10 हजार रुपए की न्यूनतम पेंशन गारंटी पेश देती है। यूपीएस से लाखों सरकारी कर्मियों को रिटायरमेंट के बाद आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। वर्ना जिन लोगों को किसी तरह की पेंशन रिटायरमेंट के बाद नहीं मिलती है, उन्हें बहुत कष्ट और जलालत की ज़िंदगी झेलनी पड़ती है। देश के निजी क्षेत्र से जुड़े लाखों-करोड़ों लोगों को हर माह बड़ी मुश्किल से दो-ढाई हजार रुपए ही पेंशन मिलती है। अब आप सोच सकते हैं कि इतनी कम राशि से तो कोई इंसान अपने महीने का चाय-पानी का खर्च भी नहीं निकाल सकता है। मेरे बहुत सारे पत्रकार मित्रों को रिटायर होने के बाद मात्र दो-तीन हजार रुपए मिलते हैं, पेंशन के रूप में। यही हाल अन्य विभागों से जुड़े रिटायर कर्मियों का भी है।

नई पेंशन योजना प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का अहम फैसला मानी जाएगी। इसका लक्ष्य सरकारी कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा देना है। इस तरह की नीति कोई दूरदर्शी नेतृत्व ही ला सकता है। यह एक ऐसी योजना है जो पिछली पेंशन योजनाओं की सारी अच्छी बातों का निचोड़ है। सवाल पूछा जा रहा है कि क्या सरकरी कर्मियों को रिटायर होने पर ग्रेच्युटी के अतिरिक्त एकमुश्त भुगतान का भी लाभ मिलेगा? इस सवाल का जवाब यह है कि कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी के अतिरिक्त एकमुश्त भुगतान का लाभ भी मिलेगा। सेवानिवृत कर्मियों के पास वित्तीय सुरक्षा का अर्थ है कि वे अपने परिवारों की देखभाल करने, बच्चों की शिक्षा में योगदान देने और अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए अधिक संसाधन रख सकते हैं।

## खास बात
## परास्त मानवता

सुधांशु कुमार

**कोरोना** की शुरूआत में जब पूरे विश्व को आशंका थी कि अपने सीमित संसाधनों और विशाल जनसंख्या के कारण कोरोना भारत में त्राहिमाम मचा देगा, तब हमने अपनी सूझबूझ से महामारी को अपने यहाँ काबू में करके सम्पूर्ण विश्व को चौंका दिया था। रातों रात ट्रेनों तक में अस्थाई कोविड अस्पतालों औ? जाँच लैब का निर्माण करने से लेकर पीपीई किट, वेंटिलेटर, सैनिटाइजर और मास्क का निर्यात करने तक भारत ने कोविड से लड़ाई जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

सबसे बड़ी बात यह थी कि भारत इतने पर नहीं रूका। भारत ने कोरोना के साथ इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने के लिए वैक्सीन का निर्माण भी कर लिया था। लगने लगा था कि कोरोना से इस लड़ाई में हम बहुत आगे निकल आए हैं लेकिन फिर अचानक से क्या हुआ कि परिस्थितियां हमारे हाथ से फिसलती गईं और हम हार गए। एक देश के रूप में, एक सभ्यता के रूप में, एक सरकार के रूप में, एक प्रशासनिक तंत्र के रूप में।

आज देश जिस स्थिति से गुजर रहा है वो कम से कम कोरोना की दूसरी लहर में तो स्वीकार नहीं हो सकती। हाँ, अगर कोरोना की पहली लहर में यह सब होता तो एक बार को समझा जा सकता था कि देश इन अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए तैयार ही नहीं था। लेकिन आज? कहाँ गया वो इंफ्रास्ट्रक्चर जो कोरोना की पहली लहर में खड़ा किया गया था? कहाँ गए वो कोविड के अस्पताल? कहाँ गए वो बड़े बड़े दावे? जब वैज्ञानिकों ने पहले से ही कोविड की दूसरी लहर की चेतावनी दे दी थी तो यह लापरवाही कैसे हो गई? आज अचानक देश बेड और ऑक्सीजन की कमी का सामना क्यों कर रहा है?

वो देश जिसकी दुनिया भर में फामेर्सी के क्षेत्र में 60 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है, वो कोरोना में इस्तेमाल होने वाली दवाओं की किल्लत से क्यों जूझ रहा है? अधिकांश राज्य सरकारें औ? प्रशासन एक वायरस के आगे बौने क्यों दिखाई पड़ रहे हैं?

ये जमाखोरों और काला बाजारी करने वालों के आगे भी बेबस नजर आ रही हैं। इससे शर्मनाक स्थिति और कुछ नहीं है।

# महामारी की मार

## विचार-प्रवाह

अमीश

**हम** दोनों रविवार को बातचीत करते हैं। लंदन और मुंबई के बीच अमूमन इसी तरह होती है बातचीत। कुछ दिनों से चर्चा का सिरा एक किताब की ओर मुड़ गया है, जिस पर हमने काम किया है। पिछले रविवार हमारी बातचीत महामारी से हटकर लेखकों और दुनिया के बारे में उनके नजरिए की ओर बढ़ गई। खासतौर से दो लेखकों जेआरआर टोकीन और जॉर्ज आर आर मार्टिन की ओर। पश्चिमी जगत में आधुनिक दौर के फैंटेसी फिक्शन लिटरेचर में इन दोनों का बड़ा नाम है। एक का नाम लॉर्ड ऑफ द रिंग्स से जुड़ा है तो दूसरे का गेम ऑफ थ्रोंस से। शानदार लेखक हैं दोनों। कमोबेश हर लिहाज से सज्जन। दो शानदार सोच वाले लोग और दुनिया के बारे में अलग-अलग दो नजरिए वाले भी।

कुछ लोग कह सकते हैं कि धर्म के बारे में बात करने के लिए पश्चिमी लेखकों की चर्चा क्यों? क्यों नहीं कर सकते जिक्र? देवी सरस्वती तो सबको आशीर्वाद देती हैं। ज्ञान वर्षा हर तरफ से होती है। इसमें देशों और सभ्यताओं की इंसानी सीमाएं नहीं डाल पाती हैं बाधा। टोकीन दुनिया को जिस तरह देखते हैं, उसके पीछे सज्जनता है, अच्छाई है और सही या गलत के बारे में एक साफ-सुथरी नैतिकता है। लॉर्ड ऑफ द रिंग्स में हिंसा दिखती है, लेकिन वह भी सम्मान के लिए है।

मार्टिन की नजर में दुनिया लेकिन ऐसी नहीं है। वह जो दुनिया देखते हैं, उसमें कुटिलताएं हैं, वह दुनिया पाशविक है, निर्मम है। पतनशील, अनैतिक और हिंसक दुनिया। गेम ऑफ थ्रोंस में अक्सर बिना मकसद के हिंसा होती है, महज इसलिए कि कोई किरदार वैसा कर सकता है।

## फेसबुक

**अकेलेपन का बल पहचान !!**

पूज्य बाबूजी की कविता ! समय और हालात ने भले हम सब को अकेला , असहाय कर दिया हो । लेकिन एक अकेले का अपना भी एक बहु प्रचंड बल होता है । धीरज रखें सब ठीक हो जाएगा

**– अमिताभ बच्चन**

## आपके ट्वीट

शीतल देवी को पेरिस पैरालिंपिक्स में नया कीर्तिमान स्थापित करने के लिए बहुत-बहुत बधाई।

उन्होंने दुनिया को ये दिखा दिया कि हौसला और जज्बा हो तो बाधाएं मेरी शुभकामना है, आप इसी प्रकार सफलता और रिकॉर्ड्स की नई ऊंचाईयां छूती रहें। **– राहुल गांधी**





कोल्हान टाइगर के नाम से मशहूर, झारखंड आंदोलनकारी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री चंपई सोरेन जी को जोहार !

भारतीय जनता पार्टी में आपका हार्दिक अभिनंदन है।

**–अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### संकट और समाधान

**रांची** में आवारा कुत्तों द्वारा हमलों की घटनाएं बढ़ रही हैं। सुबह टहलने या रात में अकेले चलने पर कुत्ते पीछा कर राहगीरों को घायल कर देते हैं, जिससे भय का माहौल बन जाता है। काटने पर रैबीज के इंजेक्शन की जरूरत पड़ती है। आवारा कुत्तों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए और अस्पतालों में रैबीज टीकों की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।

**–संजय वर्मा, रांची**

### भ्रामक चकाचौंध

**विदेशों** की चकाचौंध में फंसकर भारतीय युवा रोजगार के लिए कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड आदि देशों में जाते हैं, लेकिन वहां कई बार उन्हें निम्न स्तर के काम करने पड़ते हैं। अमेरिका में 50 प्रतिशत लोगों के पास कुल संपत्ति का सिर्फ 2 प्रतिशत है, और बहुत बड़ा बजट सैनिक कार्यों में खर्च होता है। विदेश जाने से पहले वहां की वास्तविकता जानना महत्वपूर्ण है।

**– श्यामलाल सिंह, रांची**

# प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान की ग्राह्यता में भारत का भविष्य उज्ज्वल

हृदयनारायण दीक्षित

## सामयिक

**अंधविश्वास** राष्ट्रजीवन के लिए घातक है। परीक्षा में सफलता के लिए लोग ठगने वाले बाबाओं की शरण में जा रहे हैं। देश को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। आखिरकार वैज्ञानिक दृष्टिकोण का मतलब क्या है? संसार प्रत्यक्ष है। विज्ञान कार्य कारण की व्याख्या है। भारतीय दर्शन में तर्क और प्रतितर्क का विशेष महत्व है। आधुनिक विज्ञान सबकुछ जानने की जिज्ञासा है। प्राचीन काल में ऋषि सृष्टि रहस्यों पर विचार करते थे। सृष्टि रहस्यपूर्ण है भी। ऋग्वेद में जिज्ञासा है कि मरुत (वायु) किस शक्ति से वर्षा करते हैं? और किस देश से आते हैं? सूर्य प्रत्यक्ष हैं। संपूर्ण जगत के लिए उपास्य हैं। भौतिक सत्य हैं। ऋषि की जिज्ञासा है कि, ह्यह्यवह रात्रि में किस क्षेत्र को प्रकाशित करते हैं।

वैदिक समाज को सूर्य के दर्शन में आनंद मिलता था। सूर्य पर अनेक सूक्त हैं। आधुनिक विज्ञान ने अनेक सौरमण्डल जान लिए हैं। ऋग्वेद में इसी से मिलती-जुलती जिज्ञासा है कि सूर्य हैं कितने? यहां सूर्य पर एक मजेदार प्रश्न है कि सूर्य आकाश से क्यों नहीं गिरता? उसका आधार क्या है? ऋग्वेद में ऐसे सैकड़ों प्रश्न हैं। क्या इन प्रश्नों को वैज्ञानिक नहीं माना जा सकता? विज्ञान का जन्म और विकास ऐसी ही प्रश्न, बेचैन जिज्ञासा से हुआ है। संसार के सर्जक एक देवता का नाम विश्वकर्मा था। ऋषि का प्रश्न है कि जब संसार नहीं था तब विश्वकर्मा ने कहां बैठ कर संसार बनाया। वे सृष्टि निर्माण की सामग्री कहां से लाए?विज्ञान भौतिक जगत के अणु-परमाणुओं व गोचर प्रपंचों का अध्ययन है। चरक संहिता प्राचीन ज्ञान का महान ग्रंथ है। चरक संहिता में आत्मा को द्रव्य बताया गया है। यही बात इसके पहले वैशेषिक दर्शन में है। वैशेषिक दर्शन में आत्मा को द्रव्य बताने की घोषणा क्रांतिकारी है। प्राचीन विज्ञान की जड़ें प्राचीन संस्कृति में हैं। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने बड़ी उन्नति की है। परम्परा की जड़ों को देखना-जांचना अवैज्ञानिक नहीं हो सकता। अथर्ववेद के एक ऋषि ने सफेद बालों को काला करने की दवा खोजी थी। इसे विज्ञान कहेंगे या अध्यात्म। कभी-कभी प्राचीनता के समर्थक भी अतिउत्साह में आधुनिक काल में हुई खोजों को प्राचीन बताते हैं। यह विषय विशेष शोध के लायक है।

भारतीय काव्य परंपरा में आकाश मार्ग और विमान के उल्लेख हैं। विमान की बात कल्पना हो सकती है। विमान की कल्पना के लिए भी वैज्ञानिक चित्त चाहिए। प्राचीन काल में विमान थे या नहीं, यह शोध का विषय है। इतिहास और पुरातत्व का है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए साक्ष्य चाहिए। प्राचीन आख्यान के एक मजेदार पात्र हैं नारद। वह बिना किसी वाहन के दुनिया के किसी भी कोने की यात्रा कर लेते हैं। धरती और आकाश की भी। उनके हाथ में सुंदर वाद्ययंत्र है। नारद का उल्लेख ऋग्वेद में है। महाभारत में है। रामायण में है। नारद यत्र-तत्र-सर्वत्र भ्रमण करते हैं। वे इतिहास के पात्र हो सकते हैं और नहीं भी। दुनिया के किसी भी ग्रंथ में नारद जैसा पात्र नहीं है। वैदिक भारत में तर्कशास्त्र और दर्शन का विकास हो रहा था। आधुनिक काल में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने का काम यहां के विद्वानों ने किया।

प्राचीन भारत अंधविश्वासी नहीं था। ऋग्वेद में प्रकृति के भीतर एक सारभूत नियम व्यवस्था का उल्लेख है। डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार ईश्वर भी प्राकृतिक संविधान में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। प्राचीन विज्ञान में सृष्टि के गोचर प्रपंचों की गहन जिज्ञासा थी। तैत्तिरीय उपनिषद् (उत्तर वैदिक काल) में भृगु को पिता ने बताया अन्न ही संपूर्णता है। अन्न से प्राण हैं। यहां प्रत्यक्ष वैज्ञानिक भौतिकवाद है। फिर कहा प्राण ही सर्वस्व हैं। प्राण के कारण प्राणी हैं।

यहां भी कोई अंधविश्वास नहीं। आगे बताया कि मन ही सब कुछ है और फिर बताया कि विज्ञान ही सब कुछ है। विज्ञान से ही प्राणी जन्म लेते हैं। जीवित रहते हैं और विज्ञान में ही समा जाते हैं।

# मुद्रीकरण मामले में भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं

प्रमोद जोशी

## आर्थिक

**राष्ट्रीय** मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) के तहत केंद्र सरकार की करीब छह लाख करोड़ रुपये की परिसम्पत्तियों का अगले चार साल तक मुद्रीकरण किया जाएगा। चालू वित्तवर्ष में इससे करीब 88,000 करोड़ रुपये की आय होगी। कार्यक्रम का मूल-विचार है कि पुरानी चल रही या बंद पड़ी परियोजनाओं (ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स) को पट्टे पर देकर पूंजी का सृजन किया जाये और उस पूंजी से नई परियोजनाएं (ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स) शुरू की जाएं। परियोजनाओं का स्वामित्व केंद्र सरकार के पास ही रहेगा, जबकि उनको चलाने के जोखिम निजी क्षेत्र को उठाने होंगे।

**तेज इंफ्रास्ट्रक्चर विकास :** इस कार्यक्रम में कुल पूंजी का करीब 65 फीसदी हिस्सा सड़कों, रेलवे और बिजली की परियोजनाओं से प्राप्त होगा। इस योजना के दायरे में 12 मंत्रालयों और विभागों की 20 तरह की संपत्तियां आएंगी, जिनमें मूल्य के हिसाब से सड़क, रेलवे और बिजली क्षेत्र की परियोजनाएं प्रमुख हैं। सूची बहुत बड़ी है, जिसमें टेलीकॉम, उड्डयन, खनन तथा भंडारण जैसे क्षेत्र भी शामिल हैं। इस कार्यक्रम की जरूरत चार कारणों से है। पहली जरूरत तेज आर्थिक विकास के लिए नई परियोजनाओं को, खासतौर से इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में, शुरू करने की है। तेज गति से आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त पूंजी नहीं है और तीसरे, संसाधन एकत्र करने के लिए सरकार के राजस्व संग्रह में सुस्ती है, विनिवेश में अपेक्षित सफलता नहीं मिली है।

**'गति-शक्ति' कार्यक्रम :** चौथे, यह विकल्प उपलब्ध है, जिसका इस्तेमाल हुआ नहीं था। प्रधानमंत्री ने 100 लाख करोड़ के 'गति-शक्ति' कार्यक्रम की घोषणा की। वे 2019 से यह बात कह रहे हैं। राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) के लक्ष्य को हासिल करने के लिए तीन कदम प्रस्तावित हैं: 1.संस्थागत संरचनाएं बनें, 2.परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण हो और 3. केंद्र तथा राज्यों के बजट में पूंजीगत व्यय बढ़े। इसके पहले दिसंबर 2019 में वित्तमंत्री ने 6,835 परियोजनाओं के साथ एनआईपी को लॉन्च किया था। अब एनआईपी का विस्तार कर दिया गया है और इसमें 7,400 परियोजनाएं हो गई हैं। कुछ महत्वपूर्ण अवसंरचना मंत्रालयों के अधीन 1.10 लाख करोड़ रुपये की लागत की 217 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं।

**विकास वित्त संस्थान :** अवसंरचना के लिए पूंजी जुटाने के इरादे से इस साल के बजट में कहा गया कि सरकार 20000 करोड़ रुपये की पूंजी से एक विकास वित्त संस्थान (डीएफआई) स्थापित करेगी। नए संस्थान का लक्ष्य अगले तीन साल में 5 लाख करोड़ का पोर्टफोलियो बनाने का होगा।

डीएफआई की स्थापना के लिए विधेयक संसद ने बजट सत्र में ही पास कर दिया। परिसंपत्ति मुद्रीकरण के तहत एनएचएआई द्वारा चालू की जा चुकी टोल रोड, बिजली की ट्रांसमिशन लाइनें, गेल, आईओसीएल एवं एचपीसीएल की तेल व गैस पाइपलाइनें, टियर-2 एवं टियर-3 शहरों के हवाई अड्डे, केंद्रीय भंडारण निगम, नैफेड इत्यादि की भंडारण परिसंपत्तियां, और खेल स्टेडियम के अलावा काफी परिसंपदा का हिसाब भी अभी देश में नहीं है।

**सड़क, रेल, बिजली :** इनका समुचित इस्तेमाल किया जाए, तो नई परियोजनाओं के लिए पूंजी की व्यवस्था संभव है। सरकार ने जो कार्यक्रम रखा है उसके अनुसार करीब 26,700 किलोमीटर लंबाई की सड़क परियोजनाओं से 1.6 लाख करोड़, रेलवे से 1.52 लाख करोड़, पावर ट्रांसमिशन से 45,200 करोड़, बिजली उत्पादन से 39,832 करोड़ रुपये सरकार को मिल सकते हैं। देश के 25 हवाई अड्डों से 20,782 करोड़ और बंदरगाहों से 12,828 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य है। 'राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन' रोजगार पैदा करने, जीवनयापन में सुधार और सभी के लिए बुनियादी अवसंरचना तक समान पहुंच सुनिश्चित करने में मददगार होगी, जिससे विकास अधिक समावेशी हो सकेगा। इसमें राज्यों के पूंजीगत व्यय हेतु विशेष सहायता योजना और औद्योगिक गलियारे शामिल हैं।

विनिवेश भी 1991 के आर्थिक सुधारों के साथ आई नीति है। सच यह भी है कि 2008 में यूपीए सरकार ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को पट्टे पर देने के लिए आग्रह पत्र आमंत्रित किया था।

## स्पीड न्यूज

### 39 अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता और कागजातों का सत्यापन आज

**रामगढ़।** जिले में मनरेगा अंतर्गत संविदा के आधार पर 39 पदों यथा प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी 6, तकनीकी सहायक 6 (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक 18 (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक 3, कम्प्यूटर सहायक के 6 पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों की औपबंधिक सूची 17 अगस्त को रामगढ़ जिले के आधिकारिक रामगढ़.एनआइसी.इन पर प्रकाशित की गयी थी तथा अभ्यर्थियों से 22 अगस्त तक दावा आपति प्राप्त करने की अंतिम तिथि निधारित की गयी थी। दावा आपति आवेदनों के निष्पादन के पश्चात प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक तथा कम्प्यूटर सहायक पद हेतु चयनित अभ्यार्थियों की शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य कागजातों के सत्यापन हेतु औपबंधिक रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची जिले के आधिकारिक वेबसाइट तंउहंती.दपब.पद पर प्रकाशित कर दी गई है। जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है कि अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थी अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र योग्यता एवं अन्य कागजातों के सत्यापन हेतु 2 सितंबर को पूर्वाह्न 11:00 बजे से उप विकास आयुक्त कार्यालय में करायें।

### अरविंद मंडल में गरीबों को कराया भोजन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी अरविंद मंडल ने पुत्र के प्रथम पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय सेवा मंच के बैनर तले रविवार को साप्ताहिक हाट में ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया। कार्यक्रम की शुरूआत अरविंद मंडल ने पुत्र के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद दर्जनो गरीब-जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है और यही मानव धर्म भी है। उन्होंने बताया कि पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा जन सहयोग के माध्यम से गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, रिंकू वर्णवाल, उदयभान दुबे, जितेंद्र मंडल, लालू सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

### ममता देवी ने लगाया जनता दरबार



**गोला(राममढ़)।** रविवार को गोला प्रखंड के मठवाटांड़ स्थित कार्यालय में रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक ममता देवी ने जनता दरबार लगाया और लोगों की समस्याओं को सुनी। जनता ने अपनी अपनी समस्याओं को पूर्व विधायक के समक्ष रखा। स्वास्थ्य सहिया दीदीयों ने अपने मानदेय वृद्धि को लेकर पूर्व विधायक ममता देवी के समक्ष अपनी बातों को रखा और ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक ने उनकी इस मांगों को जल्द मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखेंगे। दोहाकातु पंचायत के ग्राम लोलो के ग्रामीणों ने सड़क की समस्या को लेकर पूर्व विधायक के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा। उन्होंने बीडीओ को सड़क निर्माण के लिए फोन कर जानकारी दी जिसपर बीडीओ ने जल्द सड़क निर्माण का भरोसा दिया।

### कोयला कारोबारियों पर मामला दर्ज

**कुजू।** कुजू पुलिस ने ओपी लकड़ी गेट स्थित एक घर के निकट अवैध रूप से जमा कर रखे गए कोयले के खिलाफ कोयला कारोबारियों पर मामला दर्ज किया गया है। दर्ज मामले में पुलिस ने शनि मंदिर के निकट रहने वाले मनोज कुमार सिंह और नया मोड़ गिद्दी रोड में रहने वाले डब्बू सिंह तथा अज्ञात भू स्वामी पर अवैध रूप से कोयला भंडारण करने को लेकर मामला दर्ज किया गया है। जिसमें अवैध रूप से कोयला भंडारण करने और बेचने को लेकर धारा 303(2)/317(2)/3(5) बीएनएस और कोल माइंस एक्ट 30(पप) तहत मामला दर्ज किया गया है।

### भाजपा भुरकुंडा मंडल की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा भुरकुंडा मंडल की बैठक रविवार को मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के आवासीय कार्यालय जवाहर नगर में हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व संचालन महामंत्री महेंद्र सिंह ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कई विषयों पर चर्चा की गई। 5 सितंबर को भुरकुंडा मंडल कार्य समिति की बैठक होगी, जिसमें चुनाव के निमित्त कार्य समिति का विस्तार व विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की जायेगी। धन्यवाद ज्ञापन मंत्री ज्योति सिंह ने किया मौके पर योगेश दांगी, सत्येंद्र नारायण सिंह, जुगल नायक, राजन पांडेय, ज्योति सिंह, कन्हैया सिंह यादव, सुभाष दास, अनुपम कुमार पाठक, अखिलेश टोप्पो, बाबूलाल नायक, राजु मल्होत्रा, विजय कुमार आदि मौजूद थे।

### किसान फसल बीमा करायें : शैलेश



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चिकोर पैक्स अध्यक्ष इंद्रप्रकाश कुशवाहा उर्फ शैलेश कुशवाहा ने बताया कि अब तक चिकोर पैक्स लिमिटेड भुरकुंडा में धान एवं मकई का 480 किसानों का फसल बीमा के तहत फॉर्म ऑनलाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अभी झारखंड में लागू है, जो 15 सितंबर तक जारी रहेगा। इस योजना के तहत किसान अपने खेतों में लगे धान एवं मक्का का फसल बीमा मात्र 1-1 रुपया में करा सकते हैं। जिसके लिए उन्हें आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जमीन की रसीद, वंशावली, वंशावली में मुखिया का हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर देना होगा। कुशवाहा ने बताया कि चिकोर पैक्स भुरकुंडा में अब तक 480 किसानों ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फॉर्म जमा किया है। सभी फॉर्म को चिकोर पैक्स की कम्प्यूटर ऑपरेटर अंजली लहेरी द्वारा ऑनलाइन कर दिया गया है।

# सिपाही दौड़ में अभ्यर्थियों की मौत पर निकली आक्रोश रैली

## सरकार युवकों के मौत की न्यायिक जांच कराये और नौकरी दे : प्रदीप प्रसाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**हजारीबाग।** भाजपा नेता व समाजसेवी प्रदीप प्रसाद ने रविवार को राज्य के उत्पाद विभाग की सिपाही भर्ती में दौड़ के दौरान हुए अभ्यर्थियों के मौत को लेकर शहर के देवांगना चौक से आक्रोश रैली निकाला। इस दौरान हजारो युवा उनके साथ थे। आक्रोश रैली के माध्यम से उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले इस नियुक्ति पर रोक लगनी चाहिए।

उत्पाद सिपाही भर्ती की अधिसूचना 8 अगस्त को निकली, 14 अगस्त को एडमिट कार्ड दिया गया और शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए 22 अगस्त से दौड़ का आयोजन शुरू किया गया। ऐसे में महज 15 दिनों में अभ्यर्थी दौड़ की क्या तैयारी करेंगे? सरकार द्वारा आपाधापी में भादो की उमस भरी गर्मी में दौड़ आयोजित कराने के कारण ही छह बेरोजगार युवक काल के गाल में समा गए। बिना किसी तैयारी के आनन-फानन में चुनाव को देखते हुए भर्ती निकाल दी गयी। भर्ती केंद्रों पर न तो पीने के पानी की व्यवस्था की, न समुचित मेडिकल की कोई व्यवस्था है। ऐसी कुव्यवस्था से तो बेरोजगार युवा मरेंगे ही। कहा कि हेमंत सरकार ने नौकरी नहीं, बल्कि मौत बांटने का इंतजाम क्रिया है। कहा कि अभी १७ लाख सिपाही की भर्ती भी निकाली जाएगी। इस बहरी गूंगी सरकार से यह कहना है की उनकी बहाली तैयारी के साथ ली जाए जिससे की ऐसी घटनाओ की फिर से पुर्नावृति ना हो। कहा कि जनता को बताइए कि आखिर इन छह बेरोजगार युवकों की मौत का जिम्मेवार कौन है? कहा कि राज्य सरकार छह बेरोजगार युवकों के मौत की न्यायिक जांच कराए और मृत युवकों के आश्रितों को उचित मुआवजा तथा सरकारी नौकरी दे। आक्रोशित युवाओं ने कहा कि सरकार खुद लापरवाही कर रही है। दोष युवाओं पर मढ़ा जा रहा है कि वे नशीले दवा का सेवन कर दौड़ रहे है। कहा कि उत्पाद विभाग की भर्ती प्रक्रिया में छात्रों को 1 घंटे में 10 किलोमीटर की दौड़ पूरी करनी होती है। ये मजाक नहीं है। आप किसी की मौत पर उल जलूल बयान देकर अपनी गलती को नहीं ढक सकते। युवा सरकारी नौकरी को पाने के लिए अपने

### अपनी गलती दूसरों पर नहीं मढ़े सरकार : युवा

जान दांव पर लगाने तक को विवश हैं, जबकि राज्य सरकार की संवेदना मर चुकी है। इस दौड़ में जितने भी छात्रों की मौत हुई है उनके परिजनों को अविलंब मुआवजा प्रदान करें और एक मेडिकल टीम गठित कर इस दौर में सही मानकों की प्रक्रिया को पूरा करें। उनके बाद ही दौड़ करवाये।

राज्य के उत्पाद विभाग की सिपाही भर्ती में राज्य भर में अब तक आठ लोगो की मौत हो चुकी है। हजारीबाग में एक सप्ताह के अंदर दो अभियर्थी की मौत दौड़ लगाने के दौरान हो गयी। पलामू में भी ३ की मौत हो चुकी है। हजारीबाग में सिपाही भर्ती की फिजिकल परीक्षा में भाग लेने आये गिरिडीह निवासी सूरज कुमार वर्मा की मौत दौड़ लगाने के दौरान हो गयी। वही २३ अगस्त को मांडू निवासी महेश कुमार की भी मौत दौड़ लगाने के दौरान हो गयी थी।

## सदर विधानसभा में समाजसेवी विक्रम राणा ने किया कार्यकर्ता सम्मेलन, कहा

# 365 दिन जनता की सेवा करूंगा



**कटकमदाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र में समाजसेवी विक्रम राणा ने कार्यकर्ता सम्मेलन किया। उन्होंने कहा कि हर गली मोहल्ले में एक विधायक कार्यालय ,नौकरी देना , बेरोजगारी दूर करना , बेरोजगारी भत्ता देना , शिक्षा को दुरुस्त करना , स्वास्थ्य सेवा को सुद्दढ करना , हर घर पक्का मकान , सरकारी सुविधाओं का लाभ दिलाना, राशन कार्ड , मृत्य प्रमाण पत्र , आवास योजना जैसे अन्य सुविधाओं का लाभ दिलाना यही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि मैं खुद साल में 365 दिन विधानसभा क्षेत्र का मॉनिटरिंग करूंगा हर एक जनता के सुख - दुख में मैं खड़ा रहूंगा तथा मेरी प्राथमिकता ही मेरा वचन होगा तथा सभी वादों को पूरा करेंगे। दिहाड़ी मजदूरी करना तो मजबूरी है लेकिन अपना हक को पहचाने क्योंकि जब चुनाव आता है तब हम लोग वोट देकर शांत हो जाते है । अफसोस लगता है कि कुछ लोग वोट को पैसों से तौल देते हैं पर अबकी बार ऐसा नहीं होगा यह हमारा वचन है क्योंकि अबकी बार बदलाव का बयार आएगा। हेमंत सोरेन पर बरसते हुए कहा कि उन्होंने भ्रमित करने का काम किया है। रोजगार भी नही दिया है मंइया योजना भ्रमित स्किम है, पांच साल पहले क्यों नहीं किया गया चुनाव में सिर्फ 1 से 2 माह बचा है तब क्यों लाया गया।भाजपा और कांग्रेस दो बड़ी पार्टी विश्व में है , तो अब आपको तय करना है कि कैसे चुनाव जीतना है और टिकट किनको मिलना चाहिए। अगर टिकट सही लोगों को न मिले तब वोट का बहिष्कार किया जाएगा । क्योंकि यह हमारा क्षेत्र का चुनाव है इसमे कोई भी लापरवाही नही बरतना है। लोभ में जनता अबकी बार नही फंसे यह सम्मेलन एकता का प्रतीक के लिए है यह सम्मेलन इसी के लिए है की चुनाव में टिकट इस बार अबकी बार लोकल नेता को ही मिले । उन्होंने कहा की बड़ी संख्या में आये हुए भैया - बहनों को धन्यवाद करते हैं एकता चाहिए हमलोग तय करेंगे कि यहां का विधायक कौन होगा और उसमें हमलोग अबकी बार प्रबल हैं। नोट से वोट को खरीदें नही , वोट आपका मूल अधिकार है । वोट का सिलसिला मनमाना तरीका से नही चले। इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### सड़क, नाली व लाइट को लेकर ग्रामीणों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**बरही।** अग्रवाल गली के ग्रामीणों ने सांसद मनीष जायसवाल को एक ज्ञापन सौंपा है। इस गली कि जर्जर स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह गली बरही के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है, जो हजारीबाग रोड को धनबाद रोड से जोड़ती है और बरही चौक के नजदीक स्थित है। इस मार्ग की हालत बहुत खराब हो चुकी है। पिछले 15 वर्षों से सड़क की मरम्मत नहीं हुई है, जिससे जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और नालियां टूटकर अवरुद्ध हो गई हैं। बारिश के दिनों में नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहता है, जिससे महामारी फैलने की आशंका भी बनी रहती है। सड़क के बीचों-बीच सूखे पेड़ दुर्घटना का कारण बन रहे हैं और आसपास के लोग इस गली में कचरा फेंकने के कारण गंदगी का अंबार जमा हो गया है।

# भाजपा का घोषणा पत्र सुझाव अभियान शुरू

**जनता का सुझाव ही पार्टी का होगा संकल्प : राकेश प्रकाश**




**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा हजारीबाग इकाई ने रविवार से घोषणा पत्र सुझाव अभियान की शुरूआत की। जिला कार्यालय से प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, कोडरमा विधायक नीरा यादव एवं जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की उपस्थिति में इस अभियान की शुरूआत हुई।अभियान के तहत पार्टी के पदाधिकारी जिला, प्रखंड और मंडल स्तर तक जाकर युवाओं, महिलाओं, किसान, मजदूर, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, पारा शिक्षक, सहिया दीदी से मिलकर उनकी सलाह लेंगे कि वह कैसा घोषणा पत्र चाहते हैं। इसी को पार्टी अपने संकल्प पत्र में स्थान देगी । विवेकानंद सिंह ने कहा कि इस अभियान के तहत समृद्ध एवं विकसित झारखंड कि संकल्पना को पूरा करने के लिए लोगों से बेहतर सुझाव मांगे जा रहे हैं । उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का यह लक्ष्य है कि झारखंड में समाज के प्रत्येक वर्ग का समुचित विकास एवं उत्थान हो । राकेश प्रसाद ने कहा कि जनता का सुझाव ही हमारा संकल्प होगा । राज्य के लगभग 4 करोड़ जनता को या महसूस होना चाहिए कि यह बीजेपी का घोषणा पत्र नहीं बल्कि जनता का घोषणा पत्र है । हमारा यह प्रयास रहेगा कि इस अभियान के तहत समाज के सभी वर्गों के सुझाव को समाहित किया जाए और इस घोषणा पत्र के आधार पर आने वाले 5 साल में हमारी सरकार कार्य करेगी । नीरा यादव ने कहा कि आपका सुझाव झारखंड में लाएगा बदलाव । इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, सुमन कुमार सुनील मेहता, जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह, भानुमति पासवान , रेणुका साहू, अरविंद सिकरवार, जय नारायण कुशवाहा, कुणाल दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नु गोप, भैया बांके बिहारी, केपी ओझा बटेश्वर मेहता, चंद्रनाथ भाई पटेल, शेफाली गुप्ता, जुगनू सिंह मनमीत अकेला, नगर भाजपा अध्यक्ष विवेक बरियार जिला मीडिया प्रभारी नंदकुमार नंदू, जिला आईटी सेल के संयोजक सुमित लहरी, सह मीडिया प्रभारी विवेक जोशी, मंडल अध्यक्ष मोर्चा के अध्यक्ष मौजूद रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी नंदकुमार नंदू ने दी ।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राधा-कृष्ण प्रतियोगिता



**कुजू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुंदरिया में राधा कृष्ण रूप साज- सज्जा प्रतियोगिता हुआ। जिसमें कक्षा प्रवेश से कक्षा दशम तक के बच्चों ने भाग लिया। साथ ही कृष्ण एवं राधा जी के बाल स्वरूप को प्रस्तुत किया। कुमार महेश सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में गीता कुमारी और रेखा सिंह के निर्देशन में बच्चों ने श्री कृष्णा का बंसी बजाते हुए, माखन खाते हुए ,एवं राधा जी का मनमोहक रूप धारण कर नृत्य के साथ खूब लुभाया। बच्चों ने कान्हा और राधा के रूप में ईश्वर का दर्शन कराया। साथ ही मनमोहन एवं मनभावन प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने कहा कि सनातन धर्म में भगवान किसी न किसी रूप में धरती पर अवतरित होकर संपूर्ण मानव जाति का कल्याण करते रहे हैं।

# सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण : अंबा प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुरसे, जवाहर नगर व चिकोर पंचायत में लगा शिविर, कई समस्यायें तुरंत हुआ हल**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रविवार को कुरसे पंचायत, जवाहर नगर पंचायत और चिकोर पंचायत भवन में शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने किया। अंबा प्रसाद ने झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से इसका शत प्रतिशत लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र का चहंमुखी विकास करने के साथ-साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के प्रति दृढ़संकल्पित है। अंबा प्रसाद ने कहा कि सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए हैं। ग्रामीण संबंधित विभाग में जाकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। विधायक अंबा प्रसाद ने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान कराया। वहीं कई समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देशत किया। शिविर में राशन कार्ड, अबुआ आवास योजना, मंईयां सम्मान योजना, वोटर कार्ड, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजन, मुख्य मंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, स्वर्धन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी सम्मान योजना, हरा राशन कार्ड, विरसा सिंचाई, कूप सर्वधान योजना, वृद्धा, दिव्यांग, सहित जाति, आवासीय, आया आदि प्रमाण-पत्र एवं



बिजली के फॉर्म भरे गए। इस दौरान विधायक ने गंगा सखी मंडल और गायत्री सखी मंडल को 6-6 हजार रुपए का चेक भी प्रदान किया। कुरसे पंचायत में कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया संदीप उरांव, जवाहर नगर पंचायत में मुखिया फुलमती देवी व संचालन सीमा मुखर्जी और चिकोर पंचायत में मुखिया सबीता तुरी ने किया। मौके पर डीटीओ मनीषा वत्स, पतरातू बीडीओ मनोज गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि राज किशोर पांडेय, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, चंदन साव, विक्कू रजक, मनोज साव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### चरही में आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

चरही ।चनारो पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हुआ ।कार्यक्रम की अध्यक्षता चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक और मंच संचालन पूर्व उप प्रमुख सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि चौलेशवर महतो ने किया। ग्रामीणो ने कई योजनाओं के आवेदन दिये गए। बीडीओ ललित राम,सीओ राजमोहन तुरी, जिला परिषद सदस्य बासुदेव करमाली, बीस सूत्री अध्यक्ष बाल कुमार महतो,उपाध्यक्ष लखीराम मांझी,झामुमो के पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो, प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी अशोक राम, प्रखंड एवं अंचल कर्मी सहि ग्रामीण उपस्थित थे।

### बाबा बालक नाथ में जेबिकेएसएस की बैठक



टाटीझरिया । बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर टाटीझरिया में सितंबर रविवार को बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता मनोज महतो और संचालन बालेश्वर महतो ने किया । बैठक में जेबीकेएसएस सुप्रीमो जयराम महतो को विधानसभा चुनाव में मजबूत करने पर हुई चर्चा । बैठक में निरंजन पटेल ,महेश पटेल, बालेश्वर महतो,रोहित कुमार महतो, कमल दास, प्रदीप महतो,संतोष कु .दास,संतोष कु .,मुकेश कुमार प्रजापति,बसंत महतो,रिंकी देवी ,भोला महतो समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### कटकमसांडी में करमा को लेकर बैठक

**कटकमसांडी।** पिपराही मोड़ में बिरसा उरांव के आवास पर करमा पूजा को लेकर रविवार को कटकमसांडी के आदिवासी समाज की बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता ने किया। उन्होंने ने बताया कि करम पूजा मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। आदिवासी संस्कृति और परंपरा के साथ नृत्य-संगीत कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में पूर्व जिला परिषद सदस्य कुलदीप सिंह भोक्ता, अध्यक्ष मंगल उरांव,मंगल मुंडा,महावीर उरांव ,दीपक उरांव,संतोष भोक्ता,मुंडा ,शिवा भोक्ता,संजय भोक्ता, मार्शल मुंडा,दिलीप कुजूर,सुखराम मुंडा,नागेश्वर भोक्ता, रूपू उरांव,ओजिर भोक्ता,कैलाश भोक्ता,कारू भोक्ता, सोमा मुंडा,नेमधारी सिंह भोक्ता, पवन मुंडा, आदि शामिल थे।

### दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने वीरू व सचिव धीरज

**हजारीबाग।** उतरी शिवपुरी कृष्णा नगर हनुमान मंदिर के प्रांगण में आगामी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता मिथलेश सिंह ने किया ।सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में वीरेंद्र कुमार वीरू उपाध्यक्ष विष्णुदत्त पांडेय सचिव धीरज कुमार उपसचिव राजेश जायसवाल कोषाध्यक्ष सीताराम सिंह ,बिक्की संयोजक सुनील सिंह उप संयोजक गोविन्द कुमार संरक्षक फणीन्द्र गुप्ता, मिथलेश कुमार सिन्हा, प्रबल प्रताप,राजीव रंजन, पंकज सिंह आचार्य विजय पांडे पुजारी कार्तिक कुमार, सीमा देवी पूजा प्रभारी के रूप में अजित गुप्ता,श्मीर सिंहा,राकेश कुमार का चयन किया गया। बीरेंद्र कुमार बीरू ने बताया कि इस बार दुर्जा पूजा पूरा भव्य तरीके से आयोजन किया जाएगा। बैठक मेंकैलाश राम,गौरी शंकर सिन्हा,पवन वर्मा,राहुल सिंह,सुदामा कुमार,सुबोध कुमार,हर्ष कुमार,मदन सिंह,पवन गिरी राजेंद्र साव,रामसेवक कुशवाहा , एवं दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बरही में विदेशी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

बरही। शनिवार देर रात रसोइया धमना मोड़ के पास बरही पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग का होंडा सिटी गाड़ी को रोका। होंडा सिटी डब्लूबी 06 बी 5357 के डिक्की में बाक्स बनाकर अवैध रुप से 280 पीस 180 एमएल का रॉयल स्टैग को विधिवत जब्त किया । कार से मनीष कुमार पिता डोमन प्रसाद साकिन बिहार शरीफ भड़ाउ और लल्लू कुमार पिता स्व अर्जुन प्रसाद साकिन मथुरिया मोहल्ला खाड़ी कुआं बिहार शरीफ दोनों थाना लहेरी जिला नालंदा (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार के नेतृत्व में हुई। पकड़ाए युवको ने बताया कि उक्त शराब को वह बिहार ले जा रहे थे।

### मेढ़कुरी पंचायत भवन के छत पर गंदगी का अंबार

**दारू।** मेढ़कुरी पंचायत में आपकी सरकार आपकी द्वारा चलाई गई योजना सरकार द्वारा कार्य का कोरम पूरा किया जा रहा है। जहाँ मेढ़कुरी पंचायत में दारू प्रखंड के अधिकारी और कर्मी के आलावा ग्रामीण जनता छत के नीचे अपने कार्य को संपादित करवा रहे है । विडंबना यह देखिए की छत के उपर गन्दगी झाड़ियां और घास फूस का अंबार है । छत से पानी सीपेज कर रहा है। कुछ दिन पहले पानी के सीपेज से कई बार घटना दुर्घटना हो चुकी है कुछ दिन पहले संजय कुमार दास घर में गहरी नींद में सोया था । अचानक छत का एक मलवा टूटकर उसके छाती पर गिर गया और अचानक उसकी मौत हो गई ।

### मांगों लेकर कार्यपालक अभियंता संघ की बैठक



**हजारीबाग।** एनटीपीसी पकरी बरवाडी,चट्टी बरियातू केरेडारी और बादाम कोयला खनन परियोजना के कार्यपालक अभियंता संघ की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कमला राम रजक ने किया। एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं निदेशक मानव संसाधन विभाग के खिलाफ और कार्यपालक अधिकारियों के अधिकार की मांग को लेकर बैठक हुई। कमला राम रजक ने कहा कि हमारे एनटीपीसी के अध्यक्ष महोदय की यह नीति हम अधिकारियों के प्रति सही नहीं है क्योंकि जो प्रोन्नति का समय सीमा पार होता जा रहा है ।वही हमारे कार्यपालक अधिकारियों पर दिन प्रतिदिन काम का बोझ बढ़ता जा रहा है इसलिए प्रबंधन को अपने कर्मचारियों को हित के बारे में सोचना चाहिए अगर प्रबंध नहीं सोचती है तो एनटीपीसी की तमाम परियोजना जैसे थर्मल पावर प्लांट गैस पावर प्लांट हाइड्रो पावर प्लांट एवं सोलर एनर्जी से कार्यरत सभी हमारे अधिकारी गन आंदोलन पर जाने को विवस होंगे। एनटीपीसी का जो भी बिजली उत्पादन हो रहा है वह हमारे अधिकारियों एवं कर्मचारियों का देन है। प्रोन्नति का रिजल्ट प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में होता है जिसका समय सीमा समाप्त हो गया है। हम तीन सूत्री मांग में पहले मांग सीपीसी 2024 का रिजल्ट तिथि घोषित करें। दूसरा समय पर रिजल्ट नहीं होता है तो 6 सितंबर को काला बिल्ला लगाकर सभी अधिकारी गण विरोध करेंगें। मौके पर चट्टिबरियातू, केरेडारी कोयला खनन परियोजना अध्यक्ष गणपत यादव,मनोज कुमार बेहेरा,जितेंद्र गुप्ता,सौरभ कुमार, विजय पंजियारा,संजय मानसी श्रीकांत सिंह,संजीत सेनापति,राहुल जायसवाल,कुमार चौहान,दीपक मोदी,गुरु पद,पवन पंवार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### पटेलनगर में श्री कृष्ण की छठी संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर सीसीएल कॉलोनी स्थित श्री राधा-कृष्ण ठाकुर बाड़ी मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर छह दिनों के बाद शनिवार को छठिहारी पूजन-अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस दौरान पुरोहित रामकुमार पाठक ने पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच छठिहारी पूजन-अनुष्ठान कराया। पूजा में बतौर यजमान उत्तम सिन्हा व पत्नी बबीता देवी शामिल हुईं। इस दौरान महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ सोहर गाते हुए नृत्य किया। पूजा के बाद भजन- कीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं संध्या में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। इधर भगवान श्रीकृष्ण के छठिहारी पूजन-अनुष्ठान में विधायक अंबा प्रसाद भी समर्थकों के साथ शामिल हुईं। विधायक ने मंदिर में मत्था टेक क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही मंदिर के विकास के लिए सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय, चंदन साव, विक्कू रजक सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## राजद के बैनर तले फुटबॉल प्रतियोगिता चार को

**मरकच्चो (कोडरमा)।** राष्ट्रीय जनता दल के बैनर तले प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसका मैच उद्घाटन चार सितंबर को दोपहर तीन बजे से रांची बनाम हजारीबाग के बीच खेला जाएगा। उक्त जानकारी राजद युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बबलू यादव व युवा नेता श्याम बिहारी यादव उर्फ लालू ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता को सफल बनाने को लेकर रविवार को प्रखंड प्रमुख सह राजद प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह की अध्यक्षता में राजद कार्यकर्ताओं की बैठक भी की गयी। जिसमें प्रतियोगिता की तैयारी व उसे सफल बनाने पर चर्चा की गयी। बैठक में तोकीर अहमद, दीपक राम, मंजीत यादव, दिलीप यादव, रंजीत यादव आदि मौजूद थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रखंड अंतर्गत पंचायत नवाडीह 1 सचिवालय के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ हुलास महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा खाद आपूर्ति, उद्योग, राजस्व, पेंशन, कृषि ऋण, अबुआ आवास योजना, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न गांव के लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। मौके पर सीआई दिनेश राम, बीसीओ सह एमओ लक्ष्मीकांत लोहरा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, बीपीएम नंदकिशोर प्रसाद, कनीय अभियंता करन मेहरा, राजस्व कर्मचारी पंकज सिंह, मो.खलील, रोहन देव, कृष्ण सिंह, राजेश यादव, सूरज यादव, दीपक कुमार समेत प्रखंड कर्मी व अंचल कर्मी व पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

## 65वां इंडियन ऑयल दिवस मना

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित राा फ्यूल जंक्शन पर इंडियन ऑयल पंप पर रविवार को केक काटकर पौधा वितरण व मां के नाम पांच पौधा लगाकर 65वां इंडियन ऑयल दिवस मनाया गया। इस संक्षिप्त समागम की अगुवाई पूर्व प्रमुख मरकच्चो सावित्री देवी ने की। वहीं पूर्व प्रमुख ने कहा कि सितंबर 1964 को इंडियन आयल कार्पोरेशन की स्थापना हुई थी। इंडियन ऑयल लगातार 65 वर्षों से ग्राहकों को बेहतरीन सेवा प्रदान करते हुए उनके दिलों में अपनी जगह बनाए हुए है। ग्राहकों के भरोसे की बदौलत इंडियन आयल भारत की नंबर वन आयल कंपनी का मुकाम हासिल करने में सफल रही और लगातार इस प्राप्ति पर टिकी हुई है। समागम के दौरान पूर्व प्रमुख सावित्री देवी एवं राधा फ्यूल जंक्शन के प्रोपराइटर नितिन चन्द्र गुप्ता ने समूह स्टाफ के साथ मिलकर केक काटकर, पौाा बांटकर इंडियन आयल दिवस की बधाई दी। साथ ही पंप पर ग्राहकों को सेवा प्रदान करने वाले पंप कर्मियों के बीच उपहार व मिठाईयां बांटी गई। मौके पर प्रवीण चन्द्र गुप्ता, उत्तम कुमार सिन्हा, बबीता देवी, लक्ष्मी देवी, मुरारी कुमार, सीताराम पासवान, शंकर पंडित, टेकलाल रवानी, राहुल यादव, राजेन्द्र साव, मनी सिंह, आदि समेत कई ग्राहक मौजूद थे।

## कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** आगामी झारखंड विाानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस द्वारा गठित स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़ानकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी जिला अध्यक्षों के साथ बैठक किया गया। स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य के रूप में पूर्व विधायक एवं नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव सह राजस्थान के प्रभारी पूनम पासवान व प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य प्रकाश जोशी के मौजूद्गी में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि 81 विाानसभा पर कांग्रेस पार्टी चुनाव की तैयारी कर उम्मीदवार उतारने का निर्णय लिया गया।

### दो पुलिस कर्मियों व दो शिक्षकों के शामिल होने की सूचना

# देह व्यापार के आरोप में दस को भेजा गया जेल

### चार युवती, चार पुरुष, एक अधेड़ महिला गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** कोडरमा के होटलों में देह व्यापार का अवैध धंधा इन दिनों खूब फल-फूल रहा है। कोडरमा के बागीटांड़ स्थित स्पाइसी हाउस रेस्टोरेंट से पुलिस ने दस लोगों को देह व्यापार के आरोप में गिरफ्तार किया है। इनमें से चार युवती, चार पुरुष, एक अधेड़ महिला सहित होटल का संचालक भी शामिल है। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना पर कार्यवाही करते कोडरमा थाना अंतर्गत बाघीटांड के स्पाइसी होटल में छापेमारी की जहां पुलिस ने देह व्यापार के आरोप में एक महिला सहित 10 लोगों को आपत्तिजनक स्तिथि में गिरफ्तार किया गया। रविवार को सभी को कोडरमा जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार सभी युवती, महिला व पुरुष बिहार के नवादा के निवासी बताये जा रहे हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघीटांड स्थित स्पाइसी हाउस होटल देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। जिसके बाद शनिवार की रात कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने छापेमारी कर संदिग्ध हालात में 4 युवती, एक महिला, होटल मैनेजर सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एसपी श्री सिंह के निर्देशानुसार प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में देह व्यापार की सूचना पर कार्रवाई की गई। होटल संचालक द्वारा होटल के बेसमेंट में बाहर से युवतियों को बुलाकर देह व्यापार का धंधा कराया जा रहा था। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए 5 लोगों में दो पुलिस वाले भी शामिल हैं। जो बिहार से शराब के साथ वेश्यावृत्ति के लिए कोडरमा पहुंचे थे। पुलिस द्वारा मौके से अवैध शराब और अपात्तिजक सामान बरामदगी की भी सूचना है। इस बाबत सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि इस घटना में पुलिस ने संजय कुमार पिता राजनंदन प्रसाद रजौली थाना तारगिल नवादा बिहार, मुकेश कुमार पिता मुंद्रिका प्रसाद कोर्ट के पीछे नवादा बिहार, धर्मेंद्र कुमार पिता नरेश प्रसाद नवीन नगर नवादा के नाम हैं। वहीं 4 युवती व एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। हलांकि कोडरमा पुलिस ने उन पुलिस कर्मी के बारे में कुछ भी बताने से इनकार करते हुए बताया कि वैसा तो गिरफ्तार लोगों ने कुछ नहीं बताया। ज्ञात हो कि दो माह पूर्व उक्त होटल के समीप ही दो लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। ज्ञात हो कि बिहार में शराब बंदी के बाद से सीमावर्ती जिला कोडरमा अवैध शराब का अड्डा बन गया है और अब देह व्यापार का भी धंधा किया जा रहा था। इधर उद्भेदन के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। इस मामले को लेकर कोडरमा थाना कांड संख्या 200/24 दर्ज किया गया है। वहीं रेस्टोरेंट के संचालक संजय कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। दस में से नौ लोगों को जेल भेज दिया गया है। बता दें कि कुछ वर्ष पहले कोडरमा के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत झील रेस्टूरेंट में भी बडे सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ था।

## जन-वितरण विक्रेताओं की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिला अध्यक्ष गोपाल कुमार गुतूल की अध्यक्षता में उनके आवास पर जन-वितरण विक्रेताओं की बैठक की गई। जिसमें 11 अगस्त को झारखंड प्रदेश जन-वितरण संगठन की रांची में बैठक हुई थी।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ओंकारनाथ झा ने बताया कि 30 जुलाई 2024 को विभागीय सचिव एवं संयुक्त सचिव के साथ संगठन की हुई वार्ता में जन-वितरण विक्रेताओं की विभिन्न मांगों पर लगातार मिल रहे आश्वासन पर अमल नहीं किए जाने, जिसमें कमीशन के बकाए का भुगतान, अनुकंपा को पूर्व की भांति लागू करने, अप्रैल 2024 से बढ़े हुए दर से कमीशन का भुगतान किए जाने, दुकान को पेपर लेस किए जाने, 2जी की जगह 4जी की व्यवस्था चालू करने जैसे विषयों पर कई बार विभागीय मंत्री से वार्ता हो चुकी है, मगर विभाग सिर्फ आश्वासन देते हुए आ रहा है। विक्रेताओं को नियमित कमीशन का भुगतान नहीं होने से राज्य के विक्रेताएं की आर्थिक स्थिति जर्जर हो गई है।

जिस कारण सभी विक्रेता आक्रोशित हैं। अगर सरकार अब भी हमारी मांगों पर विचार नहीं करती है तो आगामी 10 सितंबर 2024 के बाद दुकानों में मजबूरन तालाबंदी करनी पड़ेगी। इस संदर्भ में संगठन ने विभागीय सचिव एवं संयुक्त सचिव को इससे अवगत करवा दिया है।

अब निर्णय सरकार को लेना है कि लंबित मांगों को पूरा करती है या जन-वितरण विक्रेताओं को लाचार होकर दुकान बंदी की ओर धकेलती है। बैठक में राजेंद्र सिंह, गणेश स्वर्णकार, वासुदेव पांडे, जूही दास गुप्ता, रामावतार चौधरी, मनोज पांडे, कौसर खान, डोमन मेहता, सुरेश पांडे, राम लखन यादव, विनोद आदि लोग मौजूद थे।

## क्षत्रिय समाज की बैठक सम्पन्न

**कोडरमा।** नगर पंचायत स्थित क्षत्रिय धर्मशाला में रविवार को कोडरमा प्रक्षेत्र क्षत्रिय समाज की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता उतरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ के महासचिव रामलखन सिंह व संचालन पंकज कुमार सिंह ने किया। बैठक में महाराणा प्रताप के तस्वीर पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत की गई। बैठक में समाज के उत्थान को लेकर कई निर्णय लिया गए। साथ ही समाज का विकास कैसे हो इस पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं क्षत्रिय समाज की बैठक में क्षत्रिय एकता पर जोर दिया गया।

## गुरु शिखर सम्मान समारोह का आयोजन आज

**कोडरमा।** मान्यता प्राप्त विद्यालयों के समूह कोडरमा स्कूल सहोदया कॉम्प्लेक्स द्वारा सोमवार को झुमरीतिलैया स्थित शिव वाटिका में सुबह साढ़े दस बजे से गुरु शिखर सम्मान का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिले के लगभग सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्राचार्य सहित चार-चार उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षक-शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी सहोदया कॉम्प्लेक्स के मीडिया प्रभारी अनिल कुमार ने दी।

## ऐड नेट फाउंडेशन एनजीओ की नयी कमेटी का गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चंदवारा (कोडरमा)।** ऐड नेट फाउंडेशन जो कि एक प्रमुख सामाजिक संगठन है, की पुनर्गठन बैठक 1 सितंबर को चंदवारा में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी ने की। बैठक की शुरुआत में शैलेंद्र तिवारी ने बायलॉज (नियमावली) के उद्देश्यों को सभी सदस्यों और उपस्थित लोगों के समक्ष पढ़कर सुनाया। इस प्रक्रिया का उद्देश्य संगठन की दिशा और कार्यक्षेत्र को स्पष्ट करना था। इसके बाद, पुराने कमेटी का पुनर्गठन कर नई कमेटी का गठन किया गया।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सतगावां प्रखंड के शिवपुर, डोमचांच प्रखंड के मसनोडीह, कोडरमा प्रखंड के जरगा, चंदवारा प्रखंड के बिरसोडीह, जयनगर प्रखंड के रुपयाडीह और मरकच्चो प्रखंड के नावाडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत स्तरीय शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

## छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री को विधायक ने किया भव्य स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित बरियाडीह चौक के समीप छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का स्वागत विधायक डॉ.नीरा यादव, भाजपा जिला महामंत्री विजय यादव एवं मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपाइयों ने फूल माला से लादकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस बार झारखंड में बीजेपी की सरकार ही बनने जा रही है। हेमंत सरकार सिर्फ लूट खसोट की सरकार है। मौके पर बेदू साव, ाानेश्वर यादव, नंदकिशोर भारती, पवन सिंह, बासुदेव यादव, सुरेश दास, पवन यादव, सुबेश यादव, हेमलाल यादव उर्फ शंकर, पप्पू सिन्हा, हीरालाल यादव, लखन पासवान, भोली राणा, रंजीत भारती, उमेश सिंह, सकलदेव यादव, भोला यादव, इकराम मियां, नईम खान, अर्जुन यादव, रंजीत यादव, बिरेंद्र कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शहीद राजेश व भाजपा नेता के पिता का हुआ आकस्मिक निधन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** शहीद राजेश दास एवम् भाजपा नेता सोपारम निवासी बिनय सिंह के पिता नरेश दास का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार यह बताया गया कि शनिवार की शाम अपने घर में बैठे हुए थे कि,अचानक से बेहोश हो गए। इसके बाद आनन फानन में उन्हें एनटीपीसी अधीनस्थ अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग आरोग्यं रेफर कर दिया। परंतु वहां भी डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया। रांची के राज अस्पताल में भर्ती कराया गया रात भर इलाज होने के उपरांत



रविवार की सुबह उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कहते हुए अंतिम सांसे ली। दिवंगत नरेश दास एक गंभीर स्वभाव के व्यक्ति थे एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका को निभाते थे, जिस कारण से समाज में उनकी बड़ी प्रतिष्ठा होती थी। इधर उनके आकस्मिक मृत्यु के होने के कारण परिजनों का रो-रो कर हर हाल बुरा हो गया है। दिवंगत नरेश दास के पैतृक गांव सोपारम के सतबहिनी श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

उनके निधन पर सांसद कालीचरण सिंह, विधायक किसुन कुमार दास, भाजपा जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव पाण्डे, भाजपा नेता शशि चौरसिया, बबलू गुप्ता, सुधीर साव, गणेश गुप्ता, शिव प्रसाद गुप्ता, विकास मलाकार, बैजनाथ पांडे, श्याम सिंह, मुकेश साव, रंजीत गुप्ता समेत कई अन्य ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## सावित्री माता मंदिर में मंगल पाठ का आयोजन, सवामनी व 56 भोग प्रसाद का वितरण

### कर लो मंगल पाठ यही जीने का है सहारा...

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मन्ना लाल सोनी परिसर स्थित सावित्री सती मंदिर में रविवार को सस्वर मंगल पाठ का आयोजन किया गया। छह घंटे तक चले इस मंगल पाठ में कोलकाता की शिल्पी वर्मा व पूनम सिंह ने दादी जी के शिक्षा दीक्षा एवं वीर गाथा का वर्णन किया। मंगल पाठ के दौरान कई भजन भी प्रस्तुत किए, इसमें बांटो बांटो आज बधाई मईया प्रकट हुई., मईया आओ तो सही टावरिया बोला., करलो मंगल पाठ यही जीने का सहारा है., महेंदी ओ महेंदी इतना बता दें कौन सा काम किया है, दादी जी ने तुमको हाथों में थाम लिया है.. जैसे भजन प्रस्तुत किए गए। इस दौरान बीच-बीच में महिलाओं ने कई वर्णन में नृत्य संगीत की प्रस्तुति कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। इधर, पूजा अर्चना पंडित अमरेंद्र पांडेय, सचिन पांडेय ने कराई। यजमान के रूप में मीरा रामप्रसाद सोनी शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य लाइटिंग और फूलों के साथ सजाया गया। मंदिर में विराजमान राधा कृष्ण, वीर हनुमान, राम दरबार, बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना श्रद्धालु भक्तों ने की। कार्यक्रम में खान सुरक्षा विभाग के उप निदेशक श्याम सुंदर सोनी के अलावा, स्थानीय निवासी ओम सोनी, लक्ष्मीकांत सोनी, राकेश राजपूत, पवन पांडेय, कृष्णा सोनी, प्रीति सोनी, कमला सोनी, वंदना गुप्ता, दीपा गुप्ता, रेखा सोनी, कांता सोनी, सीमा सोनी, कविता देवी, जूही मिश्रा, उषा शर्मा, पल्लवी देवी, प्रेमलता देवी, नीलम चौधरी, विद्या शर्मा, कांता सोनी, सुनीता देवी, रश्मि सोनी, सुबोध देवी सहित कई श्रद्धालु भक्त मौजूद थे। वहीं सोमवार को सुबह 4 बजे मंगला आरती, पाटा पूजा सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

एक नजर में

## मंत्री सत्यानन्द ने किया हन्टरगंज का दौरा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** रविवार को, मंत्री सत्यानन्द भोगता ने हन्टरगंज का दौरा किया और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बहेरी कौलेश्वरी पथ से नावाडीह स्कूल तक पक्की सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर, जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, प्रदेश महासचिव रश्मि प्रकाश, मंत्री प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद भोगता, प्रतिनिधि चन्द्रिका यादव, प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, देवलाल यादव, चन्द्रदेव यादव, सुरेश पासवान, मो. वकील खान और कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला




**खबर मन्त्र संवादाता**

**सिमरिया।** सिमरिया अनुमंडल में सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अनुमंडल के तमाम पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय केशरी, अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी विनय कुमार और थाना प्रभारी मानव मयंक के साथ जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, मुखिया संघ अध्यक्ष और प्रेस क्लब चतरा के अध्यक्ष ने किया। कार्यशाला में वाहन मालिकों, चालकों और नशे के खतरों पर चर्चा की गई। अतिथियों ने कहा कि वाहन मालिकों को अपने चालकों से ज्यादा काम नहीं लेना चाहिए, क्योंकि इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। मुख्य अतिथि ने कहा कि हेलमेट का कम दूरी में इस्तेमाल ना करना और सड़क सुरक्षा कानूनों की जानकारी ना होना भी बड़ी समस्या है।उन्होंने कहा कि सड़क पर चलने वाले, चलाने वाले और देखने वाले सभी को जागरूक होने की जरूरत है, तभी सड़क सुरक्षा में सुधार हो सकता है। कार्यशाला में ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करना, हेलमेट चेकिंग, अंडर एज ड्राइवर का चालान और ड्रिंक एंड ड्राइव पर कार्रवाई जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

## प्रतियोगिता में डीपीएस इटखोरी के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**खबर मन्त्र संवादाता**

**चतरा।** 25 अगस्त को पासवा द्वारा आयोजित एक क्विज, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता में लगभग 45 विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया।प्रतियोगिता का आयोजन चतरा कॉलेज, चतरा में किया गया था। डीपीएस इटखोरी के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम 1 सितंबर 2024 को चतरा के मल्टीपरपज हॉल में घोषित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बिरजू तिवारी, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्माइल अहमद इत्यादि लोगों ने सम्मिलित हुआ। डीपीएस इटखोरी के बच्चों ने हर क्षेत्र में बाजी मारी। कोमल कुमारी कक्षा दस क्विज प्रतियोगिता में प्रथम आईं, खुशी कुमारी निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रहीं, नीरज सिंह कक्षा 5 में तृतीय स्थान प्राप्त किया, सुजल कुमार वर्ग सप्तम प्रश्नोत्तरी में प्रथम आए, मयंक कुमार राणा कक्षा आठ में प्रश्नोत्तरी में प्रथम आए, साक्षी सिंह वर्ग सप्तम ड्राइंग में प्रथम आए। डीपीएस इटखोरी के प्रधानाचार्य नंदकिशोर कुमार यादव, जो पासवा के वाइस प्रेसिडेंट हैं, ने अपने बच्चों को हार्दिक बधाई दी और धन्यवाद दिया।

## सड़क सुरक्षा को लेकर चला जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिलान्तर्गत सड़क सुरक्षा के मद्देनजर जोहार ड्राइवर महासंघ एवं जिला वाहन चालक संघ के तत्वाधान में एसडीपीओ जीतवाहन उरांव के द्वारा वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा से सम्बंधित जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, ओवरस्पीडिंग नही करने, सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने, साथ ही पर्याप्त नींद लेने के बाद ही वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा बस चालकों को विशेष रूप से जागरूक किया गया कि चालक के साथ बहुत लोग बस में सवार होते हैं, जिनकी सुरक्षा चालक के हाथ में होती है, इसलिए वाहन चालक यातायात एवं सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करते हुए वाहन चलायें, जिससे सड़क दुर्घटना में कमी लाई जा सकती है।

# एथिकल प्रैक्टिस और इनोवेशन की ओर कदम बढ़ायें टैक्स प्रैक्टिसनर्स : जस्टिस अनुभा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** तुलसी भवन के सभागार में वाणिज्य कर अधिवक्ता संघ जमशेदपुर एवं एआईएफटीपी (ईस्टर्न जोन) द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्र कर सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे देश, विशेषकर पूर्वी भारत के विभिन्न शहरों से 410 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं कर अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया जिसमें माननीय जस्टिस अनुभा रावत चौधरी मुख्य-अतिथि के रूप में मौजूद थी। बिनोद कुमार गुप्ता (आईआरएस) कमिश्नर सेंट्रल जी एस टी बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। बार के अध्यक्ष बासुदेव चटर्जी एवं सचिव दिलीप कुमार ने बताया की सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन के साथ



सम्मेलन का उद्घाटन करती जस्टिस अनुभा रावत चौधरी।

सुबह 9:30 बजे आज के कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद विशिष्ट मेहमानों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा स्मारिका का लोकार्पण किया गया। उन्होंने इसे प्रकाशित कराने के लिए अधिवक्ता अजय अग्रवाल, अधिवक्ता मनीष चौधरी एवं अधिवक्ता पीयूष चौधरी के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि जस्टिस चौधरी ने व्यापारियों को जारी किए जाने वाले नोटिसों के विषय में चिंता जाहिर करते हुए अपने भाषण में कहा कि विभाग को अस्पष्ट नोटिस जारी करने से बचना चाहिए। उन्होंने तकनीक का सहारा लेकर वीडियो कांफ्रेंस से सुनवाई करने का सुझाव भी दिया। जस्टिस अनुभा रावत चौधरी ने जी एस टी के सात साल पूरे होने और इसके सफलता पूर्वक क्रियान्वयन के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने बताया कि जी एस टी की कर समाधान स्कीम जल्द आने वाली है जिसका व्यापारियों को पूरा लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने प्रोफेशनल्स से एथिकल प्रैक्टिस और इनोवेशन की ओर कदम बढ़ाने अहवाहन किया। संघ के अध्यक्ष बासुदेव चैटर्जी ने बताया की आज का सेमिनार दो सत्रों में विभाजित था। प्रथम सत्र जी एस टी की जटिलताओं एवं इसमें आए नए बदलावों पर केंद्रित था जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मशहूर सी ए. आंचल कपूर ने अपने उद्गार रखे। उक्त सत्र में अधिवक्ता संघ के संयुक्त चेयरमैन श्री खजांची लाल मित्तल ने स्वागत भाषण दिया, श्री विकाश मित्तल ने चेयरमैन एवं श्री प्रीत वर्धन ने मॉडरेटर की भूमिका निभाई। विकास मित्तल ने विषय प्रवेश कराते हुए बताया कि एक व्यापारी को एक ही विषय पर केंद्र एवं राज्य दोनो का नोटिस देना गलत है। उन्होंने यह भी बताया कि कोई भी अधिकारी, व्यापारी को अपनी बात रखने का मौका दिए बिना जी एस टी में ऑर्डर नहीं निकाल सकता है।

आंचल कपूर ने अपने भाषण में बताया की जी एस टी में शो कॉस नोटिस किसी भी कार्रवाई का आधार होता है। कर अधिवक्ताओं को चाहिए कि वे सर्वप्रथम शो कॉस नोटिस का आकलन सही तरीके से करें। विभाग अक्सर गलत नोटिस जारी करता है जो अपील के वक्त व्यापारी के लिए एक ढाल का काम कर सकता है। उन्होंने आग्रह किया की आप जिस व्यासायी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं उसके व्यापार के बारे में गहरी समझ विकसित करने की कोशिश करें। उन्होंने विभाग द्वारा जारी किए जा रहे विभिन्न प्रकार के नोटिसों की आलोचना की और कहा की अक्सर देखा जा रहा है की अधिकारी बिना कारण नोटिस इश्यू कर रहे हैं। समय बाधित मामलों में भी नोटिस इश्यू किए जा रहे हैं जो की सरासर नियमों का उलंघन है। उन्होंने बताया कि सेक्शन 74 और 76 में सिर्फ विशेष परिस्थितियों में ही नोटिस जारी किया जा सकता है, किंतु अधिकारी इसे समय बाधित मामलों में नोटिस जारी करने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने सेक्शन 75 के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कोई भी आदेश जारी करने से पूर्व अधिकारियों का ये कर्तव्य है की वो व्यापारी को सुनवाई का एक मौका जरूर दें। आदेश जारी करने से पहले व्यापारी की बात का सही आकलन हो एवं ऑर्डर में उसका समेशन हो। मॉनेटरी लिमिट का विशेष ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने नोटिस के 12 गोल्डन रूल्स भी बताए! उन्होंने आगे बजट 2024 में प्रस्तावित कर समाधान स्कीम के बारे में बताया कि उक्त स्कीम का फायदा मामले के किसी भी स्टेज पर लिया जा सकेगा किंतु इसमें एक बाध्यता रहेगी की व्यापारी को किसी भी ऑर्डर के सभी बिंदुओं पर कर समाधान स्कीम में जाने पड़ेगा।

## स्पीड न्यूज

### कोक प्लांट के 26 कर्मचारियों ने की दलमा ट्रैकिंग



जमशेदपुर। रविवार को टाटा स्टील के कोक प्लांट डिपार्मेंट के द्वारा कोक प्लांट सी एस आर वॉलंटरी कार्यक्रम के तहत 26 कर्मचारियों ने कोक प्लांट के चीफ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में दलमा का भ्रमण किया तथा दलमा टॉप पर बने गेस्ट हाउस एरिया का प्लास्टिक, पॉलिथीन या नॉन डिस्पोजेबल आइटम्स का मटेरियल की सफाई अभियान चलाई गई। इस दौरान कर्मचारिओ ने दलमा भ्रमण करने बाले लोगो का सफाई के प्रति जागरूक भी किया तथा एकत्रित कचरे को कर्मचारियों ने दलमा से नीचे लाकर उसे डिस्पोज किया।

### ब्रम्हर्षि समाज सरायकेला ने मंत्री अशोक चौधरी के बयान की निंदा की

जमशेदपुर। अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि समाज, सरायकेला खरसावां के द्वारा बिहार सरकार के मंत्री श्री अशोक चौधरी के द्वारा बिहार के ब्रह्मर्षि समाज (भुमिहार) के संबंध में दिए गए वयान तथा भारत सरकार के मंत्री श्री गिरिराज सिंह पर किये गये कातिलाना हमले की घोर निन्दा करते हुए कहा गया कि इन घटनाओं से ऐसा प्रतीत होता है कि बिहार में भुमिहारों को टारगेट कर ऐसे कुकृत्य किये जा रहे हैं। बिहार सरकार एवं भारत सरकार इस मामले में संज्ञान लेते हुए अभिलम्ब आवश्यक कार्रवाई करें, अन्यथा भुमिहार अपने मान-सम्मान एवं सुरक्षा के लिए स्वयं सक्षम हैं। समाज के वरीय संरक्षक श्री उपेन्द्र शर्मा, मुख्य संरक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह, अध्यक्ष कर्नल आर पी सिंह एवं महासचिव श्री अशोक कुमार सिंह से हुई वार्ता के आलोक में यह प्रेस विज्ञप्ति वरीय उपाध्यक्ष विमल कुमार सिंह के द्वारा जारी किया गया।

### अशोक चौधरी अपना मानसिक संतुलन को बचाकर रखें: अनिल

जमशेदपुर। जमशेदपुर ब्रह्मर्षि विकास मंच के महासचिव अनिल ठाकुर ने कहा है कि किसी भी राजनीतिक दल के नेता को जातिगत टिप्पणी से बचना चाहिए और उसमें भी नीतीश कुमार के पार्टी के वरीय मंत्री के द्वारा भूमिहार जाति पर की गई टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है, और यह समाज नीतीश जी से यह मांग करता है कि अपने मंत्री को मंत्री परिषद से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करें ,अन्यथा जब लालू जी के जंगल राज में अन्य जाति को बोलने का कलेजा नहीं था तो यह जाती अकेले उनको सत्ता से बेदखल करने में अग्रणी भूमिका में था। उन्होंने कहा कि अगर यह मांग हमारी नहीं मानी जाती है, तो 2025 में हमलोग वचन देते हैं कि अगर आपने अपने उस नेता को बर्खास्त नहीं किया तो हमारा समाज, आपके पार्टी को बिहार की सत्ता से बर्खास्त करने का काम समाज करेगा। यह समाज का जेंटलमैन कमिटमेंट है और पूरा विश्व जानता है कि हम कमिटमेंट के पक्के होते हैं,साथ भूमिहार समाज बिहार मे एनडीए गठबंधन की चल रही सरकार के नेताओं से भी यह माँग करता है।

### आनंद मार्ग ने महिलाओं के बीच किया साड़ी वितरण

जमशेदपुर। आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलिफ टीम ग्लोबल की ओर से गदरा आनंद मार्ग जागृति 300 नारायण को भोजन कराया गया एवं 100 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। साड़ी वितरण के पश्चात गांव के लोगों को भक्ति भाव के विषय में बताते हुए सुनील आनंद ने कहा कि कीर्तन एक उच्चतम और श्रेष्ठतम भावनात्मक अभ्यास है जो हमें अशांति, तनाव और चिंता से मुक्ति दिलाता है। ईश्वर की प्राप्ति के सुगम साधन कीर्तन है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## विधानसभा चुनाव में सर्वसमावेशी संकल्प पत्र के लिए सुझाव अभियान लांच

# जन आकांक्षाओं का बनेगा संकल्प पत्र : अर्जुन मुंडा

**सुझाव के लिए भाजपा ने नंबर 6202750671 किया जारी, समाज के सभी वर्गों से सुझाव लेगी पार्टी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक पार्टी अपने-अपने स्तर पर तैयारियों में जुटी हैं। भारतीय जनता पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) तैयार करने से पहले राज्य में विभिन्न वर्ग के लोगों से सुझाव लेगी। इसके लिए प्रमंडल से लेकर प्रखंड स्तर तक व्यापक पैमाने पर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म और व्हाट्सएप पर भी लोगों से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। उपरोक्त जानकारी पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने रविवार को गोलमुरी स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। इस दौरान राज्यसभा सांसद एवं भाजपा झारखंड प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जिला महामंत्री अनिल मोदी एवं जिला मीडिया



सुझाव पत्र लांच करते अर्जुन मुंडा व अन्य वरिष्ठ नेतागण।

प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे। भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में आयोजित प्रेस-वार्ता में अर्जुन मुंडा ने कहा कि पार्टी ने संकल्प लिया है कि जनाकांक्षाओं के अनुरूप सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी संकल्पपत्र तैयार करेगी, जिसमें हर वर्ग, हर क्षेत्र और समाज के हर तबके की आवाज को प्रमुखता से स्थान मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनता का शासन जनता के सुझावों से ही प्रारंभ होता है। भाजपा घोषणा पत्र नहीं, बल्कि संकल्प पत्र के साथ लोगों के पास जाती है। इसी उद्देश्य के साथ पार्टी ने जनता से सुझाव प्राप्त करने का अभियान शुरू किया है। मुंडा ने बताया कि भाजपा जो संकल्प लेती है उसे पूरा भी करती है। झारखंड अलग राज्य की मांग को भाजपा ने प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया। यह हमारा संकल्प था, जिसे केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने पूरा किया। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तैयार किए जा रहे संकल्पपत्र को लेकर मुंडा ने कहा कि यह दस्तावेज न केवल प्रदेश की मौजूदा समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करेगा, बल्कि भविष्य की दिशा भी तय करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति है कि वह जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए वादे करती है और उन्हें पूरा करती है। परंतु इसके विपरीत अन्य दल केवल झूठे वादे और आश्वान के सहारे जनता को ठगने का प्रयास करते हैं। मुंडा ने कहा कि भाजपा वैसे दलों से अलग है, जो जनता के सामने झूठे वादों का मायाजाल बुनते हैं। हम ठगबंधन की तरह जनता को गुमराह करने वाले वादे नहीं करते, बल्कि वादे को धरातल पर उतारते हैं। मुंडा ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि वे अपने विचार, समस्याएं और सुझाव पार्टी तक पहुंचाएं, ताकि उन्हें संकल्पपत्र में सम्मिलित किया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा का संकल्पपत्र प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों का सम्मान करते हुए एक धर्मग्रंथ के रूप में पालन कर उन उम्मीदों को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। वहीं, प्रदेश महामंत्री एवं भाजपा झारखंड प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा का संकल्प है कि लोगों की आकांक्षाएं पार्टी तक पहुंचें और भाजपा की सरकार अगले 5 वर्षों में लोगों की उन सभी अपेक्षित आकांक्षाओं को पूरा करेगी। इसके लिए सभी मंडलों में घोषणा पत्र सुझाव पेटी में पत्रक के माध्यम से लिखित सुझाव भी लिए जायेंगे। वहीं, भाजपा कार्यकर्ता सुझाव पेटी लेकर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे। इसके अतिरिक्त 6202750671 पर मिस कॉल एवं के माध्यम से जनता के सुझावों को एकत्रित करेंगे।

## गायत्री परिवार का रक्तदान शिविर संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार का नवयुग दल एवं प्रज्ञा महिला मंडल का 57 वा रक्तदान शिविर जमशेदपुर ब्लड बैंक के प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसमें कुल 204 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7:00 बजे से विश्व कल्याण हेतु गायत्री महायज्ञ के साथ प्रारंभ हुआ। जिसके बाद मुख्य अतिथि मनीष कुमार डीडीसी पूर्वी सिंहभूम के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर बैदिक मंत्रों के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। डीडीसी मनीष कुमार ने अपने संबोधन का गायत्री मंत्र से शुभारंभ करते हुए कहा कि मैं स्कूल काल से ही गायत्री परिवार में अपने दादी के सानिध्य में जुड़ा हुआ हूं और आज भी प्रत्येक दिन की शुरूआत मेरा गायत्री मंत्र से ही होता है। गायत्री परिवार के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए आज के रक्तदान शिविर से प्रभावित हो कर उक्त महोदय ने स्वयं रक्तदान किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ झारखण्ड के प्रांतीय समन्वयक ताराचंद्र अग्रवाल जी ने किया।

## लिंडे इंडिया के कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** राजेश प्रसाद डीएलसी जमशेदपुर की उपस्थिति में लिंडे इंडिया और इंडियन ऑक्सीजन वर्कर्स यूनियन के बीच 3.5 साल की अवधि के लिए त्रिपक्षीय समझौते (वेतन समझौते) पर हस्ताक्षर किया गया।



यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने समझौते के पश्चात कहा कि यह ऐतिहासिक समझौता हमारे मूल्यवान कर्मचारियों की भलाई और संतुष्टि के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। समझौते के तहत कर्मचारियों को उनके मासिक सकल वेतन में 5,800 रुपये की वृद्धि के साथ-साथ मूल वेतन में दो वृद्धि देखने को मिलेगी। अवकाश यात्रा भत्ता 21,000 रुपये से बढ़ाकर 27,000 रुपये कर दिया गया है, जिससे कर्मचारियों को उनकी यात्रा आवश्यकताओं के लिए अधिक लचीलापन और समर्थन मिलता है। सेवा के दौरान मृत्यु की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, कर्मचारियों के परिवारों को 48 महीने के ग्रेच्युटी वेतन के बराबर मुआवजा मिलेगा, जिससे उनके प्रियजनों के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

पूर्ण सेवा के प्रति वर्ष सेवानिवृत्ति लाभों को 4,000 रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये कर दिया गया है। कंपनी कर्मचारियों, उनके जीवनसाथियों और दो बच्चों के लिए मेडिक्लेम कवरेज को 3,00,000 तक बढ़ाएगी।

## सारजमदा के राजेश ने 75वीं बार रक्तदान किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आदिवासी बहुउद्देशीय उत्थान सहकारी समिति पोटका प्रखंड और नई जिंदगी परिवार जमशेदपुर के सौजन्य से पोटका प्रखंड के बालिजुड़ी स्थित सोहदा पंचायत भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दो महिलाओं समेत कुल 40 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर जमशेदपुर के सारजमदा निवासी राजेश मार्डी ने अपने जीवन में कुल 75वीं बार रक्तदान कर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक मिसाल बने हुए हैं।



ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के प्रति जबरदस्त उत्साह देखा गया। वीवीडीए के सहयोग से जमशेदपुर ब्लड सेंटर की टीम ने अनमोल रक्त संग्रह किया। दिवंगत भोजों सिंह बानरा के बड़े भाई आकाश बानरा ने सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र के साथ साथ विशेष रूप से उपहार देकर सम्मानित किया गया। शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से समिति की सीमा बास्के, रघुनाथ हांसदा, सरस्वती मुर्मू, संजय मुर्मू, राजेश मार्डी, मार्शल देवगम, ममता मार्डी, सोमाय माझी, जगत टुडू आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## कुड़मी सेना ने करम महोत्सव में पीएम मोदी को किया आमंत्रित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित शहर आगमन को देखते हुए सामाजिक संगठन कुड़मी सेना के चेयरमैन शैलेन्द्र महतो ने उसी दिन संगठन द्वारा बिस्टुपुर गोपाल मैदान में ही आयोजित होनेवाले "करम महोत्सव" में बतौर अतिथि शामिल होने का अनुरोध किया है। इस संबंध में शैलेंद्र ने जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, भारतीय जनता पार्टी के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा को उनके कार्यालय में पत्र सौंपा। साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय को ई मेल भेजा। पत्र में उन्होंने आग्रह किया है कि करम महोत्सव कुड़मी समाज का सांस्कृतिक धरोहर है. उक्त आयोजन गोपाल मैदान में प्रस्तावित है, जिसमे कई सांस्कृतिक आयोजन होंगे. अगर प्रधानमंत्री जी इस आयोजन में शामिल होंगे, समाज का भी मान बढ़ेगा।

उक्त पत्र की प्रतिलिपि सांसद विद्युत वरण महतो सहित भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व झारखंड प्रभारी को भी भेज दी गयी है। भाजपा महानगर कार्यालय में पत्र सौपने के दौरान शैलेन्द्र महतो के साथ संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बिशाल महतो, संजय महतो, बिरेन महतो, गौरंगो महतो, विष्णु देव महतो, प्रबीर महतो, जगत्पति महतो, अनित महतो, बिजय महतो, पीडी महतो, प्रशांत महतो, अजय महतो, किशोर महतो, सुनील महतो आदि मौजूद थे।

## जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज की आम सभा संपन्न,जल्द होगा चुनाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज का आम सभा बिरसा मुंडा टाउन हॉल, सिदगोड़ा में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ जिसमें समाज के सभी मान्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। इस सभा की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष रामविलास शर्मा ने की। सभा की शुरूआत भगवान विश्वकर्मा जी के फोटो पर माल्यार्पण कर और मंत्रोच्चारण के साथ की गई। स्वागत भाषण समाज के सहायक महामंत्री महेश कुमार शर्मा ने की।मंच संचालन जाने माने





उद्घोषक श्याम शर्मा द्वारा की गई। महामंत्री प्रतिवेदन समाज के महामंत्री सुजीत शर्मा देते हुए गत आम सभा के विषयों को पढ़कर सभा से संपुष्टि कराई गई। साथ ही समाज द्वारा किए कामों से सभा को अवगत करवाया गया। पिछले दो वित्तीय वर्ष का ब्योरा सभा में प्रस्तुत कर अनुमोदित करवा गया। समाज के उपाध्यक्ष द्वारा समाज के अंकेक्षक और सहायक अंकेक्षक का मनोनयन सर्वसम्मति से की गई जिसमें अंकेक्षक बीरेंद्र शर्मा और सहायक अंकेक्षक श्याम प्रकाश राणा का मनोनयन हुआ। समाज के अध्यक्ष रामविलास शर्मा ने अध्यक्षीय संबोधन में 3 प्रस्ताव लाये जिसमें वैसे मान्य सदस्यों को निष्क्रिय समझा जाए जो विगत बैठकों में अथवा समाज के गतिविधियों में पिछलें तीन लगातार वर्षों से शामिल नहीं हो रहे हैं। दूसरा वैसे सदस्यों को प्रक्रिया स्वरूप सदस्यता रद्द कर दी जाए जो समाज विरोधी कार्यों में संलिप्त हैं। विशेष परिस्थिति में कार्यकारिणी का कार्यकाल संविधान प्रद 6 महीने के लिए बढ़ाया जाए। इन प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। समाज के महामंत्री ने कार्यकारिणी के गठन के प्रक्रिया पूर्वरत रखते हुए वैलेट पेपर से गुप्त मतदान करवाने की बात कही और बहुत जल्द सर्वसम्मति से 1 मुख्य चुनाव पदाधिकारी, 2 चुनाव पदाधिकारी एवं 3 चुनाव पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर बहुत जल्द घोषणा करने की बात कही। वहीं समाज के सहायक महामंत्री राजकुमार शर्मा ने सभा की कार्यवाही को कलमबद्ध किए। मंच पर उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा पूर्व अध्यक्ष अरूण ठाकुर, अर्जुन शर्मा विरेन्द्र शर्मा,लखन विश्वकर्मा, राम सेवक शर्मा, महिला अध्यक्षा मिरा शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

## एक नजर में

### जवाहरनगर रोड नंबर-15 में भी होगी दुर्गापूजा



जमशेदपुर। रोड नंबर 15, जवाहर नगर, मानगो में पानी टंकी के समीप श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमिटी का गठन हुआ। लगभग 10,000 से भी ज्यादा की आबादी होने के बावजूद यहाँ दुर्गा पूजा नहीं होने के कारण यहाँ के लोगों को पूजा करने के लिए अपने घरों से काफी दूर जाना पड़ता था। इस कारण यहां के लोग इस क्षेत्र में दूर्गा पूजा शुरू करने को लेकर बीते कई वर्षों से लगातार प्रयासरत थे जिसे यहाँ के वरिष्ठ नागरिकों को साथ लेकर युवाओं ने इस वर्ष से दुर्गा पूजा का शुभारंभ करने का निर्णय लिया। इसके लिए सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों का चयन किया गया। संरक्षक- हरविन्दर सिंह, अनिमेष सिन्हा, अच्छेलाल पांडे एवं अतनू हजारी जबकि अध्यक्ष-नीतिश प्रसाद, उपाध्यक्ष- संतोष श्रीवास्तव, शिव कुमार, सत्यवान साव एवं संतोष यादव, सचिव-संदीप घोष, सह सचिव-इन्द्रजीत दास एवं रीता शर्मा, कोषाध्यक्ष-अमित कुमार, पूजा मंत्री- तन्नू आदित्य एवं रूपा चक्रवर्ती। सह कोषाध्यक्ष-साधन आदित्य, सलाहकार प्रमुख-विदेश सिन्हा एवं उमेश कुमार शर्मा। संचालन समिति सदस्य सुनिता दास, अरविंद कुमार सिंह, अजीत साहू, सुधू दत्ता, स्वदेश सिन्हा, विकास बड़ाल, सहदेव चौधरी, जसवीर सिंह, प्रभाकर कुमार, अभय शर्मा, मिंटू साव, राहुल रंजन सिन्हा, ब्रजेश झा, सौरव साव एवं सुजय चक्रवर्ती आदि।

### शाम्भवी वंदना दुर्गा काली पूजा कमेटी सिदगोड़ा में भूमि पूजन संपन्न



जमशेदपुर। रविवार को सिद्धिगोरा अमल संघ में शाम्भवी वंदना दुर्गा काली पूजा कमेटी द्वारा आयोजित भूमि पूजन में उपस्थित हुए। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव सह राष्ट्रीय सचिव इंटक विजय खान साथ में वरीय अधिवक्ता प्रकाश झा, शिवशंकर सिंह, सिदगोड़ा थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खां, अभय कुमार सिंह, अरुण प्रसाद,राजेंद्र सिंह, बालकृष्ण राव, चंदन कुमार, अभिषेक कुमार, रवि मिश्रा, सहित कमेटी के सम्मानित साथीगन उपस्थित हुए।

### खिदमत ए मिल्लत के निशुल्क शिविर मे 250 लोगों की स्वास्थ्य जांच





जमशेदपुर। समाजिक संस्था खिदमत ए मिल्लत द्वारा कपाली के झारखंड पब्लिक स्कूल प्रांगण मे एक दिवसीय निशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैपं का आयोजन किया गया जिस मे 250 जरूरतमन्द लोगों की जांच की गई। इनमें से 130 लोगों की आंखों मे मोतियाबिन्द पाया गया, उन्हें 3 सितंबर को पूर्णिमा नेत्रालय मे निशुल्क आपरेशन किया जाएगा। 78 लोगों की दांतों की जांच की गई। इस शिविर मे डॉ अफसाना परवीन, डॉ हिना जर्रार व डॉ मो संदीप ने अपने बहुमूल्य सेवा दी। इस शिविर के सफल आयोजन मे झारखंड पब्लिक स्कूल के अहसन , खिदमत ए मिल्लत के हारून रशीद, आरिफ, फैज, शारिक, समीर व अन्य सदस्यगण ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

### 4 करोड़ 96 लाख की योजनाओं का विधायक मंगल कालिंदी ने किया शिलान्यास



जमशेदपुर। जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने आज विधायक निधि से स्वीकृत 4 करोड़ 96 लाख की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के कार्यालय में आयोजित किया गया था। विधायक द्वारा पूजा कर सभी योजनाओं का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने बताया कि विधायक निधि से स्वीकृत करोड़ों रुपए से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया है। यह योजनाएं जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायत और विभिन्न गावों की है। विधायक ने बताया कि आज जुगसलाई विधानसभा में डिग्री कॉलेज का निर्माण हो रहा है, स्टेडियम का निर्माण लगभग पूरा हो चूका है। बोड़ाम और पटमदा के ग्रामीणों के लिए 228 करोड रुपए की लागत से चांडिल डैम से पीने का पानी लाने का कार्य तेजी से चल रहा है। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के शहर से लेकर गांव तक सड़कों का जाल बिछाया गया है। यह सब जनता के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है।

### कई महिलाओं ने ली झामुमो की सदस्यता



जमशेदपुर। झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला संपर्क कार्यालय में दिन के 1 बजे महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष चंद्रावती महतो के नेतृत्व में कदमा भाटिया बस्ती निवासी समाजसेवी सपना सोना अपनी हजारों महिला कार्यकर्ताओं के साथ में झारखंड मुक्ति मोर्चा महिला मोर्चा में शामिल हुई । जिला अध्यक्ष चंद्रावती महतो ने सपना सोना एवं समर्थक महिलाओं को पार्टी का पट्टा पहनकर झामुमो मैं शामिल करवाया। सपना सोना ने कहा कि झारखंड के युवराज माननीय मुख्यमंत्री मैया योजना के तहत पूरे झारखंड की महिलाओं को सम्मान देने का काम कर रहे हैं जिससे प्रभावित होकर हम लोगों ने फैसला किया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होकर जन हित मैं काम करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार शेख बदरुद्दीन सुनील कुमार महतो नरोत्तम दास जिला उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद राज लकड़ा अवतार सिंह सिंधु अजय रजक पीके राय राजा सिंह गोपाल महतो गुरमीत सिंह समेत कई नेता उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### पांकी विधायक ने किया चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद का स्वागत




मेदिनीनगर। पांकी में चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह को पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने फुल माला एवं बुके देकर जोरदार स्वागत किया। पांकी के प्रतिष्ठित व्यवसाय सुरेश प्रसाद जी के धर्मपत्नी के निधन की सूचना मिलने पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह व क्षेत्रीय विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने उनके घर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। साथ ही मृतक के परिजन को हरसंभव सहायता करने व साथ रहने का आश्वासन दिया।

### सात सितंबर तक स्थगित रहेगा ढ़िबरी लालटेन जुलुस व घेराव



मेदिनीनगर। आज मेदिनीनगर पलामू बिजली विभाग ढिबरी, लालटेन जुलूस घेराव के खिलाफ आहूत कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। अब यह कार्यक्रम 7 सितंबर तक स्थगित कर दिया गया है। उक्त जानकारी स्ंल्लह्य बिधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने दी है। डॉ मेहता ने बताया की आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का पलामू आगमन को लेकर यह कार्यक्रम स्थगित किया जाता है।

### अरविंद प्रजापति बने महुगांई दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष व बिजली सचिव



मेदिनीनगर । पलामू जिले के पांकी प्रखंड के हूरलौंग पंचायत के ग्राम महुगांई गांव में रविवार को पंडित राधेश्याम शर्मा की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा कमेटी गठन को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक किया गया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में दुर्गा पूजा कमेटी का गठन किया गया है। सर्वसमिति से अरविंद कुमार प्रजापति को अध्यक्ष चुना गया। जबकि बिजली साव को सचिव और संजय राम को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह सुपेंद्र साव को उपाध्यक्ष, विकास कुमार यादव को उप सचिव व कौशल मेहता को उप कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया है। सतेंद्र राम को संरक्षक और आकाश कुमार पांडेय को उप संरक्षक चुना गया है। वरिष्ठ पत्रकार चंद्रदेव प्रजापति को मीडिया प्रभारी और निर्मल उरांव को उप मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं। सुनैन को व्यवस्थापक व पंडित राधेश्याम शर्मा को उप व्यवस्थापक को बनाया गया है। जबकि जयपाल उरांव, शिवकुमार उरांव, मंटू रजक, सुनील रजक, गुलाबी विश्वकर्मा, बलराम प्रजापति, धनंजय शर्मा, बाबूलाल शर्मा, दिनेश उरांव, निरंजन प्रजापति, ओम प्रकाश पासवान, विकास चौधरी, चंदन पासवान, अनिल साव, लालो साव को दुर्गा पूजा कमेटी का सदस्य बनाया गया है। दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष अरविंद कुमार प्रजापति ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाया जाएगा। सचिव बिजली साव ने कहा कि गांव में हमेशा आपसी भाईचारे के साथ दुर्गा पूजा मनाया जाता है। इस साल भी आपसी भाईचारे के साथ पूजा मनाया जाएगा। कोषाध्यक्ष संजय राम ने कहा कि पूजा में आने वाले सभी लोगों का विशेष ख्याल रखा जाएगा। गांव के सभी लोग एक सम्मान हैं।

### माध्यमिक शिक्षकों ने सीएम के नाम झामुमो जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

मेदिनीनगर। झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला शाखा पलामू के जिला अध्यक्ष सतीश कुमार दुबे के नेतृत्व में जिले के माध्यमिक शिक्षकों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम शिक्षकों को प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति एवं सीधी भर्ती करना है। विदित हो कि झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के 4 अगस्त के कार्यकारिणी के बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में संगठन चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है जिसमें पहला चरण में 10 अगस्त को काला बिल्ला लगाया गया। दूसरे चरण में 23 अगस्त को राजभवन के समक्ष धरना दी गई। तीसरे चरण में शिक्षा मंत्री से मिलकर राज्य में प्रधानाध्यापकों की संख्या एवं विद्यालय की स्थिति पर अवगत कराया गया। माध्यमिक शिक्षकों के मुख्य मांगों में प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति एवं सीधी भर्ती अविलंब करने, माध्यमिक शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देने, समान काम एवं समान वेतन के आधार पर संगीत शिक्षक को 4600 ग्रेड पे दी जाए एवं विद्यालय के लिपिक को 2400 ग्रेड पे देने,अल्पसंख्यक विद्यालय के शिक्षकों को सरकारी विद्यालय के शिक्षकों की तरह सुविधा दिलाने की मांग शामिल थे। कार्यक्रम में जिला सचिव आलोक कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष ब्रिज बिहारी, प्रमंडल संगठन प्रतिनिधि अविनाश कुमार तिवारी, संयुक्त सचिव अभिषेक कुमार सिंह, संयुक्त सचिव कृष्ण कुमार, परमानंद सिंह के साथ काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

### एसडीपीओ मनोज झा ने पदमा पिकेट में जैप सात के बलों के साथ किया ब्रिफिंग



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज कुमार झा, मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव, सशस्त्र बल, मनातू थाना अंतर्गत पदमा पिकेट में जैप सात के प्रतिनियुक्त सुरक्षा बलों को सुरक्षा संबंधी ब्रिफिंग किया। इस दौरान सुरक्षा बलों को जिले में सक्रिय नक्सली संगठन, नक्सली कमांडर व दस्ता की विवरणी फोटोग्राफ सहित जिले के नक्सली संगठनों के समर्थक, आपूर्तिकर्ता, खबरी की विवरणी, इलाका के जेल से रिहा हुए व आत्मसमर्पित नक्सलियों के संबंध में जानकारी, नक्सली के पास उपलब्ध हथियार, गोली, विस्फोटक सामग्री, संचार उपकरण व अन्य सामग्री की विवरणी उनके गतिविधि का इलाका, रूकने का स्थल व आने जाने का रूट संबंधी विवरण जी जानकारी दी गई। सुरक्षा बलों को नक्सली संगठनों के संबंध में नक्सली आसूचना एकत्रित करने व स्पाई तंत्र को मजबूत करने के लिए विशेष निर्देश दिया गया।

### विश्रामपुर प्रखंड के अलग-अलग स्कूलों के 544 स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच किया गया साइकिल वितरित



विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर प्रखंड के 25 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच शनिवार को साइकिल वितरित किया गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महेंद्र प्रजापति, कल्याण पदाधिकारी अशफाक अहमद व बीआरपी मनोज पाठक घरटिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहुंचे। जहां 30 छात्र छात्राओं के बीच अपने हाथों क्षसाइकिल वितरित किया। इसी तरह प्रखंड के 25 विद्यालयों में 544 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी महेंद्र प्रजापति, कल्याण पदाधिकारी अशफाक अहमद व बीआरपी मनोज पाठक ने कहा कि साइकिल मिलते हीं स्कूली छात्र-छात्राओं के चेहरों पर मुस्कान आ गया। साइकिल मिल जाने से ग्रामीण छात्राओं को स्कूल आने जाने में अब काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर उतरना हमारी प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे।

## प्रथम महापौर ने अमर बाउरी को घोषणा पत्र में मेदिनीनगर के महत्वपूर्ण मुद्दे को शामिल करने का दिया सुझाव

पलामू के विकास के लिए उपराजधानी, तीन वर्षीय डॉक्टर, खास महाल लीज, औद्योगिक नगरी व कोयल को बांधना अति आवश्यक : अरुणा शंकर



प्रथम महापौर ने अमर बाऊरी एवं भानु प्रताप शाही को बुके देकर सम्मानित किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने भाजपा प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी को मेदिनीनगर शहर की महत्वपूर्ण समस्या व मुद्दे को घोषणा पत्र में शामिल करने का सुझाव दिया है। श्रीमती शंकर ने जिन समस्याओं को शामिल करने का आग्रह किया है उनमें मेदिनीनगर को झारखंड का उप राजधानी घोषित करने का संकल्प लेने की बात कही है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के मुख्यालय मेदिनीनगर को उपराजधानी बनाने हेतु घोषणा पत्र में संकल्प ली जाए जहां वर्ष में चार बार पूरा कैबिनेट मंत्रियों एवं सचिव स्तर के पदाधिकारी की बैठक कर प्रमंडल की जनता की शिकायतों का त्वरित निदान हो ताकि रांची का चक्कर जनता को न लगाना ना पड़े। पलामू प्रमंडल को ईस्पेशल इंडस्ट्रियल जॉन का संकल्प लेने को कहा है। प्रथम महापौर ने कहा कि पलामू में सर्वाधिक रोजगार हेतु पलायन होता है। महापौर ने कहा कि मेदिनीनगर शहर का अधिकांश भाग खास महाल भूमि पर अवस्थित है जिसका नवीनीकरण गत 30 वर्षों से नहीं हो रहा अत लीज देते वक्त सरकार द्वारा लीज धारीयो से किए अनुबंध के अनुसार लीज नवीनीकरण का संकल्प घोषणा पत्र में की जाए। कोयल को बांधने का संकल्प में प्रथम महापौर ने कहा कि पलामू प्रमंडल में एक भी विकसित सिंचाई योजना नहीं इसलिए मजदूरो का पलायन दूसरे राज्य में खेती के समय काम करने हेतू होता साथ ही मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र का जलस्तर नित्य नीचे जा रहा है। अरुणा शंकर ने अमर बाऊरी एवं भानु प्रताप शाही को बुके देकर सम्मानित किया।

## पांकी विधायक ने तरहसी हाई स्कूल में वर्ग कक्ष भवन निर्माण का किया शिलान्यास

## छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने में होगा सहुलियत : डॉ मेहता



खबर मन्त्र संवाददाता

**तरहसी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के बिधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता क्षेत्र अंतर्गत डीएमएफटी मद द्वारा वितिय वर्ष 2024-25 के तहत तरहसी स्थित राज्यकीय कृत+2 हाई स्कूल तरहसी में 4 कमरा भवन निर्माण का विधिवत पूजा अर्चना एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास किया । मौके पर लोगों ने डा मेहता का फुल माला पहनाकर और बुके से जोरदार स्वागत किया । मौके पर विधायक ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित हैं। कहा कि विद्यालय भवन निर्माण हो जाने से छात्रों को शिक्षा ग्रहण करने में सहुलियत होगी। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि छात्रों को नियमित स्कूल भेजें ताकि वे बेहतर पढ़ाई कर अपना व क्षेत्र का नाम रौशन करें। विधायक ने स्कूल के प्राचार्य से कहा कि छात्रों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करें। इसमें कोई कमी या सहयोग की जरूरत है तो बतायें। शिक्षा में बच्चों की गरीबी व कमी नहीं आने दी जायेगी। कहा कि स्कूल संचालन में हरसंभव सहयोग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य हैं। शिक्षक अपने जिम्मेवारी को समझकर बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करें ताकि बच्चे उंचे पदों को प्राप्त कर देश की सेवा कर सकें। मौके पर प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव दिलीप पांडे, संतोष चंद्रवंशी, दिलीप चौधरी, सरयू सिंह, इंद्रदेव यादव, कार्तिक सिंह, सुरेश यादव,

## अबुआ आवास योजना को लेकर उपायुक्त गंभीर, कहा

# शिकायत मिलने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी

बीडीओ को विभिन्न बिंदुओ पर दिया कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में अबुआ आवास योजना अंतर्गत योग्य लाभुकों को आवास प्रदान करने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन गंभीर हैं।

इसी को लेकर उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि अबुआ आवास योजना 2024-25 के योग्य लाभुकों की सूची को प्रखण्ड कार्यालय एवं सभी 265 पंचायत कार्यालयों पर 24 घंटे के अंदर प्रकाशित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा है कि योजना में गंभीर शिकायत मिलने पर जवाबदेह बीडीओ, पंचायत सचिव एवं मुखिया पर कड़ी अनुशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि उक्त योजना अंतर्गत पंचायत स्वयं सेवक से किसी तरह का कोई कार्य नहीं कराया जाना है ऐसे में कहीं से स्वयंसेवकों द्वारा गड़बड़ी किए जाने की शिकायत मिलने के पश्चात उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अयोग्य लाभुकों की योजना स्वीकृति कभी भी रद्द की जाएगी। जिन लाभुकों के द्वारा आवास स्वीकृति में किसी भी व्यक्ति को रिश्वत दिए जाने का मामला प्रकाश में आने की स्थिति में उन लाभुकों का आवास रद्द करते हुए उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# जनता का बढ़ता विश्वास और विकास की नयी उम्मीदें जगी : विनोद सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

## पांकी विस क्षेत्र के प्रत्याशी सिन्हा ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद



**मेदिनीनगर।** आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बीच, पांकी विस क्षेत्र के भावी प्रत्याशी कुशवाहा बिनोद सिन्हा का दौरा इलाके में चर्चा का विषय बन गया है। अपने पांकी प्रखंड के दौरे में बिनोद सिन्हा ने कई पंचायतों का दौरा कर जनता से सीधा संवाद स्थापित किया, जिसमें उन्होंने लोगों की समस्याओं को न केवल सुना, बल्कि उनके समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। बिनोद सिन्हा के इस दौरे के दौरान क्षेत्र की जनता ने खुलकर अपनी निराशा जाहिर की। उनका कहना था कि मौजूदा जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल में क्षेत्र का विकास पूरी तरह से ठप हो गया है। बुनियादी सुविधाओं की कमी, जैसे सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, और शिक्षा, क्षेत्र के लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि पिछले पांच सालों में क्षेत्र में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ है। बिनोद सिन्हा ने जनता के इस आक्रोश को समझते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि अगर वे विधायक बने, तो इन सभी समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ आपकी समस्याओं को सुनने के लिए नहीं आया हूँ, बल्कि उन्हें हल करने का पक्का इरादा लेकर आया हूं। मेरे पास विकास का एक स्पष्ट और विस्तृत रोडमैप है, जो क्षेत्र की हर समस्या का समाधान करेगा। उन्होंने अपने रोडमैप की चर्चा करते हुए बताया कि यह योजना सिर्फ चुनावी वादों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे जमीनी हकीकत को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस दौरे के दौरान, बिनोद सिन्हा को जनता का अपार समर्थन मिला। लोगों का मानना है कि बिनोद सिन्हा के नेतृत्व में पांकी का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल है।

## कई गांव में लगेगा 'आलोक चौरसिया नो एंट्री' बोर्ड : राजकुमार

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विधानसभा के मेदिनीनगर प्रखंड के ग्राम झाबर, सिन्दुरिया, कुन्डेलवा, तारटोला आदि ग्रामों मे राजकुमार चौरसिया ने जनसम्पर्क किया। जनसम्पर्क अभियान में बडी संख्या में ग्रामीण, युवा एवं महिलाएँ उपस्थित थी। जनसम्पर्क के क्रम में तारटोली शिव स्थान पर एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अमरेश सिंह ने की एवं संचालन बचन सिंह ने किया बैठक में शंकर सिंह, प्रदीप सिंह, रवि प्रजापति, करमदेव सिंह, अजय सिंह, सत्यम सिंह आदि उपस्थित थे। मेरे साथ क्षेत्र-भ्रमण अभियान में जावेद खां, आसिफ हुसैन उर्फ गुड्डु एवं मुस्तकीम जी, हीरा जी, संजय जी एवं गजेन्द्र जी सामिल थे। क्षेत्र-भ्रमण के क्रम में वर्तमान विधायक के प्रति काफी आक्रोश देखा गया मैंने जितना भी गांव दौरा किया हर जगह विधायक को लेकर भयंकर नाराजगी लोगों में है। कई गांव में तो इतना ज्यादा आक्रोश विधायक के लिए है कि लोगों ने तय कर रखा है विधायक को अगर तीसरी बार टिकट मिला तो भाजपा का विरोध के साथ-साथ गांव आने से चुनाव में रोका जाएगा और 'विधायक नो एंट्री' का बैनर लगाकर विधायक का बहिष्कार किया जाएगा। तारटोला में सड़क की स्थिति इतनी देंनिया है जहां चलना नामुमकिन। गांव की महिलाओं ने सड़क पर धान रोप कर विधायक के प्रति विरोध जताया। राजकुमार ने कहा इन समस्याओ से जिला-प्रशासन को अवगत कराने एवं निजात दिलाने का कार्य करुंगा। चौरसिया ने कहा विधायक अपने आप को गरीब गुरुवा का नेता कहते लेकिन 55 लाख की गाड़ी में चलते और डेढ़ लाख का मोबाइल रखते। राजकुमार चौरसिया ने कहा विधायक जी जैसा क्षेत्र में घूमते वक्त समस्या नहीं देखते अपना मोबाइल देखते-देखते निकल जाते अगर भाजपा गलती से भी इन्हें टिकट दे दी तो पब्लिक भी इस बार इन्हें वोट नहीं मोबाइल देखते देखते निकल जाएगा।

### अबुआ आवास योजना में लगाया गया आरोप बेबुनियाद है : मीना देवी



चैनपुर (पलामू)। प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा पंचायत में अबुआ आवास योजना में आवेदक पिंकू कुमार, जीरवंती कुंवर एवं संथालों देवी द्वारा मुखिया के विरुद्ध प्रखंड एवं जिला के संबंधित पदाधिकारीयों के पास आवेदन में घूस लेकर अयोग्य लाभुक को अबुआ आवास करने का झूठा आरोप लगाया है। इसकी जानकारी दैनिक समाचार में छपी खबर से मिली। इस आरोप को मुखिया मीना देवी ने खंडन किया है। उन्होंने कहा कि यह आरोप बेबुनियाद निराधार एवं सरासर गलत है। विरोधियों के इशारे पर एक सोची समझी साजिश के तहत मनगढ़ंत झूठा आरोप लगाया गया है। मुखिया के विरुद्ध षडयंत्र का यह एक हिस्सा है। मेरी स्वच्छ छवि को धुमिल करने एवं दागदार बनाने की असफल कोशिश की जा रही है। जो विरोधी घृणित राजनीति में कभी कामयाब नहीं होंगे। आवेदक पिंकू कुमार एवं उनके छोटे भाई की पत्नी पूजा देवी के नाम से पहले एलॉट में ही आवास बन रहा है। पिंकू कुमार का पेशा ही दलाली करना धंधा है। पशुपालन विभाग में गाय बकरी मुर्गी दिलाने के नाम पर, पेंशन बनवाने, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, आवास बनवाने के नाम पर घर-घर जाकर रुपये की उगाही करता है। उन्होंने अबुआ आवास बनाने के नाम पर कुछ अयोग्य लाभुकों से रुपये की उगाही कर लिया है जिसमें इनको सफलता नहीं मिली। गत वर्ष पशुपालन विभाग से मुखिया का फर्जी मोहर हस्ताक्षर कर योजना का लाभ लिया था, जिसका विरोध मैं जिला में लिखित किया था। इसी से विचलित होकर, बौखलाहट में पंचायत की मुखिया, पंचायत सचिव एवं स्वयं सेवक पर झूठा इल्जाम लगाया है। जिरवंती कुंवर पति स्व कन्हाई महतो का अबुआ आवास के योग्य सूची में नाम दर्ज है लेकिन भौतिक सत्यापन के पश्चात उनके पास कोई अपना जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण अबुआ आवास का लाभ नहीं दिया गया उनके नाम से जमीन उपलब्ध होते ही लाभ दिया जा सकता है। ऐसे आवेदिका जिरवंती कुंवर का आवेदन ही फर्जी है क्योंकि आवेदिका हस्ताक्षर नहीं करती है। अनपढ़ हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि इसके पीछे कोई दूसरा खेल खेल रहा है ताकि मुखिया बदनाम हो सके। आवेदीका संथालों देवी पति भूलू महतो का भी आवास के योग सूची में नाम दर्ज है लेकिन उनके दोनों पुत्रों में आवास बनाने के लिए आपसी सहमति नहीं बन पाई है जिसके कारण तत्काल आवास का लाभ नहीं मिला। मुखिया मीना देवी ने बताया कि पंचायत में चतुर्दिक विकास हो रहा है। पंचायत की जनता को निस्वार्थ भाव से कम कर रही हूं। हर दुख सुख में खड़ी रहती हूं और खड़ी रहूंगी।

# पिंकु चौरसिया ने अबुआ आवास में अनियमितता का लगाया आरोप



**चैनपुर(पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नरसिंहपुर पथरा पंचायत के भेरवा गांव निवासी पिंकू चौरसिया अबुआ आवास योजना में मुखिया, पंचायत सचिव, स्वयंसेवक के विरुद्ध घोर अनियमितता बरतने व पैसा वसूली का आरोप लगाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि गरीब असहाय विधवा योग्य लाभुक को क्रमानुसार पैसे नही देने के बाद अयोग्य घोषित कर आवास अस्वीकृत करने का आरोप लगाया है। वहीं स्वयंसेवक विकास चौरसिया के विरुद्ध पैसा देने पर अबुआ आवास योजना में योग्य व नही देने पर अयोग्य करने का आरोप लगाया हैं। साथ ही नाम जोड़ने के लिए भी स्वयंसेवक के द्वारा 25 हजार से 35 हजार तक रिश्वत का मांग किया जाता है। साथ ही साथ नरसिंहपुर पथरा पंचायत निवासी सतोला देवी पति भोली महतो का नाम क्रमांक स 61 पर दर्ज था जो कि जिला तक भेजने के बाद भी अयोग्य कर दिया गया जिसका आवेदन जिला उप विकास आयुक्त को देकर गुहार कर आवास की मांग किया। वहीं अबुआ आवास योजना के अंतर्गत जिरवंती कुंवर भी आवेदन कर जांचो परांत करने की मांग किया गया। ऐसा ही मामला नरसिंहपुर पथरा पंचायत मुखिया मीना देवी अबुआ आवास योजना में अयोग्य को योग्य,योग्य को अयोग्य पैसा लेकर करने का घोर अनियमितता का आरोप लगाया हैं।

### संदीप सरकार को विधायक चुनेंगे क्षेत्र की जनता : निरंजन यादव



पाटन पलामू। युवा एकता मंच पलामू जिला अध्यक्ष सह छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र से भावी स्थानीय विधायक उम्मीदवार संदीप सरकार ने जनसंपर्क अभियान चलाकर पाटन प्रखंड के पचकेडिया, धंगरडीहा चुरादोहर के घर घर और हर टोल मोहल्ले पर जाकर के ग्रामीणों से मुलाकात किए। निरंजन यादव ने कहा कि छतरपुर पाटन विधानसभा की धरती को बंजर करके ताना मारने वाले लोग को आने वाला विधानसभा चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हम सभी तैयार हैं। इस विधानसभा की धरती बेटा के साथ-साथ नेता का भी जन्म दिया है और छतरपुर पाटन विधानसभा के इतिहास में पहली बार संदीप सरकार लोकल विधायक जनता के द्वारा चुनकर भेजे जाएंगे। मौके पर राकेश यादव, अरविंद मेहता उदय यादव संजय मेहता बिगन यादव संतोष यादव सत्येंद्र उरांव विजय कुमार सिंह, संतोष कुमार, राजेंद्र भुईया, धर्म साव, अमरेश कुमार, विनोद सोनी अवधेश रवि, अमररेश सत्येंद्र महतो, ओमशंकर मोची, जीतू राम, बैजनाथ उराव अरविंद उरांव अनुराधा देवी मौजूद थे।

### दलित व मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष ने ग्रामीणों को दी कार्यो की जानकारी



पाटन पलामू। छतरपुर विधानसभा अंतर्गत कांग्रेस पार्टी का जनसंपर्क यात्रा के दौरान दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान प मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह ने कांग्रेस के जनकल्याणकारी कामों को लोगों के बीच जानकारी दी। नेताद्वय ने कहा कि झारखंड में गठबंधन की सरकार चल रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जरूरतमंदों के लिए कई विकास योजनाएं चलायी जा रही है। लोग इसका लाभ उठायें। मौके पर संजय पासवान, सुधीर कुमार, चूरन सिंह, राजेश पाल, मनोज यादव, कलाम अंसारी, सरवन कुमार, राजाराम समेत कई लोग शामिल थे।

## डोडांग ग्राम में मलय जलाशय परियोजना के विस्थापित परिवार की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के महत्वपूर्ण मलय जलाशय परियोजना के विस्थापित परिवार की बैठक डोडांग गांव में किया गया, जिसका नेतृत्व सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार भुईयां ने की। बैठक के दौरान लोगों ने कहा कि 56 घरों के लोग विस्थापित हुए थे जिसमें 22 लोगों को आज भी बिस्थापित नीति के तहत उन्हें नौकरी नहीं मिली है। मौके पर मनोज कुमार भुइयां ने कहा कि विस्थापित नीति के तहत जो भी सरकार का मुआवजा नियमावली है उसके तहत विस्थापित लोगों को पूर्ण रूप से लाभ दिया जाए। विस्थापित नीति में साफ तौर पर कहा गया है कि जल स्त्रोत पर जीविका उपार्जन के लिए पूर्ण रूप से विस्थापितों का अधिकार होगा परंतु इन सभी बिंदुओं पर जिला प्रशासन ध्यान नहीं दे रही है जिसका खामियाजा विस्थापित परिवारों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं इन सभी बातों को लेकर आपस में विचार किया गया की एक बड़ा बैठक आयोजित होगी जिसमें परियोजना का संघ होगा और इस लड़ाई को आगे ले जाने में उनकी भूमिका होगी। सभी समस्याओं से सरकार को अवगत कराया जाएगा। परियोजना संघ झारखंड के सभी जल परियोजनाओ के विस्थापितों के साथ मिलकर सरकार के साथ लड़ाई लड़ेगी। बैठक में विस्थापित परिवार के सदस्य बालेश्वर सिंह, रमेश राम, नरेश सिंह, हुलास महतो, सुरेंद्र भुईयां, गंगेश्वर सिंह, अशोक सिंह, बेणेश्वर सिंह, अखिलेश सिंह, महावीर सिंह, झरी सिंह, कमलेश यादव, ललन सिंह, वीरेंद्र सिंह, पाचू सिंह, श्यामदेव सिंह, हीरानंद सिंह, आकाश सिंह, शिवानंद यादव, बैजनाथ सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

## सेमरी व रूदीडीह पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित, लाभूकों के लिये गये आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पाटन प्रखंड के सेमरी पंचायत एवं रुदीडिह पंचायत में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन सीओ प्रवीण कुमार सिंह, उप मुखिया सुरेन्द्र रजक, समाज सेवी शक्ति शंकर गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सेमरी पंचायत भवन में आयोजित शिविर में अबुआ आवास के लिए 325 आवेदन प्राप्त किया गया । आधार बनाने के लिए 9 आवेदन, पेंशन के लिए 14 आवेदन प्राप्त किया गया तथा स्वास्थ्य विभाग में 100 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां दी गई। शिविर में बालविकास विभाग के द्वारा पांच महिलाओं का गोद भराई एवं पांच बच्चों का अन्नप्रासन किया गया। कृषी विभाग के द्वारा लगाये गये स्टॉल में 10 आवेदन फसल बीमा एवं केसीसी ऋण के लिए प्राप्त किये गये। आपूर्ति विभाग में 20 लोगों ने नया राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया। मनरेगा विभाग के द्वारा 100 आवेदन जौब कार्ड बनवाने के लिए लोगों से प्राप्त किया गया। पशुपालन विभाग के द्वारा चार आवेदन प्राप्त किये गये जिसमें पशुधन योजना को द्वारा दो गाय और दो बकरी के लिए दिया गया। इन सभी विभागों के द्वारा शिविर में ही सभी आवेदनों का औन लाईन कर दिया गया तथा आगे अग्रसारित किया गया। शिविर में अबुआ आवास एवं मईयां सम्मान योजना के लिए ज्यादा आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। जिसका ऑनलाइन कर निष्पादन करने कि प्रकिया विभाग के द्वारा किया जा रहा है। शिविर में बीडीओ अमित कुमार झा ने प्रखंड कर्मियों को विभाग वार दिशा निर्देश देते रहे। वहीं शविर में प्रखंड कर्मियों के द्वारा भी आये हुए आवेदन को यथासंभव निष्पादन करने का प्रयास किया गया। पाटन प्रमुख शोभा देवी ने शिविर में उपस्थित लोगों को इस सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने को कहा। जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने कहा कि जो भी गरीब अबुआ आवास एवं मईयां सम्मान योजना से वंचित रह गये है वे सभी शिविर में आवेदन देकर लाभ उठावें।

# कब्रिस्तान बनाने की योजना मिलते ही बाजार वासियों में बढ़ा आक्रोश



मांग पत्र सौंपते बाजारवासी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय के बाजार के घनी आबादी के पास कब्रिस्तान बनाने की योजना की जानकारी होने के बाद बाजार वासियों में भारी आक्रोश है। कब्रिस्तान बनाने के विरोा में लोगों की बैठक दुर्गा मंदिर प्रांगण में किया गया। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार इस कब्रिस्तान घेराबंदी व सुंदरीकरण योजना को रद्द करने के लिए सीओ सह बीडीओ बासुदेव राय को ग्रामीणों ने आवेदन दिया है। यह योजना कल्याण विभाग से स्वीत है। जिसका प्राक्कलन राशि 15 लाख 58 हजार है। ग्रामीणों ने इसे लुट योजना व आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाली योजना बताया है। इस संबंध में श्याम किशोर गुप्ता, ओम प्रकाश सोनी, त्रिपुरारी सोनी, संतोष प्रसाद गुप्ता, विक्की गुप्ता, उमेश प्रसाद, संजय गुप्ता, बसंत सोनी, ननंजय कुमार सोनी, राजकुमार प्रसाद, दिपक सोनी, रामचंद्र राम, धनंजय गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, विश्वकर्मा सोनी रवि गुप्ता एवं राजू गुप्ता ने कहा कि एक विशेष सामुदाय के लिए प्रखंड कार्यालय के समीप पहले से ही बड़े भू भाग पर कब्रिस्तान बना हुआ है। उसका भी लगभग 24 लाख की लागत से सुंदरीकरण होना है। जो सभी के लिए हर्ष की बात है। लेकिन सरकारी रूपये का बंदरबांट करने व आपसी सौहार्द बिगाड़ने के लिए कुछ लोगों द्वारा रमना बाजार के घनी आबादी के पास महज तीन डिसमील भूमि पर 15 लाख 58 हजार के लागत का कब्रिस्तान घेराबंदी की स्वीति जिला कल्याण विभाग से कराया गया है। जबकि इस भूमि पर कभी भी विशेष समुदाय द्वारा किसी के शव को मिट्टी नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल चंद लोगों द्वारा आपसी सौहार्द बिगाड़ने की साज़िश है। उन्होंने कहा कि इस योजना को रद्द करने के लिए सीओ सह बीडीओ बासुदेव राय को आवेदन दिया गया है। अगर यह योजना रद्द नहीं किया गया, तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। आवेदन देने वालों में श्रवण कुमार पासवान, सचिन कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार, आदित्य गुप्ता एवं पंकज सोनी सहित करीब 60 लोगों के नाम शामिल है।

## हरसिद्धि के दुदही से गिरफ्तार साइबर फ्रॉड का निकला नेशनल नेटवर्क

**पूर्वी चंपारण।** जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के दुदही मलाही टोला से गिरफ्तार साइबर फ्रॉड सिकंदर यादव राष्ट्रीय गिरोह का सरगना निकला। गुप्त सूचना के बाद एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में हरसिद्धि थाना पुलिस ने सिकंदर की गिरफ्तारी छपवा-हरसिद्धि मुख्य मार्ग के कोबेया से किया गया।जिसने पूछताछ के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग दिया है।उसने बताया कि अपने सहयोगियों के साथ पूरे भारत में कहीं से भी रुपये को मोबाइल के जरिए निकाल और डाल सकता हूं। हरसिद्धि थानाध्यक्ष निर्भय कुमार राय ने बताया कि साइबर फ्रॉड सिकंदर यादव सहित तीन लोग नामजद हुए हैं जिसमें नीरज सहनी, विवेक सहनी, सूरज सहनी को प्राथमिक अभियुक्त बनाया गया है, तीनो साइबर फ्रॉड दुदही मलाही टोला के रहने वाले है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है, थानाध्यक्ष ने बताया कि सिकंदर यादव के पास से श्याम बाबू कुमार के नाम के दो डेबिट काड मिला जिसमे एक डेबिट कार्ड फाइन केयर का बताया गया और एक बैंक ऑफ बड़ौदा का है,एक एसबीआई का एटियम भी बरामद किया गया है, जिस एटीएम के माध्यम से कई बार रुपया की निकासी की गई है।इनके पास से तीन एंड्रॉयड फोन भी बरामद हुआ है जिससे लेनदेन की जाती थी।उक्त फोन को पुलिस के साइबर एक्सपर्ट खंगालने में जुटे है। पूछताछ के बाद गिरफ्तार सिकंदर यादव को सोमवार को जेल भेज दिया जाएगा।

# सीएम नीतिश आज कई जलापूर्ति योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

**एजेंसी**

**डेहरी आन सोन।** रोहतास जिले के डेहरी आन सोन में सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार डेहरी, सासाराम, औरंगाबाद में सोन नदी से होने वाले जलापूर्ति योजना, आईटीआई में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, पुलिस संयुक्त भवन समेत समेत कई विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। डीएम नवीन कुमार ने यह जानकारी दी रविवार को दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री एक दिवसीय दौर के क्रम में सोमवार को स्थानीय एनिकट में डेहरी ,औरंगाबाद और सासाराम के 13अरब 47करोड़ की लागत से बनने वाले पेयजल आपूर्ति योजना का शिलान्यास करेंगे। पुराने सोन नहर प्रणाली के एनिकट बराज के पास इस योजना का शिलान्यास होगा। यहां 1872 में बने एनिकट बराज को मरम्मत करा कर पानी का भंडारण किया जाएगा। बस्तीपुर में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगेगा। जहां से सोन के सतही जल का उपयोग कर पाइप लाइन के माध्यम से तीनो शहरो में पेय जल की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि डेहरी और सासाराम के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में निर्मित सेंटर आफ एक्सीलेंस का उद्घाटन करेंगे। टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से बने सेंटर आफ एक्सीलेंस का निर्माण लगभग तीन करोड़ की लागत से किया गया है । आईटीआई के छात्रों को आधुनिक तकनीकी के माध्यम से अध्यापन करेंगे। अब यहां के छात्रा को इंडस्ट्रीज 4.0 टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण मिलेगा। पंचायत के बस्तीपुर में विद्यालय आंगनवाड़ी भवन व पुस्तकालय का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे जाएगा। पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा लगभग 17 करोड़ की लागत से पहलेजा पंचायत के चकिया में डेहरी मुफस्सिल थाना भवन, भालूआड़ी में शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के लिए निर्माण होने वाले संयुक्त पुलिस भवन व एफएसएल भवन का भी शिलान्यास करेंगे।



अधिकारियों की निगरानी में रविवार को सभी योजनाओं की तैयारी को अंतिम रूप देते श्रमिक।



जदयू में शामिल होने के बाद श्याम रजक का बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वागत किया।

## जात पात से ऊपर उठकर रहने से ही विकास होगाः प्रदेश अध्यक्ष

**गोपालगंज।** बिहार सरकार में मंत्री और बिहार भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल गोपालगंज पहुंचे जहां कार्यकताओं ने उनका जमकर स्वागत किया। जिले के सीमा डुमरिया पुल से लेकर थावे मंदिर तक आने के क्रम में जगह जगह भाजपा कार्यकताओं ने फूल और माला लेकर स्वागत ककिया।

## खबर एक नजर में

### मृतक मजदूर के घर पहुंचे सांसद, हर संभव मदद का दिया आश्वासन

**गढ़वा।** जिले के मेराल में एनएच 75 पर बन रहे फ्लाईओवर निर्माण के दौरान मृतक रानीताली ग्राम निवासी चंद्रदेव राम के पुत्र सुदर्शन राम के घर पहुंचे। जहां उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। साथ ही नियमानुसार विभिन्न योजनाओं का लाभ तथा संवेदक से उचित मुवावजा दिलवाने का भी आश्वासन दिया। ज्ञात हो कि मेराल में एनएच 75 पर बन रहे फ्लाईओवर में सात नंबर पिलर के पास सेटरिंग खोलते समय सुदर्शन राम गिर गया था। घायलावस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतक के परिवार वालों ने सांसद श्री राम से उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि परिवार के लोगों का जीवन यापन ठीक से चल सके। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, शिवशंकर सिंह, ईश्वरी पाण्डेय, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, कौशल झा आदि उपस्थित थे।

### राधे कृष्ण मंदिर में मना छठी महोत्सव

**भवनाथपुर।** टाउनशिप दुर्गा मंदिर प्रांगण स्थित राधे कृष्ण मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी के छठे दिन रविवार को विधिवत महिला भक्तों के साथ के पंडित सत्येंद्र वैद्य ने छठी महोत्सव मनाया। इस अवसर पर महिला मंडली के द्वारा सोहर गीत के साथ पूरे एक सप्ताह तक कार्यक्रम आयोजित की गई थी। जिसमें पंडित सत्येंद्र वैद्य ने हवन पूजन किया। छठी महोत्सव में प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को हलवा हल्दी वितरण किया गया। मौके पर बुचुन सिंह व उनकी पत्नी पूजा सिंह, शिला देवी, बेबी देवी, फूलपति देवी, यशोदा देवी, रेणु देवी, गीता देवी, उमा देवी, सुमन देवी, पूजा देवी, मनोरमा देवी आदि उपस्थित थी।

### छठी कार्यक्रम में बाल श्रीकृष्ण को खेलाने के लिए आये किन्नर समाज

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर में रविवार को भगवान बाल श्रीकृष्ण का छठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा अर्चना व आरती कर छठी मनाई गई। इस अवसर पर गढ़वा एवं मेदिनीनगर से किन्नर समाज के लोग आये और भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप के दर्शन पूजन किया तथा काफी समय तक सोहर गीत गाया। छठी कार्यक्रम में हर वर्ष की इस वर्ष विशेष तरीके से महा भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें मझिआंव कला, मझिआंव खुर्द, चन्द्री, रेसुआ, अखौरी तहले, दुबेतहले, गहिड़ी, बूढ़ी खांड़, ऊंचरी, बकोइया, आमर सहित एक दर्जन गांवों के लोग शामिल हुए। वहीं छठी कार्यक्रम के महाप्रसाद के लिए विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता सह भाजपा प्रदेश समिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। इस अवसर पर थाना प्रभारी आकाश कुमार के निर्देश पर कार्यक्रम के अंत तक मंदिर परिसर में पुलिस बल को मुस्तैद देखा गया। मौके पर नागेन्द्र सिंह, जगन्नाथ प्रसाद, विनय सिंह, बिनय पाठक, संजय कमलापुरी, अशोक कमलापुरी, डीआर रजनीकांत वर्मा, बिरेन्द्र पाठक, बिरेन्द्र सौंडिक, विकास कुमार सौंडिक, प्रीतम कुमार, जितेंद्र पाठक, रकी तिवारी, गोलू सिंह, संतु सिंह, रामनाथ यादव, राधे सिंह आदि उपस्थित थे।

## कांडी में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत गरदाहा प्लस 2 उच्च विद्यालय के मैदान में रविवार को झारखंड विकास पार्टी के बैनर तले दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मझिआंव-विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह भावी विधायक प्रत्याशी विकास दुबे ने फीता काटकर दौड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम का उदघाटन किया। दौड़ प्रतियोगिता में सैकड़ों युवकों ने भाग लिया। बता दें कि इस प्रतियोगिता में कुल 5 किलोमीटर की दौड़ के लिए 24 मिनट का समय निर्धारित किया गया था। समाजसेवी विकास दुबे ने प्रथम विजेता पवन कुमार सिंह गिरिडीह को 3100 रुपए व शील्ड से पुरस्त किया। जबकि द्वितीय विजेता प्रदीप कुमार रांची को 2100 रुपए व शील्ड से पुरकृस्त किया गया। वहीं तृतीय पुरस्कार के लिए राहुल कुमार उराव को 1100 रु व शील्ड से पुरस्त किया गया। जबकि अन्य प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर हौसला अफजाई किया गया। मौके पर आयोजन समिति के अयक्ष अख्तर अंसारी, कांडी बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार, खुटहेरिया बीडीसी अभिनंदन शर्मा, जयप्रकाश सोनी, विवेक पांडेय, विजय कुमार, राजेश पांडेय, दीपक पांडेय, सुनील चंद्रवंशी, शंभू पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पीएमजीएसवाई से होगा 12 सड़कों का निर्माण, मिली स्वीकृति



सांसद बीडी राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** पलामू संसदीय क्षेत्र में प्रानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत प्रानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महान अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत 44 करोड़ एक लाख 62 हजार रूपए की लागत से लगभग 5065 किमी गढ़वा जिला में सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिले की आदिम जनजाति के गांवों में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी के लिए विभिन्न प्रखण्डों में 12 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने प्रदान कर दी है।

इसके लिए पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ग्रामीण विकास, कृषि एवं कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से धन्यवाद तथा आभार व्यक्त किया है। जानकारी देते हुए सांसद श्री राम ने बताया कि इन सड़कों के निर्माण से आदिम जनजाति बाहुल्य गांवों में रहने वाले लोगों को आवागमन की सुविधा सुगम उपलब्ध होगी। इनमें भंडरिया एल021 बाथन टोली से कोचली बारकोल कला तक 34 किमी, भंडरिया एल022 खिरन मोड़ से हरता तक 63 किमी, भंडरिया एल021 मद्गढ़ी रोड से टोटकी तक 43 किमी, चिनियां एल021 पीएमजीएसवाई रोड उदय मोड़ से परशु खाड़ रोड़ तक 2 किमी, चिनियां एल021 चपला उर्फ चोफोलो मोड़ से दोगवा खाड़ तक 25 किमी, चिनियां एल021 रोतोही महुआ टोला से छेतेलिया रोड तक 10.1 किमी, चिनियां एल026 पीएमजीएसवाई रोड खुरी मोड़ से खुरी रोड तक 28 किमी, चिनियां एल 024 पीएमजीएसवाई रोड से पियाहीया गांव रोड तक 475 किमी, डंडईएल022 दनराई से कोरवा पियाहीया टोला बेहरवा तक 35 किमी, धुरकी एल021 बरका घाट से धुरकी मेन रोड मरचाई तक 62 किमी, रमकंडा एल021 कुशवर से सरकही मेन रोड तक एक किमी तथा रंकाएल022 पीडब्ल्यूडी मेन रोड से अमहार तक 38 किमी सड़क का निर्माण कार्य शामिल है।

# नवनियुक्त पीजीटी शिक्षकों एवं प्रयोगशाला सहायकों का स्वागत समारोह आयोजित




मंचासीन अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** प्लस 2 शिक्षक संघ की गढ़वा इकाई के तत्वावधान में रविवार को शहर के गोविंद उच्च विद्यालय के प्रांगण में नवनियुक्त पीजीटी शिक्षकों एवं प्रयोगशाला सहायकों का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नवनियुक्त शिक्षकों एवं प्रयोगशाला सहायक को तिलक लगाकर व अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। इस दौरान नवनियुक्त शिक्षकों ने संघ के माध्यम से अपनी विभिन्न समस्यों को रखा। झारखंड प्लस 2 शिक्षक संघ ने सभी समस्याओं के निराकरण के लिए एक कमिटी का गठन किया, जो जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा से मिलकर शिक्षकों की इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण करवाएगी।

मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड शिक्षक संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष विश्वविजय सिंह ने कहा कि इस दौर में शिक्षकों का संगठित होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने स्वार्थवश राजनीति एवं भ्रष्टाचार से संगठन को बचाने का भी मार्ग प्रशस्त किया। कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रमौलिश्वर पांडेय ने कहा कि शिक्षण एक सेवा नहीं बल्कि कर्तव्य है, जिससे समाज का निर्माण होता है। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि यह सेवा करने का हमें अवसर मिला है। प्लस टू शिक्षक संघ छात्र एवं शिक्षक हित में सदैव तत्पर रहता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रवि शंकर ओझा तथा संचालन जिला सचिव राम प्रसाद पाठक ने किया। मौके पर उपाध्यक्ष विनिता शुक्ला, संयुक्त सचिव विकास कुमार, सत्येंद्र प्रताप सिंह, प्रमंडलीय प्रतिनिधि रोहिणीकांत देव पांडेय, अखिलेश कुमार पांडेय, मनोज कुमार मौर्य, सुरेंद्र कुमार, धीरेंद्र कुमार, हेमेंद्र दास, सुशील कुमार, विवेक कुमार सिंह, अमिताभ पांडेय, बलराम यादव, प्रताप मिंज, अतुल यादव, मलय कुमार सिंह, अभिषेक यादव, दिनेश कुमार सिंह, राजीव यादव, वीरेंद्र यादव, सुमन कुमारी, पूजा कुमारी, मनीष कुमार तिवारी, धारा सिंह मीना, रंजन प्रताप सिंह, प्रवीण तिवारी, गोविंदा कुमार, ममतालता, मुकेश चतुर्वेदी आदि शिक्षक एवं प्रयोगशाला सहायक उपस्थित थे।

## उत्तराखंड पीसीएस की परीक्षा में 6वीं रैंक लाने वाले युवक को किया गया सम्मानित



राहुल को बुके देकर सम्मानित करते प्रखंड प्रमुख व थाना प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड के गाड़ाखुर्द पंचायत अंतर्गत सुंडीपुर सामुदायिक भवन के प्रांगण में रविवार को करणी सेना द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर पीसीएस क्वालीफाई किए स्थानीय युवक राहुल कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। करणी सेना के गढ़वा जिलाध्यक्ष नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने गाजे बाजे के साथ राहुल कुमार सिंह व उनके माता पिता को कार्यक्रम स्थल तक लाया। सम्मान समारोह में उपस्थित कांडी प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय, कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम, राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह, जिप सदस्य उतरी सुषमा कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित गणमान्य लोगों को करणी सेना के सदस्यों द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सुंडीपुर गांव के त्रिवेणी क्लब के सदस्यों ने भी राहुल कुमार सिंह को माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। बता दें कि उत्तराखंड पीसीएस की परीक्षा में 6वीं रैंक लाने वाले सुंडीपुर गांव निवासी उदय सिंह के पुत्र राहुल कुमार सिंह झारखंड के इकलौते कैंडिडेट हैं जिन्होंने अपने गांव, प्रखंड व जिला के साथ साथ पूरे राज्य का नाम रौशन किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय, थाना प्रभारी व राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह, जिप सदस्य व सभी मुखिया ने राहुल सिंह को अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख पिंकू पांडेय ने कहा कि अगर मन में लगन हो तो मुकाम कहीं भी पढ़कर हासिल किया जा सकता है। राहुल से स्थानीय युवाओं को सीखना चाहिए। थाना प्रभारी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सफल होकर सेवा कहीं और देता है और प्रेरणा कहीं और। राहुल सिंह सेवा उत्तराखंड में देंगे लेकिन प्रेरणा यहां के युवा लेंगे। राहुल कुमार सिंह ने कहा कि माता पिता व गुरुजनों के आशीर्वाद से मैने यह सफलता प्राप्त की है। मौके पर पलामू जिला अंतर्गत मोहम्मद्गंज के जिप सदस्य प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, उप प्रमुख नगीना सिंह, पंसा पंचायत मुखिया विकास सिंह, कांडी दक्षिणी जिप सदस्य प्रतिनिधि सुजीत कुमार, कांडी उत्तरी जिप सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, गाड़ाखुर्द पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, मुखिया आरती सिंह, उप मुखिया अनीत द्विवेदी, मुखिया ललित बैठा, राम परीखा राम, सुबोध वर्मा, भाजपा नेता अभिमन्यु सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कालाबाजारी को लेकर कृषि पदाधिकारी ने दुकानों में की छापामारी



छापामारी करते पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विभागों में खाद्य दुकानदारों द्वारा मनमानी तौर पर खाद्य की बिक्री किए जाने का मामला प्रकाश में आ रहा है। वहीं यूरिया खाद की कीमत पर प्रति बैग 400 रुपए और डीएपी 1700 रुपए पर बैग फास्फोरस जिंक पोटाश इत्यादि खाद्यों पर किसानों से अवैध पैसा की वसूली की जा रही है। जिसको लेकर किसान परेशान हैं खाद्य दुकानदारों द्वारा बड़े पैमाने पर खाद्य की कालाबाजारी तथा अवैध राशि वसूली की जा रही है। जिसको लेकर गढ़वा जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद अपने टीम के साथ कांडी बाजार अवस्थित आयुष खाद भंडार का गहन रूप से छानबीन किया।

# वृद्ध महिला से चावल देने के नाम पर अंगूठा लगवाकर 72500 रुपये की निकासी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डंडई।** थाना क्षेत्र के सोनेहारा गांव में चावल दिलवाने के नाम पर पिछले 6 वर्षों से एक बुजुर्ग विवा महिला से अंगूठा लगवा कर वृद्धा पेंशन की राशि ठगने का मामला को प्रकाश में आया है। ठगी की शिकार हुई 64 वर्षीय वृद्ध महिला फुलझरी कुंवर ने बताया कि गांव के ही मालकुमार यादव पिता भीखू यादव के द्वारा मुझे ब्लक से चावल दिलवाने के नाम पर अंगूठा लगाया था और कभी-कभार 5 से 7 किलो चावल दे देता था। कई बार अंगूठा लगाने के बाद भी उसके द्वारा बोला जाता था अभी चावल नहीं है बाद में मिलेगा। चावल देने के दिन भी उसके द्वारा कई बार अंगूठा लगाया जाता था तब जाकर चावल देता था। जब हम वृद्धा पेंशन के बारे में पूछते तो वह बोलता कि तुम्हारा अब नहीं होगा। उससे थक हारकर चुकी तो मैं अपना पेंशन कराने के लिए सोनेहरा बीडीसी लालमुनी गुप्ता से बोली। इसके बाद उन्होंने पूरा आश्वासन दिया कि आपका वृद्धा पेंशन जरूर बनेगा। वृद्धा पेंशन के लिए उनके पास लगातार मिलता रही एक दिन बीडीसी ने अपने साथ मुझे प्रखंड कार्यालय लेकर आये और अपरेटर से जांच करवाया, जांच के दौरान पता चला कि मेरा पेंशन का पैसा यूनियन बैंक के खाते में जा रहा है और हर बार उसकी निकासी भी हो रही है। उसके बाद उसके तहकीकात की गयी तो पता चला कि गांव के ही माल कुमार यादव प्रखंड कार्यालय से चावल दिलवाले के नाम पर एक मशीन में अंगूठा लगवाता है। उसके द्वारा 6 वर्ष पूर्व 2018 में लवाही स्थित यूनियन बैंक में खाता खुलवाया था, उसी में मेरा पैसा वृद्धा पेंशन आ रहा था मैं समझ रही थी कि मेरा पहले पैसा पोस्ट ऑफिस में आता था अब वृद्धा पेंशन बंद हो चुकी है लेकिन उसने मेरा पैसा निकासी कर रहा था बदले में प्रखंड कार्यालय से मिले चावल के नाम पर कभी 5 किलो तो कभी 7 किलो देता था। उक्त ठग के द्वारा अभी तक 72500 की अवैध निकासी कर ली गयी है। फुलझरी कुंवर ने बताया कि मैं अपनी पेंशन की राशि वापस पाने को लेकर इसकी लिखित शिकायत डंडई थाने में की हूं। मामले को लेकर आरोपी मालकुमार यादव ने बताया कि फुलझरी कुंवर के कहने पर ही हमने उसके खाता से पैसा निकाल कर और उसके बदले प्रत्येक माह चावल दिया है। जिसका लिखित मेरे डायरी में गवाह के साथ उसका अंगूठा का निशान दर्ज है। साथ ही बताया कि उक्त महिला को हमने 2018 से लेकर अभी तक 2270 किलो चावल दे चुका हूं। हमने उस महिला से कोई भी पेंशन की राशि का ठगी नहीं किया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि फुलझरी कुंवर ने आवेदन दिया है, मामले की पड़ताल कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



पीड़िता फुलझरी कुंवर

स्पीड न्यूज

## इंडिगो विमान उड़ाने की धमकी, आपात लैंडिंग

**नागपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर से हैदराबाद जा रही इंडिगो के विमान की रविवार को नागपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद यह कदम उठाना पड़ा। इंडिगो एयरलाइंस के अनुसार हैदराबाद जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई 7308) ने रविवार सुबह 8 बजे जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से उड़ान भरी। इसी बीच विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिली। फ्लाइट को डायवर्ट कर सुबह 9.25 बजे नागपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया। लैंडिंग के समय विमान में 69 यात्री सवार थे।

## वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम 39 रुपये बढ़े

**नयी दिल्ली।** होटल और रेस्तरां में उपयोग किये जाने वाले वाणिज्यिक एलपीजी 39 रुपये प्रति 19 किलो सिलेंडर महंगा हो गया है। वैश्विक बाजारों में तेल के दाम के रुख के अनुरूप यह कदम उठाया गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की खुदरा ईंधन कंपनियों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विमान ईंधन यानी एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत 4,495.5 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 4.58 प्रतिशत की कटौती की गयी है।

## गाजा में इस्लामिक जिहाद के कमांडर ढेर

**गाजा।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दावा किया है कि उसने मध्य गाजा पट्टी में हवाई हमला कर फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) के सेंट्रल कैंप ब्रिगेड कमांडर मुहम्मद कटरूई को मार गिराया है। आईडीएफ ने कहा कि कटरूई को संयुक्त अभियान में मारा गया।

## रूस ने यूक्रेन के ड्रोन हमलों को किया विफल

**मास्को।** रूस ने दावा किया है कि उसने पोडॉल्स्क में यूक्रेन के ड्रोन हमलों को विफल कर दिया है। इसके साथ ही यूएवी एयरक्राफ्ट को भी नष्ट कर दिया गया। रूसी अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। रूसी एयर डिफेंस फोर्सेज ने मास्को की ओर उड़ान भरने वाले एक ड्रोन के हमले को फेल कर दिया। रूसी अधिकारियों के मुताबिक यूक्रेनी ड्रोन के निशाने पर मॉस्को समेत कई इलाके थे।

## टाइपकास्ट होने की फिक्र नहीं, मिलते हैं अवसर : सारा खान



**मुंबई।** टीवी अभिनेत्री सारा खान को लगता है कि अब अभिनेताओं को केवल उनके पर्दे पर निभाए किरदारों के आधार पर आंका नहीं जाता है। सारा, इन दिनों छठी मैया की बिटिया में दिख रही हैं। नए किरदार को लेकर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि लोग अब अभिनेताओं को केवल उनकी स्क्रीन पर निभाई भूमिकाओं के आधार पर आंकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं टाइपकास्ट होने को लेकर फिक्रमंद नहीं हूं और करियर में नए अवसर भी मिलते हैं।

# तीन महीने में वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें चलेंगी

## ट्रेन का ट्रायल डेढ़ से दो माह में शुरू होगा : वैष्णव

एजेंसी

**बेंगलुरु।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि जल्द वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में यात्रा करेंगे। उन्होंने बेंगलुरु में बीईएमएल में वंदे भारत स्लीपर कोच का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल डेढ़ से दो माह में शुरू हो जाएगा। यह ट्रेन तीन महीने में चलेंगी। उन्होंने बताया कि वंदे भारत स्लीपर, वंदे चेयर, वंदे मेट्रो और अमृत भारत। यह चार ट्रेन आने वाले समय में हमारे देशवासियों को एक अच्छी सर्विस देंगे। ट्रेनों में अनुभव के हिसाब से कई बदलाव किए गए हैं। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में बर्थ को सुरक्षित करने के लिए जंजीर को हटाकर नया मैकेनिज्म लाया गया है। शौचालाय की सुविधा को लेकर विशेष ध्यान रखा गया है। ड्राइवर की केबिन पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस कोच



में बहुत सी बातों का ध्यान रखा गया है। ट्रेन में आधुनिक तकनीक, सुरक्षा और लोको पायलट और सर्विस स्टाफ के लिए विशेष सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। इस ट्रेन में बहुत सारे सेफ्टी फीचर्स हैं। साथ ही, डिजाइन में भी बहुत सारे इनोवेशन किए गए हैं। मेंटेनेंस स्टाफ के लिए एक अलग केबिन बनाया गया है। इस ट्रेन की तुलना दुनिया की सबसे अच्छी ट्रेनों से की जा सकती है। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन 800 से 1000 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। जैसे कि अगर कोई यात्री रात में ट्रेन से सफर शुरू करता है तो अगले दिन मंजिल तक पहुंच जाएगा। आम लोगों के लिए शुरू होने वाले इस वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में किराया भी आम लोगों की जेब को ध्यान में रखकर ही तय किया जाएगा। जिससे आम आदमी आराम से वंदे भारत स्लीपर में यात्रा कर सके। ट्रेन का निरीक्षण करने से पहले केंद्रीय मंत्री ने बीईएमएल बेंगलुरु में मानक और ब्रॉड गेज रोलिंग स्टॉक, विनिर्माण सुविधा के लिए नए हैंगर की आधारशिला भी रखी।

### ट्रेन की विशेषताएं

- कोच में रीडिंग लैंप,
- चार्जिंग आउटलेट,
- स्नैक टेबल और मोबाइल मैगजीन होल्डर होंगे
- कवच टक्कर बचाव प्रणाली से लैस होंगे कोच
- स्टेनलेस स्टील कार बॉडी वाले होंगे सभी कोच
- यात्रियों की दुर्घटना-रोधी सुरक्षा होगी
- जीपीआरएफ इंटीरियर पैनल
- डिब्बों में अग्नि सुरक्षा अनुपालन
- स्वचालित दरवाजे होंगे
- सीढ़ी पर पैर रखने की जगह में होगा सुधार
- शौचालय का डिजाइन नया
- एयर कंडीशनिंग बेहतर
- 16 कोच और 823 बर्थ होंगे



बेंगलुरु के बीईएमएल में बन रहा वंदे भारत एक्सप्रेस टेन का स्लीपर कोच। रेल मंत्री ने किया निरीक्षण

## लापता रूसी हेलीकॉप्टर का मलबा मिला, 17 लोगों का शव बरामद

**मॉस्को।** रूस के कामचटका क्षेत्र में वचकाझेत्स ज्वालामुखी के पास लापता हुआ एमआई-8टी हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। स्थानीय मीडिया ने रविवार को बताया कि बचावकर्मियों ने मलबा ढूंढ लिया है। हालांकि, हेलीकॉप्टर में सवार यात्रियों और चालक दल में से रेस्क्यू टीम को 17 शव मिले हैं। रूसी आपातकालीन स्थिति मंत्रालय के हवाले से सरकारी समाचार एजेंसी तास ने बताया कि हेलीकॉप्टर का मलबा अंतिम ज्ञात स्थान के निकट 900 मीटर की ऊंचाई पर देखा गया। वाइटाज-एयरो एयरलाइन द्वारा संचालित इस हेलीकॉप्टर का शनिवार सुबह उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद संपर्क टूट गया। जब यह लापता हुआ तो इसमें 19 यात्रियों और तीन चालक दल के सदस्यों सहित 22 लोग सवार थे। फेडरल एयर ट्रांसपोर्ट एजेंसी ने बताया कि वाचकाझेट्स ज्वालामुखी के पास एक जगह से उड़ान भरने वाला एमआई-8टी हेलीकॉप्टर मॉस्को समयानुसार सुबह करीब 7:15 बजे निर्धारित कॉल का जवाब देने में विफल रहा।

# स्वास्थ्य योद्धाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**देहरादून।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नौ अगस्त को एक स्वास्थ्य योद्धा के खिलाफ की गई हिंसा को चरम क्रूरता करार दिया। इसे पूरी मानवता को शर्मसार करने वाला बताया। रविवार को एआईएमएस ऋषिकेश में छात्रों व संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे क्रूर कृत्य पूरी मानव सभ्यता को शर्मिंदा करते हैं और भारत के आदर्शों को तहस-नहस कर देते हैं। उपराष्ट्रपति ने इस घटना के संदर्भ में कुछ लोगों के लक्षणात्मक विकृति शब्द के उपयोग पर अफसोस जताते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि ऐसी टिप्पणियां हमारे दर्द को और बढ़ाती हैं और हमारी घायल अंतरात्मा पर नमक छिड़कती हैं। कहा कि जब मानवता को शर्मिंदा किया जाता है, तो कुछ आवाजें होती हैं, जो चिंता का कारण बनती हैं। वे केवल हमारे दर्द को और बढ़ाती हैं। सीधे शब्दों में कहें तो वे हमारी घायल अंतरात्मा पर नमक छिड़क रही हैं। जब यह बातें संसद के सदस्य, वरिष्ठ वकील से आती हैं, तो यह अत्यधिक दोषपूर्ण होती हैं। ऐसे भयंकर विचारों के लिए कोई बहाना नहीं हो सकता।

### महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत: धनकड़

उन्होंने कहा कि मैं ऐसी गलतफहमी में पड़े लोगों से पुनः विचार करने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का आह्वान करता हूं। यह ऐसा अवसर नहीं है, जहां आप राजनीतिक दृष्टिकोण से देख रहे हैं। यह राजनीतिक दृष्टिकोण खतरनाक होता है, यह आपकी वस्तुनिष्ठता को मारता है। उपराष्ट्रपति ने डॉक्टरों के खिलाफ किसी भी प्रकार की हिंसा की निंदा की। उन्होंने स्वास्थ्य पेशेवरों के काम को निष्काम सेवा बताया। डॉक्टरों की सुरक्षा के प्रति चिंता जताते हुए उन्होंने एक ऐसा तंत्र बनाने पर जोर दिया, जिसमें स्वास्थ्य योद्धाओं को पूरी तरह सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने समाज की जिम्मेदारी को उजागर करते हुए महिलाओं को सुरक्षित



महसूस कराने के लिए एक तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जो कुछ भी हुआ, वह जवाबदेही के दायरे में आएगा लेकिन समाज भी जिम्मेदार है। समाज अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। मैं इसे सरकार या राजनीतिक पार्टियों का मामला नहीं बनाना चाहता। यह समाज का मामला है, यह हमारे अस्तित्व की चुनौती है। इसने हमारे अस्तित्व की नींव को हिला दिया है। इसने भारत के आदर्शों को सवाल किया है जो हजारों वर्षों से कायम हैं। इस दौरान डॉ सुदेश धनखड़, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) एवं निदेशक एम्स ऋषिकेश प्रो. मीनू सिंह आदि मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक डाक्टर केवल एक सीमा तक ही मदद कर सकता है। डाक्टर खुद को भगवान में नहीं बदल सकता। वह भगवान के करीब है, इसलिए जब कोई व्यक्ति की मृत्यु होती है, भावनात्मक और अनियंत्रित भावनाओं के कारण डाक्टरों को वह व्यवहार नहीं मिलता जिसके वे हकदार हैं। डॉक्टरों, नर्सों, कंपाउंडर्स और स्वास्थ्य योद्धाओं की सुरक्षा पूरी तरह से सुनिश्चित की जानी चाहिए। एनजीओ के चयनात्मक मौन की आलोचना करते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि कुछ एनजीओ एक घटना पर चुप्पी साध लेते हैं। हमें उनसे सवाल करना चाहिए। उनकी चुप्पी इस घिनौनी अपराध के अपराधियों की दोषपूर्णता से भी बदतर है। जो लोग राजनीति खेलना और राजनीतिक अंक जुटाना चाहते हैं, वे अपनी अंतरात्मा की पुकार का जवाब नहीं दे रहे।

## तेजिंदर सिंह ने वायु सेना उप प्रमुख का कार्यभार संभाला

**नयी दिल्ली।** एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने रविवार को यहां वायु सेना के नये उप प्रमुख का पदभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद एयर मार्शल ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। वायु सेना के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र रहे, एयर मार्शल सिंह को 13 जून, 1987 को वायुसेना के लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त किया गया था। वह 4500 घंटे से अधिक के उड़ान अनुभव के साथ ए श्रेणी के फ्लाइंग प्रशिक्षक हैं तथा रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज एवं राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने एक फाइटर स्क्वाड्रन, एक रडार स्टेशन, एक प्रमुख फाइटर बेस की कमान संभाली है और वह जम्मू एवं कश्मीर के एयर ऑफिसर कमांडिंग थे।



# पूर्व सांसद रिपुन बोरा ने टीएमसी से दिया इस्तीफा

**गुवाहाटी।** राज्यसभा के पूर्व सदस्य रिपुन बोरा ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि असम के लोग ऐसी पार्टी को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं, जिसे वे दूसरे राज्य का मानते हैं। इन चुनौतियों और पर्याप्त समाधान की कमी के मद्देनजर मैं एक कठिन निर्णय लेने के लिए खुद को बाध्य महसूस करता हूं और मैंने खुद को टीएमसी से अलग करने का फैसला किया है। पार्टी प्रमुख को अपना त्यागपत्र भेजते हुए रिपुन बोरा ने कहा कि अप्रैल 2022 में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल होने के बाद से मैंने और मेरी टीम ने असम में पार्टी के विकास के लिए अथक प्रयास किया है।

पार्टी को भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक विकल्प के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया। टीएमसी में शामिल होने का मेरा फैसला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और आपके नेतृत्व के प्रति मेरी प्रशंसा से प्रेरित था और मैंने इस मिशन के लिए पूरे दिल से प्रतिबद्धता जताई। बोरा ने कहा कि असम टीएमसी में काफी संभावनाएं हैं लेकिन कई बार-बार आने वाले मुद्दों ने हमारी प्रगति में बाधा डाली है, जिसमें पश्चिम बंगाल की क्षेत्रीय पार्टी के रूप में टीएमसी की धारणा भी शामिल है। इस धारणा का मुकाबला करने के लिए हमने कई सुझाव दिए, जैसे कि राष्ट्रीय स्तर पर एक असमिया नेता की आवश्यकता, टॉलीगंज में भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका के निवास को एक विरासत स्थल घोषित करना और कूचबिहार में मधुपुर सत्र (वह स्थान जहां से असम के सबसे बड़े समाज सुधारक महापुरुष शंकर देव ने वैष्णव आंदोलन की शुरूआत की थी) को एक सांस्कृतिक केंद्र में परिवर्तित करना। इन चिंताओं को दूर करने के लिए डेढ़ साल से बार-बार प्रयासों के बावजूद मैं असफल रहा हूं।

### असम के लोग दूसरे राज्य का पार्टी मानते हैं : बोरा



## चतुर्दशी पर महाकाल का दिव्य श्रृंगार

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर रविवार को अलसुबह भगवान महाकाल का जलाभिषेक और पंचामृत से अभिषेक पूजन के बाद भांग, चंदन और आभूषणों से दिव्य श्रृंगार किया गया। सुबह भस्म आरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के इस दिव्य स्वरूप के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल की जय के नारे लगाए, जिससे पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया।

# बांग्लादेश में 49 हिंदू शिक्षकों ने दिया इस्तीफा

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में पांच अगस्त को शेख हसीना की सरकार के गिरने के बाद से अब तक हिंसा प्रभावित देश में अल्पसंख्यक समुदायों के कम से कम 49 शिक्षकों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। अल्पसंख्यकों के एक संगठन ने यह जानकारी दी। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई ओइक्या परिषद की छात्र शाखा बांग्लादेश छात्र ओइक्या परिषद ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

संगठन के समन्वयक साजिब सरकार ने कहा कि 76 वर्षीय प्रधानमंत्री हसीना के पद से हटने और उनके देश से जाने के बाद कई दिन तक जारी रही हिंसा में देशभर में अल्पसंख्यक शिक्षकों के साथ मारपीट की घटनाएं हुईं और उनमें से कम से कम 49 को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। साजिब के हवाले से कहा गया कि बाद में उनमें से 19 को बहाल कर दिया गया। सरकार ने कहा कि इस अवधि के दौरान धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों को हमलों, लूटपाट, महिलाओं पर हमले, मंदिरों में तोड़फोड़, घरों और व्यवसायों पर आगजनी और हत्याओं जैसी घटनाओं का भी सामना करना पड़ा। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद और बांग्लादेश पूजा उद्‌जापन परिषद की ओर से संकलित आंकड़ों के अनुसार, हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद से 52 जिलों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर हमले की कम से कम 205 घटनाएं हुईं।

### हसीना के हटने के बाद 52 जिलों में अल्पसंख्यकों हुआ हमला


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


# आठ कंपनियों का एमकैप 1.53 लाख करोड़ बढ़ा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार में तेजी के साथ देश की 10 प्रमुख कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से बीते सप्ताह 1,53,019.32 करोड़ रुपये बढ़ गया। भारतीय एयरटेल, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज सर्वाधिक लाभ में रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 1,279.56 अंक यानी 1.57 प्रतिशत का उछाल आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में शुक्रवार को लगातार नौवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 231.16 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 82,365.77 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 502.42 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,637.03 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 47,194.86 करोड़ रुपये बढ़कर 9,04,587.12 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 33,611.37 करोड़ रुपये बढ़कर 8,06,880.50 करोड़ रुपये रहा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 31,784.9 करोड़ रुपये बढ़कर 16,46,899.17 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 18,734.3 करोड़ रुपये बढ़कर 8,66,374.41 करोड़ रुपये पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 13,396.42 करोड़ रुपये बढ़कर 20,43,107.10 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का एमकैप 5,600.24 करोड़ रुपये बढ़कर 12,44,206.43 करोड़ रुपये रहा। (एलआईसीआई) का मूल्यांकन 2,340.25 करोड़ रुपये बढ़कर 6,73,390.88 करोड़ रुपये और स्टेट बैंक का एमकैप 356.98 करोड़ रुपये बढ़कर 7,27,935.97 करोड़ पहुंच गया। हालांकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर का एमकैप 8,411.54 करोड़ रुपये घटकर 6,52,739.95 करोड़ रुपये और आईटीसी का एमकैप 4,776.48 करोड़ रुपये घटकर 6,27,587.76 करोड़ रुपये रहा। पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे मूल्यवान कंपनी का दर्जा बरकरार रखा है। क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, स्टेट बैंक, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

### एयरटेल, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को सर्वाधिक लाभ




